लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 238, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 14 जुलाई 2024

www.amritvichar.com




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, कौशल विकास से संवरेगा युवाओं का भविष्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।



स्पेशल ट्रेनिंग ले रहे हैं आदित्य रॉय कपूर...13

आज का मौसम: 36.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05:24 | सूर्यास्त 19:12



**विंबलडन की नई रानी**

लंदन। शनिवार को चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजीकोवा ने इटली की जैस्मीन पाओलिनी को महिला एकल फाइनल मुकाबले में हराकर विंबलडन खिताब अपने नाम कर टेनिस की नई रानी बन गईं।

# 7 राज्यों की 13 सीटों में 10 इंडी गठबंधन ने जीतीं

**विस उपचुनावः भाजपा ने दो सीट पर जीत दर्ज की, एक सीट पर निर्दलीय विजयी**

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के शनिवार को आए नतीजों में 'इंडी' गठबंधन के घटक दलों ने 10 सीट और भाजपा ने दो सीट पर जीत दर्ज की जबकि एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार की जीत हुई।

विधानसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को पश्चिम बंगाल की चार, हिमाचल प्रदेश की तीन, उत्तराखंड की दो, पंजाब, मध्य प्रदेश, बिहार और तमिलनाडु की एक-एक सीट पर मतदान हुआ था। इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस, आप, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक ने उम्मीदवार उतारे थे। निर्वाचन आयोग के अनुसार पंजाब में, 'आप' के मोहिंदर भगत ने जालंधर पश्चिम सीट पर भाजपा के शीतल अंगुरल को 37,325 मतों से हराया। तमिलनाडु में द्रमुक के अन्नियूर शिवा ने विक्रवांडी सीट पर जीत दर्ज की। पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में टीएमसी की कृष्णा कल्याणी ने भाजपा के मानस कुमार घोष को हराया। उत्तर 24 परगना जिले की राणाघाट दक्षिण सीट पर तृणमूल कांग्रेस के मुकुट मणि अधिकारी ने भाजपा उम्मीदवार मनोज कुमार बिश्वास को 39048 मतों से हराया। तृणमूल कांग्रेस की मधुपर्णा ठाकुर ने उत्तर 24 परगना जिले की बागदा विधानसभा सीट पर भाजपा के बिनय कुमार बिश्वास को 33455 मतों से पराजित किया। मानिकतला सीट पर तृणमूल प्रत्याशी सुप्ति पांडे ने भाजपा के कल्याण चौबे को 62,312 मतों से हराया। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी एवं कांग्रेस उम्मीदवार कमलेश ठाकुर ने देहरा सीट पर भाजपा के होशियार सिंह को 9,399 मतों से हराया। नालागढ़ में कांग्रेस के हरदीप सिंह बावा ने भाजपा के केएल ठाकुर को हराया। भाजपा ने हमीरपुर सीट जीती है। भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा को 27,041 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के पुष्पिंदर वर्मा को 25,470 वोट मिले। मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा सीट पर भाजपा के कमलेश प्रताप शाह ने कांग्रेस के धीरन शाह इनवती से 3,027 मतों के अंतर से हराया जबकि बिहार की रूपौली सीट पर निर्दलीय शंकर सिंह ने जद (यू) के कलाधर प्रसाद मंडल को 8,246 मतों से हराया।

### बदरीनाथ और मंगलौर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी जीते



काजी निजामुद्दीन और लखपत बुटोला।

**देहरादून।** उत्तराखंड के हरिद्वार जिले की मंगलौर सीट पर कांग्रेस के काजी निजामुद्दीन 449 वोट से विजयी हुए। उन्होंने भाजपा के करतार सिंह भड़ाना को हराया। निजामुद्दीन को 31710 और भड़ाना को 31261 वोट मिले। बसपा प्रत्याशी उबेदुर्रहमान 19552 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। बदरीनाथ सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी लखपत सिंह बुटोला ने भाजपा के राजेंद्र सिंह भंडारी को 5,224 मतों से शिकस्त दी है। बुटोला को कुल 28161 वोट हासिल हुए जबकि भंडारी को 22937 वोट मिले। तीसरे स्थान पर रहे नवल किशोर नेगी को 1813 वोट ही हासिल हुए।

MONTE CARLO
SALE START 20% to 50% वास्तविक छूट
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोवर, ट्रैक सूट, लेडीज जींस, लेडीज टॉप, कुर्ती, फुटवियर, पर्स, साड़ियां, लेडीज सूट, ड्रेसेज
7 DAYS OPEN
SELECTION POINT The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300000 | DD Puram, Bareilly. Mob.7055355111

पढ़ते रहिए... अमृत विचार
मानसून ऑफर ₹5/- प्रतिदिन

# क्षेत्रीय भाषाओं में भी हो कानून की पढ़ाई

## लोहिया विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में प्रधान न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने दी सलाह

**मेधावियों को दिए पदक, मुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्य हुए सम्मिलित**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कानून की पढ़ाई हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी कराई जाए तो अधिकाधिक लोग लाभान्वित होंगे। कानून के सिद्धांतों को यदि हम सरल भाषा में आम जनता को नहीं समझा पा रहे हैं तो इसमें कानूनी पेशे व कानूनी शिक्षा की ही कमी नजर आ रही है। कानून की शिक्षा व जानकारी अधिकाधिक लोगों को उनकी ही भाषा में हो इसके लिए हमें फलदाई और सकारात्मक दिशा में कार्य करना चाहिए।

सीजेआई शनिवार को डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरएमएलएनएलयू) लखनऊ के दीक्षांत समारोह में विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अदालतों को अपने फैसले अंग्रेजी के साथ ही हिंदी व अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी सुनाना चाहिए। क्षेत्रीय भाषा में अपनापन होता है। अनुवादित भाषा कभी-कभी अर्थ का अनर्थ बना देती है।



दीक्षांत समारोह में एक मेधावी को सम्मानित करते सीजेआई डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह। ● अमृत विचार

### ताल-तलैया का अर्थ उत्तर प्रदेश में ही जान पाया

सीजेआई ने बताया कि वे इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी रह चुके हैं। उन्होंने यहीं आकर स्थानीय भाषा में ताल-तलैया का अर्थ जाना। बताया कि अंग्रेजी भाषा की समझ अधिकांश न्यायाधीशों व अधिवक्ताओं को तो होती है, लेकिन भोजपुरी, अवधी, बुंदेली, हिंदी आदि बोलने वाले अधिकतर लोग अंग्रेजी नहीं समझ पाते। हमें ऐसे लोगों की सुविधा का ध्यान रखना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि मां के प्यार का असल भाव अंग्रेजी के अनुवाद से नहीं मिल सकता। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि कानून की शिक्षा से अंग्रेजी को हटा देने के वे पक्षधर नहीं, लेकिन स्थानीय भाषाओं को भी आगे लाए जाने की जरूरत है। क्योंकि न्याय समय पर मिलना आवश्यक है, इसकी सभी को जरूरत है।

### 1950 से लेकर अब तक 37 हजार आदेशों का हिंदी में हुआ अनुवाद

न्यायमूर्ति डा. चंद्रचूड़ ने यह भी बताया कि 1950 से लेकर अब तक 37 हजार जजमेंट का हिंदी में अनुवाद हो चुका है। हिंदी भाषा को आगे बढ़ाने की कई योजनाएं भी चल रही हैं। उन्होंने मुंबई हाईकोर्ट के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकीलों द्वारा हिंदी में रखे गए पक्षों को भी कार्यक्रम में साझा किया।

### सुशासन की पहली शर्त विधि का शासन : मुख्यमंत्री योगी

दीक्षांत समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन की पहली शर्त विधि का शासन है। इसी के लिए ही देश जाना जा रहा है। आमजन की धारणा और देश-दुनिया की धारणा बदलने के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। उन्होंने यह भी कहा कि न्याय संगत व्यवस्था हर किसी को प्रिय है। शर्त है कि न्याय समयबद्ध तरीके से हो। इसके लिए विशेषज्ञ प्रमुख भूमिका निभाते हैं। विधि विवि इस भूमिका की सही राह पर बढ़ चुका है। विधि विवि से उपाधि प्राप्त करने वाले जितने भी स्नातक, परास्नातक और शोधार्थी हैं। वे अपने कार्यों के माध्यम से न सिर्फ विश्वविद्यालय को बल्कि समाज और राष्ट्र को लाभान्वित करके अपने अभिभावकों और गुरुजनों को गौरवान्वित करने का कार्य करेंगे।

इस अवसर पर सीजेआई ने यह भी कहा कि कोर्ट के कई फैसले हिंदी या क्षेत्रीय भाषाओं में न होने से आम लोगों को समझ में नहीं आते हैं। इसलिए जरूरी है कि भाषाई दिक्कतों को दूर किया जाए। यह कोई बड़ी बात नहीं, हम चाहें तो इसे बेहतर कर सकते हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि विधि विश्वविद्यालयों में एलएलबी की पढ़ाई हिंदी में भी कराई जानी चाहिए। क्योंकि अंग्रेजी भाषी विधि विद्यार्थी खसरा-खतौनी की जानकारी मांगने पर बगले झांकने लगते हैं। आमजन की भाषा न जानने वाला उनके साथ न्याय कैसे कर पाएगा।

दीक्षांत समारोह में विधि विषय के मेधावियों को पदक प्रदान किए गए। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, इलाहाबाद हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अरुण भंसाली व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# बिना परमिट चलती मिलीं बसें तो बड़े अफसरों पर कार्रवाई

- उन्नाव हादसे के बाद मुख्यमंत्री सख्त, परिवहन विभाग के अधिकारियों को दी चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उन्नाव हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त तेवर अपनाते हुए कहा कि अगर बिना परमिट सड़कों पर बसें पाई गईं, तो बड़े अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि डग्गामार और बिना परमिट बसों के खिलाफ प्रदेश में बड़ा अभियान चलाया जाय। मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रदेश की सड़कों पर डग्गामार या बिना परमिट कोई बस चलती मिली तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश में चल रही सभी यात्री बसों और स्कूल बसों का परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस और ड्राइवरों की गहनता से जांच की जाय। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव परिवहन को निर्देशित करते हुए कहा कि आखिर डग्गामार और बिना परमिट वाली बसें सड़कों पर कैसे बेरोकटोक घूम रही हैं। ऐसी बसों के खिलाफ पूरी सख्ती के साथ अभियान चलाएं।

### एक माह तक चलेगा सघन अभियान

मुख्यमंत्री के कड़े रुख के बाद परिवहन विभाग के आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने प्रदेश के सभी उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन), सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) को निर्देश दिए हैं कि एक माह तक अनवरत रूप से सड़क अभियान चलाया जाय। इस दौरान यात्री बसों के साथ ही स्कूली वाहनों की भी चेकिंग की जाय। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के विभिन्न टोल प्लाजा पर संभागीय परिवहन अधिकारियों की तिथिवार ड्यूटी लगा दी है।

## एक नजर

### ईडी ने धनशोधन मामले में कई की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में 263 करोड़ रुपये के कथित 'आयकर रिफंड' धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक आईपीएस अधिकारी के पति सहित कई लोगों की संपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी ने पुरुषोत्तम चव्हाण का मुंबई स्थित फ्लैट, राजेश बृजलाल बत्रेजा की लोनावाला और खंडाला की जमीन, अनिरुद्ध गांधी की बैंक में जमा राशि, आरोपी राजेश शेट्टी और भूषण अनंत पाटिल की बीमा योजनाएं और 14.02 करोड़ रुपये की कुछ सावधि जमाएं भी जब्त की हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत ये संपत्तियां कुर्क की गई हैं। ईडी ने इस मामले में अब तक कुल 182 करोड़ की संपत्ति कुर्क की है।

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को एम्स से छुट्टी दी गई

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को शनिवार को यहां एम्स से छुट्टी दे दी गई। दो दिन पहले पीठ में दर्द होने की शिकायत के बाद सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉक्टर रीमा दादा के अनुसार सिंह के पीठ दर्द का उपचार किया गया। उन्होंने कहा कि सिंह को शनिवार अपराह्न दो बजे अस्पताल से छुट्टी दी गई। सिंह को गुरुवार तड़के न्यूरोसर्जरी विभाग के पुराने निजी वार्ड में भर्ती कराया गया था।

# कांवड़ मार्ग पर काटे पेड़ों की तस्वीरें सौंपे : एनजीटी

नई दिल्ली, एजेंसी

- अधिकरण ने कहा-अवैध कटाई पर रोक लगाएं यूपी के अधिकारी

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने भारतीय सर्वेक्षण विभाग को उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा के वास्ते सड़क निर्माण के लिए काटे गए पेड़ों की संख्या का पता लगाने के लिए ऊपरी गंगा नहर क्षेत्र की उपग्रह तस्वीरें दाखिल करने का निर्देश दिया है। अधिकरण ने उत्तर प्रदेश में अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि पेड़ों की अवैध कटाई न हो।

एनजीटी उत्तराखंड सीमा के पास मुरादनगर (गाजियाबाद जिला) से पुरकाजी (मुजफ्फरनगर जिला) तक 111 किलोमीटर लंबे कांवड़ मार्ग की दो लेन के निर्माण के लिए गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर के तीन वन प्रभागों में संरक्षित वन क्षेत्र में एक लाख से अधिक पेड़ों की कटाई से संबंधित मामले की सुनवाई कर रहा था। न्यायाधिकरण ने एक समाचार पत्र की उस रिपोर्ट के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला शुरू किया था, जिसमें खुलासा हुआ था कि उत्तर प्रदेश सरकार ने ऊपरी गंगा नहर के किनारे सड़क के लिए 1.12 लाख पेड़ों को काटने की अनुमति दी थी। बाद में तीन लोगों ने एक आवेदन दायर किया था।

# भूस्खलन के चलते गौमुख से जल नहीं ला पाएंगे कांवड़िए

**देहरादून।** भारी बारिश के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में पहाड़ पर लगातार भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। भूस्खलन व बोल्डर गिरने से कई रास्तों पर आवाजाही बार-बार बाधित हो रही है। कई छोटे पुल व पुलिया क्षतिग्रस्त होने से भी यातायात बाधित हुआ है। संभावित खतरों के चलते उत्तरकाशी जिला प्रशासन ने कांवड़ियों के गौमुख जाने पर रोक लगा दी है। हर साल कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में कांवड़िए गौमुख से जल लेकर आते हैं। लेकिन, गंगोत्री धाम से आगे लकड़ी की पुलियों के क्षतिग्रस्त होने से इस बार कांवड़ यात्रा में कांवड़िए जल लेने गौमुख नहीं जा पाएंगे।

# एसजीपीजीआई में दा विंची एक्सआई रोबोट से हुई दुनिया की पहली सर्जरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- युवक के मूत्राशय में जमा फैट को निकाला गया
- विश्व में दर्ज 231 मामले में यह सबसे ज्यादा जटिल

**अमृत विचार :** संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ (एसजीपीजीआई) के डॉक्टरों ने युवक के मूत्राशय के रास्ते में जमा फैट को रोबोटिक सर्जरी से निकालने में सफलता प्राप्त की है। पेशाब में रुकावट से रोगी के दोनों गुर्दे खराब होने लगे थे। इस दुर्लभ बीमारी को चिकित्सकीय भाषा में पेल्विक लिपोमैटोसिस कहते हैं। डॉक्टर्स का दावा है कि दा विंची एक्सआई रोबोट से की गई विश्व की यह पहली सर्जरी है। डॉक्टरों ने अब तक पूरे विश्व में इस तरह के दर्ज 231 मामलों में इसे सबसे जटिल बताया है।



ऑपरेशन में शामिल डॉक्टर्स की टीम। ● अमृत विचार

यूरोलॉजी विभाग के डॉ. यूपी सिंह ने बताया कि पेशाब में रुकावट व दर्द से परेशान 24 वर्षीय युवक ओपीडी में आया था। जांच में दुर्लभ बीमारी पेल्विक लिपोमैटोसिस का पता चला। पेल्विक क्षेत्र में वसा (फैट) जरूरत से ज्यादा जमा था। मूत्राशय का रास्ता सिकुड़ने से रोगी को बार-बार पेशाब करने जाना पड़ता था। पेशाब रुकने की वजह से रोगी के दोनों गुर्दे में सूजन आ गई थी। डॉ. सिंह ने एनेस्थिसिया के डॉ. संजय धीराज की मदद से ऑपरेशन कर फैट को निकाला। अब रोगी पूरी तरह से ठीक है।

# जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल की शक्तियां बढ़ीं

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल को पुलिस और आईएएस एवं आईपीएस अधिकारियों से संबंधित निर्णय लेने तथा विभिन्न मामलों में अभियोजन की मंजूरी देने के लिए और शक्तियां सौंपी हैं। उपराज्यपाल भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो से संबंधित मामलों के अलावा महाधिवक्ता और अन्य कानून अधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में भी निर्णय ले सकते हैं। जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा वापस लेने के बाद लागू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के तहत जारी नियमों में संशोधन कर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को उपराज्यपाल को ये शक्तियां दीं।

# सीआईसी के पास पीठ गठित करने व नियम बनाने की शक्तियां : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के प्रभावी कामकाज के लिए उसकी स्वायत्तता को सर्वाधिक महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा है कि आयोग के पास पीठ गठित करने और नियम बनाने की शक्तियां हैं। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पिछले बुधवार को कहा कि प्रशासनिक निकायों की स्वायत्तता और स्वतंत्रता उनके निर्धारित कार्यों को प्रभावी ढंग से करने के वास्ते उनकी क्षमता के लिए महत्वपूर्ण है।

पीठ ने कहा कि आयोग की पीठों के गठन से संबंधित नियम बनाने की मुख्य सूचना आयुक्त की शक्तियों को बरकरार रखा जाता है, क्योंकि ऐसी शक्तियां आरटीआई अधिनियम की धारा 12(4) के दायरे में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीआईसी जैसी संस्थाएं विशिष्ट कार्य करने के लिए स्थापित की जाती हैं, जिसके लिए एक स्तर की निष्पक्षता और विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है और ऐसा तभी हो सकता है जब इनमें अनुचित हस्तक्षेप नहीं हो।



- प्रभावी कामकाज के लिए सीआईसी की स्वायत्तता महत्वपूर्ण : सुप्रीम कोर्ट

पीठ ने कहा कि ये नियम आयोग के कुशल प्रशासन और संचालन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपकरण हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी उस फैसले के दौरान की जिसमें उसने दिल्ली हाईकोर्ट के 2010 के निर्णय को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा तैयार किए गए केंद्रीय सूचना आयोग (प्रबंधन) विनियम, 2007 को रद्द कर दिया था तथा कहा था कि सीआईसी को आयोग की पीठ गठित करने का कोई अधिकार नहीं है।

# शाहजहांपुर में बाढ़ से तबाही थमी पर मुसीबतें बरकरार

**कांशीराम कॉलोनी, सुभाषनगर और ककरा क्षेत्र में कमर तक पानी, हजारों लोग अभी भी घरों की छतों पर फंसे**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले को बाढ़ से शनिवार को कुछ राहत मिली लेकिन मुसीबतें बरकरार हैं। कांशीराम कॉलोनी, सुभाषनगर और ककरा क्षेत्र में कमर तक पानी भरा हुआ है। हजारों लोग घरों की छतों पर फंसे हुए हैं। 500 लोग राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं। शनिवार को लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर आवागमन शुरू होने से कुछ राहत मिली लेकिन कानपुर-बरेली हाईवे की ओर रामगंगा ने कटान शुरू कर दिया है।

खन्नौत और गर्रा की बाढ़ ने तीन दिनों में शहर के दर्जनों मोहल्लों और कॉलोनियों में जो तबाही मचाई उसने लोगों को हलकान कर दिया।



कलान में रामगंगा का जलस्तर बढ़ने से कट रही एप्रोच रोड। ● अमृत विचार

अब कुछ राहत है लेकिन तमाम लोग अभी भी बाढ़ में फंसे हुए हैं। जिन क्षेत्रों में पानी घटा है वहां लोग लौटने लगे हैं, लेकिन बाढ़ से घरों का सामान बर्बाद हो गया। राजकीय मेडिकल कॉलेज में जलभराव के चलते स्वास्थ्य सेवाएं ठप हैं। उधर कलान क्षेत्र में रामगंगा का पानी बरेली-कानपुर हाईवे के नजदीक पहुंच गया। बैराजों से पानी और छोड़ा गया तो हाईवे के कटान का खतरा पैदा हो जाएगा।

### बादल फटने की गलत सूचना देने पर रिपोर्ट दर्ज

**देहरादून।** आपदा को लेकर भ्रामक और गलत सूचनाएं प्रसारित करने वालों के खिलाफ सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने कड़ा रुख अपनाया है। धारचूला तहसील में कुलागाड़ में बादल फटने से पुल टूटने और बांध बनने की गलत और भ्रामक सूचना प्रसारित करने वाले व्यक्ति के खिलाफ शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म में शुक्रवार शाम को सीमांत जनपद पिथौरागढ़ की धारचूला तहसील स्थित कुलागाड़ में बादल फटने से पुल टूटने और बांध बहने की सूचना प्रसारित हुई थी।

### बाढ़ में ढहीं 4.19 करोड़ के एफएसटीपी की दीवारें

**पीलीभीत।** शहर को स्वच्छ बनाने को नगरपालिका ने नौगवां पकड़िया में देवहा नदी किनारे जगह चयनित कर 4.19 करोड़ का भारी भरकम बजट एफएसटीपी (फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट) प्लांट पर फूंका। पैसा खपाने और हैंडओवर होने के एक साल बाद भी पालिका ने एफएसटीपी प्लांट चालू नहीं किया। इस बीच देवहा नदी में आई बाढ़ से प्लांट का काफी हिस्सा धराशायी हो गया। दीवारें गिर गईं, वहीं गार्ड रूम समेत फर्श भी धंस गया। कनवेट बेल्ट भी टूटकर बह गई।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के साथ बारिश का अनुमान

36.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- बरेली कॉलेज में सत्र शुरू करने के लिए विभाग प्रभारियों की बैठक दोपहर 12 बजे।
- एसआरएमएस रिद्धिमा में गंगा अवतरण कथक नृत्य शाम 5:15 बजे

**एक नजर**

### तो क्या जर्जर वार्ड में भर्ती होंगे मलेरिया के मरीज

**बरेली, अमृत विचार** : जिला अस्पताल के हार्ट वार्ड के दूसरे परिसर में मलेरिया-डेंगू वार्ड बनाया गया है, लेकिन इस वार्ड की मरम्मत नहीं कराई गई है। जिले में मलेरिया के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वार्ड जर्जर होने से मरीजों परेशानी होगी। अभी वार्ड में कोई मरीज भर्ती नहीं हुआ है। हालांकि, अन्य वार्डों में मरम्मत का कार्य चल रहा है।

### सीयूजीएल के बिल हर महीने देने की मांग

**बरेली, अमृत विचार** : सीयूजीएल की पीएनजी के उपभोक्ताओं को हर माह समय से बिल नहीं मिलने से दिक्कत हो रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि एक साथ चार माह का बिल भेजा जा रहा है, जिससे भुगतान करने में दिक्कत हो रही है। वरिष्ठ नागरिक कल्याण सोसाइटी ने सीयूजीएल के अधिकारियों से मिलकर बिल हर महीने देने की मांग की है। वरिष्ठ नागरिक कल्याण सोसायटी प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमार सक्सेना ने बताया कि हर माह गैस का बिल उपभोक्ताओं को सीयूजीएल की तरफ से मुहैया नहीं कराया जा रहा है। ऐसे में उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ बढ़ रहा है। सीयूजीएल के मीडिया प्रभारी ने बताया कि सिस्टम में काम करने के चलते बिलिंग को रोकना पड़ा था। अब एक महीने में ही उपभोक्ताओं को बिल भेजा जा रहा है।

### आरटीओ में स्टाफ का टोटा, दूसरे जिलों से बुलानी पड़ रही टीम

**बरेली, अमृत विचार** : आरटीओ वर्तमान में स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। मंडल के अन्य जिलों से अधिकारियों को बुलाकर वाहनों की चेकिंग करानी पड़ रही है। आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह ने मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल को पत्र लिखकर नए स्टाफ की तैनाती की मांग की है। लोकसभा चुनाव से पहले आरटीओ के पास ओवरलोड और डग्गामार वाहनों को पकड़ने के लिए अच्छी खासी टीम थी। इसमें दो एआरटीओ प्रवर्तन के साथ तीन पीटीओ भी मौजूद थे, लेकिन चुनाव के दौरान वाहनों के अधिग्रहण के मामले में लापरवाही करने पर एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कर्दम को मुख्यालय की तरफ से निलंबित कर दिया गया था। पीटीओ आरिफ खान, मुन्ना लाल, होरी लाल का ट्रांसफर हो चुका है। इसके बाद चेकिंग के लिए सिर्फ एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम संदीप जायसवाल ही बचे, लेकिन वह मेडिकल लीव पर चल रहे हैं। अब ऐसे में जिले में सिर्फ आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह ही बचे हैं। स्थिति यह है कि पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर से अन्य अधिकारियों को बुलाकर चेकिंग कराई जा रही है। आरटीओ ने बताया कि इस संबंध में मंडलायुक्त को पत्र लिखा गया है।

# मुसीबत : किला उपकेंद्र के ट्रांसफार्मर में खराबी से रात भर गुल रही बिजली

## सिविल लाइंस में रात में फाल्ट से और दिन में मरम्मत कार्य की वजह से आपूर्ति रही बाधित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जगतपुर में नया ट्रांसफार्मर लगा लेकिन उपकेंद्र का जंपर उड़ने से आपूर्ति हुई प्रभावित



किला उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मर को ठीक करते कर्मचारी।

**अमृत विचार** : किला उपकेंद्र पर 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर में शुक्रवार रात खराबी आने से क्षेत्र में बिजली संकट छा गया। अलग-अलग इलाकों में रोस्टिंग से आपूर्ति की गई। वहीं जगतपुर में जगतपुर में खराब ट्रांसफार्मर की जगह दूसरा लगाया गया लेकिन इसके बाद उपकेंद्र में जंपर टूटने से आपूर्ति बाधित हो गई। सिविल लाइंस में शुक्रवार रात फाल्ट की वजह से तो शनिवार दिन में आरडीएस योजना के तहत काम की वजह से शटडाउन की वजह से दिक्कत हुई।

जगतपुर में मंगलवार की रात उपकेंद्र पर बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। शुक्रवार को नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति को बहाल कराया गया। जगतपुर में ट्रांसफार्मर की खराबी दूर हुई शनिवार को जंपर टूटने से क्षेत्र में बिजली गुल हो गई। वहीं शुक्रवार की रात किला उपकेंद्र पर 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर में दिक्कत होने से पूरी रात बिजली गुल रही। शनिवार को सुबह 11 बजे दिक्कत दूर हुई। वहीं किला के गढ़ैया इलाके में शुक्रवार को 10 घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। अधिकारियों को फोन करने के बाद भी उनके नंबर नहीं उठे। वहीं सिविल लाइंस के स्टेशन रोड, स्टेट बैंक कॉलोनी, आवास विकास कॉलोनी, भटनागर कॉलोनी, सर्किट हाउस चौराहा समेत अन्य जगह पर फाल्ट की वजह से बिजली गुल रही। शनिवार को सिविल लाइंस इलाके में आरडीएसएस योजना के तहत नियाजी कॉलोनी, एलआईयू और एसएसपी कार्यालय के पास क्षतिग्रस्त केबल को बदला गया। इसके अलावा किला उपकेंद्र के इंग्लिशगंज इलाके में ट्रांसफार्मर में खराबी ह की वजह से सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक बिजली गुल हो गई। क्षेत्र में ट्राली ट्रांसफार्मर लगाकर आपूर्ति को बहाल कराया गया। वहीं कुतुबखाना और कोहाड़पीर से जुड़े इलाकों में भी फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या रही। राधा माधव उपकेंद्र से जुड़े चंदपुर बिचपुरी गांव में 10 दिन से बिजली कटौती की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार शिकायत के बाद भी कर्मचारी फाल्ट ठीक करने नहीं आ रहे हैं।

### सीबीगंज क्षेत्र में आरडीएसएस योजना के तहत होंगे काम, आज गुल रहेगी बिजली

सीबीगंज उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में रविवार को आरडीएसएस योजना के तहत काम कराए जाने के लिए शट डाउन लिया जाएगा। एसडीओ सीबीगंज रोहित सिंह ने बताया कि बरेली टू फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 से 11 बजे तक बाधित रहेगी। इसकी वजह से मिनी बाईपास, अर्चना रेजीडेंस, वसंत बिहार, ग्रेटर आकाश कॉलोनी, मठ लक्ष्मीपुर, अवध धाम, हंसनगर, हार्टमन आदि क्षेत्र में कटौती की जाएगी।

"किला उपकेंद्र पर लगे ट्रांसफार्मर में दिक्कत होने की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित होने रोस्टर के हिसाब से अलग-अलग इलाकों में बिजली आपूर्ति दी गई थी। शनिवार की सुबह को ट्रांसफार्मर को ठीक करा दिया गया। – **सत्येन्द्र चौहान**, अधिशासी अभियंता

# कायाकल्प की टीम ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

- वार्डों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

**बरेली, अमृत विचार** : शासन की ओर से आई कायाकल्प की दो सदस्यीय टीम शनिवार को जिला अस्पताल पहुंची। इस दौरान टीम ने अस्पताल में मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। कुछ वार्डों में गंदगी मिलने पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

टीम में शामिल पीलीभीत जिला अस्पताल के डॉ. एसके सिंह और तिलहर सीएचसी पर तैनात ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर डॉ. जिया-उल-हक ने इमरजेंसी वार्ड में व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान उन्होंने मरीजों और चिकित्सकों से भी संवाद किया। वार्डों में सफाई व्यवस्था पर भी नजर डाली। मेडिकल सुपरिंटेन्डेंट डॉ. एलके सक्सेना ने बताया कि टीम निरीक्षण के बाद काफी संतुष्ट नजर आई। पार्किंग में शेड का निर्माण, कुछ वार्डों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और मरीजों की सहूलियत के लिए परिसर में साइन बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए हैं।

# स्वयं सहायता समूह को ऋण देने में कई बैंक पीछे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एलडीएम ने सभी बैंकों को लक्ष्य बढ़ाने के दिए निर्देश

**अमृत विचार** : स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को ऋण उपलब्ध कराने के मामले में जिले की बैंक फिसड्डी साबित हो रही हैं। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत शासन की ओर चार महीने पहले 4 हजार पात्रों को ऋण देने का लक्ष्य दिया गया था। तीन माह बीतने के बाद महज 1300 सहायता समूहों को ही ऋण उपलब्ध कराया जा सका है।

जिले में करीब 12 हजार स्वयं सहायता समूह हैं। एलडीएम कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 31 मार्च 2024 तक 2240 आवेदन 41 बैंकों की 431 शाखाओं में आए थे। जिनके सापेक्ष 1086 आवेदन स्वीकृत किए गए। 394 आवेदन अभी लंबित हैं।

स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं अक्सर ऋण देने के मामले में बैंकों पर टालमटोल करने का आरोप लगाती रहती हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से 91, केनरा बैंक में दो, सेंट्रल बैंक में आठ, पंजाब व सिंध बैंक में 19, एसबीआई में 62, बड़ौदा यूपी ग्रामीण में 1267 स्वयं सहायता समूहों को ऋण दिया गया है। वहीं, वित्तीय वर्ष 2023- 24 में बैंक ऑफ बड़ौदा में 156, केनरा बैंक में 9, सेंट्रल बैंक में 22, पंजाब व सिंध बैंक में 15, पीएनबी में 45, एसबीआई में 212, बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक में 2167 स्वयं सहायता समूहों को ऋण उपलब्ध कराया गया। एनआरएलएम योजना के तहत यह लोन बिना गारंटी के दिया जाता है। इसमें 20 लाख रुपए तक का ऋण स्वयं सहायता समूहों को उपलब्ध कराया जाता है।

एलडीएम वीके अरोरा ने बताया कि समूहों की महिलाओं की ओर से बैंक की ओर से ऋण न देने के मामले में परेशान करने की शिकायत अभी तक सामने नहीं आई है।

अगर ऐसा है तो शिकायत के आधार परप्रशासनिक अधिकारियों को सूचित किया जाएगा। बैंकों को स्वयं सहायता समूहों को निर्धारित मानकों के अनुरूप ऋण उपलब्ध कराने को लेकर निर्देशित किया जाएगा।

# बाढ़ से खराब हुए रेलवे ट्रैक को जल्द से जल्द बहाल करने पर जोर



रिस्टोरेशन कार्यों का निरीक्षण करते रेलवे के अधिकारी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रमुख मुख्य इंजीनियर और डीआरएम ने किया रेलवे ट्रैक का निरीक्षण

**अमृत विचार**: भारी बारिश के कारण भोजीपुरा-पीलीभीत रेल खंड, पीलीभीत-शाही, माला-शाहगढ़ स्टेशनों के बीच कटान होने के कारण रेल यातायात बाधित हो गया था। इसके बाद वहां पर रेस्टोरेशन किया जा रहा है। शनिवार को प्रमुख मुख्य इंजीनियर पूर्वोत्तर रेलवे रंजन यादव ने मंडल रेल प्रबंधक इज्जतनगर रेखा यादव के साथ ट्रैकों का निरीक्षण कर जल्द से जल्द यातायात बहाल करने के निर्देश दिए।

इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि वरिष्ठ रेल अधिकारियों की निगरानी में इन रेल खंडों पर रेल संचालन बहाल करने के लिए रेस्टोरेशन किया जा रहा है। इसके अलावा नदियों के जलस्तर पर लगातार निगरानी भी रखी जा रही है। भोजीपुरा-पीलीभीत रेल खंड पर शाही के पास देवहा नदी में आई बाढ़ के कारण कटान के बाद रेस्टोरेशन के लिए 172 कर्मचारी, तीन पोकलैंड, पांच जेसीबी, 16 टैक्टर-ट्रॉली, एक हाइड्रा, छह वाटरपंप, एक बोट के जरिए कार्य किया जा रहा है। शनिवार शाम तक 1150 घन मीटर बोल्डर, 300 घन मीटर आरबीएम को साइट पर डाला जा चुका था। रेलवे की टीमें लगातार 24 घंटे कार्य कर रही हैं।

### 20 से ज्यादा ट्रेनें अब भी प्रभावित

भोजीपुरा-पीलीभीत रेल खंड पर देवहा नदी पर बाढ़ से हुए कटान के कारण शनिवार को भी 20 से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित रहीं। यह रेल खंड पूरी तरह बंद हो गया है। 12036 पूर्णागिरी जनशताब्दी का संचालन निरस्त रहा। रविवार को यह ट्रेन इज्जतनगर में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। इसके अलावा 05061 मथुरा-टनकपुर, 15075 त्रिवेणी एक्सप्रेस, 15075 टनकपुर शक्तिनगर एक्सप्रेस का संचालन निरस्त रहा। ये ट्रेनें रविवार को भी निरस्त रहेंगी।

# पहले टैंपिंग मशीन को क्रॉस कराया फिर ब्लॉक के लिए रोकी अवध असम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गर्मी की वजह से ट्रेन में बैठे यात्री हुए परेशान, यार्ड में 20 और प्लेटफार्म पर 40 मिनट रुकी ट्रेन



जंक्शन पर खड़ी अवध असम एक्सप्रेस।

**अमृत विचार** : टैंपिंग मशीन को लाइन नंबर एक से क्रॉस कराने के लिए 20 मिनट अवध असम एक्सप्रेस को यार्ड में रोका गया। ट्रेन जैसे-तैसे प्लेटफार्म पर आई तो 40 मिनट प्लेटफार्म पर खड़ा रखा। इस वजह से ट्रेन में बैठे यात्रियों को दिक्कत हुई।

दोपहर करीब 1 बजे लाइन नंबर एक से अचानक रेल पथ विभाग की टेंपिंग मशीन को गुजारा जाने लगा। जबकि यार्ड में पहले से अवध असम एक्सप्रेस खड़ी थी। टैंपिंग मशीन क्रास होने के बाद 15910 अवध असम एक्सप्रेस को यार्ड से चलाया गया। ट्रेन प्लेटफार्म एक पर खड़ी कर दी गई। काफी देर तक ट्रेन नहीं चली तो यात्री स्टेशन मास्टर कार्यालय और सहयोग केंद्र पर पूछताछ करने लगे। यात्रियों को बताया गया कि आगे रेल सेक्शन में ब्लॉक चल रहा है जिसकी वजह से ट्रेन को रोका गया है। दोपहर करीब 2 बजे ट्रेन को प्लेटफार्म 1 से 2 घंटे की देरी से चलाया गया। गर्मी की वजह से यात्रियों को परेशानी हुई। स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि कंट्रोल रूम के आदेश पर ब्लॉक होने के कारण ट्रेन को रोका गया था।

**खतरा मोल लेकर यार्ड में उतरे यात्री** : अवध असम एक्सप्रेस काफी देर यार्ड में खड़ी रही तो परेशान होकर यात्रियों यार्ड में ही उतरना शुरू कर दिया। पटरियों को क्रास कर रेल यात्री जान का जोखिम उठाते दिखे। जबकि इधर प्लेटफार्म पर खड़े यात्री ट्रेन में सवार होने का इंतजार करते रहे। तमाम यात्रियों ने यार्ड में उतरकर प्लेटफार्म तक का सफर तय किया। बहुत से लोग मालगोदाम रोड को जाने वाले सड़क की ओर से निकल गए।

### कॉशन की वजह से कई ट्रेनें देरी से पहुंचीं

पीतांबरपुर से रोजा के बीच करीब आधा दर्जन रेलवे पुलों पर जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। इन पुलों से गुजरने वाली ट्रेनों को 30 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से गुजारा जा रहा है। रेलवे ने अलग-अलग सेक्शन में कॉशन लगा दिए गए हैं। इसकी वजह से शनिवार को 12327 उपासना एक्सप्रेस 1 घंटा 36 मिनट, 14649 सरयू यमुना एक्सप्रेस 4 घंटा 19 मिनट, 15715 गरीब नवाज एक्सप्रेस 2 घंटा 46 मिनट, 1253 हावड़ा लालकुआं सुपरफास्ट 2 घंटा, 12211 आनंद विहार गरीब रथ एक्सप्रेस 2 घंटा 29 मिनट, 22545 वंदे भारत एक्सप्रेस 1 घंटा 10 मिनट, 15909 अवध असम एक्सप्रेस एक घंटा की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंची।

# हाईवे पर पानी कम होने से चलने लगीं शाहजहांपुर की बसें

**बरेली, अमृत विचार** : शाहजहांपुर में हाईवे पर जलभराव कम होने के बाद शनिवार से बसों का संचालन शुरू हो गया। बरेली से भी शाहजहांपुर और उससे आगे की बसें जाने लगीं, जिससे यात्रियों ने राहत की सांस ली।

एआरएम अरुण कुमार बाजपेयी ने बताया कि सड़क पर पानी भरने की वजह से बसों का संचालन बंद था, जिसे अब बहाल कर दिया गया है।

# दो साल से खराब है जिला महिला अस्पताल की लिफ्ट

**बरेली, अमृत विचार** : जिला महिला अस्पताल की ओपीडी में लगी लिफ्ट करीब दो साल से ठप है। इसकी वजह से मरीजों को दिक्कत हो रही है। अफसर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

अस्पताल नेशनल क्वालिटी अश्योरेंस स्टैंडर्ड के मानकों पर खरा उतर चुका है, लेकिन अस्पताल में लगातार अव्यवस्थाएं हावी हैं। दो साल पहले दूसरे जिलों के स्वास्थ्यकर्मी प्रशिक्षण के बाद लिफ्ट में चढ़े तो क्षमता से अधिक भार होने की वजह से लिफ्ट में तकनीकी खराबी आ गई थी। इसके बाद से लिफ्ट का संचालन ठप है। अस्पताल प्रबंधन को सुविधाओं में सुधार करने के लिए बजट भी जारी किया गया, लेकिन इसके बाद भी स्थिति जस की तस है। सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि कुछ तकनीकी कमियां हैं, जिन्हें जल्द ही दुरुस्त करा दिया जाएगा।

# जगतपुर में आठ दिन से पेयजल संकट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पानी की सप्लाई न होने से लोग परेशान, बस एक घर में लगे हैंडपंप का ही सहारा



जगतपुर में एक घर में लगे नल से पानी लेने के लिए पहुंचीं महिलाएं। • अमृत विचार

**अमृत विचार** : जगतपुर के लोग अजीबोगरीब संकट की स्थिति से जूझ रहे हैं। यहां पर गलियों में तो इतना पानी भरा है कि लोगों का सड़कों से निकलना मुश्किल हो रहा है, जबकि घरों में पानी की सप्लाई ठप पड़ी है। ऐसे में क्षेत्रवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सब ने अधिकारियों से समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

क्षेत्र में रहने वाले लोगों के अनुसार आठ दिनों से मोहल्ले में पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। न यहां बिजली का पता है, न ही पानी का। मोहल्ले के मात्र एक घर में हैंडपंप लगा है। बाकी घरों में मोटर आदि के माध्यम से लोगों ने व्यवस्था कर रखी है। लोगों के अनुसार बिजली न आने से मोटर भी नहीं चल पा रही है। सारे घरों के लोग हैंडपंप वाले मोहल्ले के एकमात्र घर से ही पानी भरने को मजबूर हैं। ऐसे में उस घर में सुबह से ही पानी लेने वालों की भीड़ लग जाती है। वहीं दूसरी ओर गलियों में बारिश का पानी भर गया है, जिससे लोगों को घर से काम पर जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले वालों के अनुसार उनकी समस्या की ओर कोई भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहा है।

### लोगों ने बयां किया दर्द

आठ दिन से पानी की सप्लाई नहीं आ रही है। इससे हम लोगों को बहुत ज्यादा समस्या हो गई है। जैसे-तैसे किसी तरह काम चला रहे हैं। **–रज्जो**

हमारे घर से दूर एक घर में हैंडपंप लगा है। छोटे-छोटे बच्चे तक वहां से पानी लेकर आ रहे हैं। पानी की समस्या को लेकर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। **–रेशमा**

मोहल्ले में लाइट और पानी की समस्या है। मोहल्ले के केवल एक घर में हैंडपंप लगा है। अगर वह घर वाले भी मना कर दें तो श्मशान पर लगे नल से ही पानी भरा जा सकता है। **–हिना**

आठ दिनों से पानी की सप्लाई ठप पड़ी है। बिजली नहीं आने से मोटर भी नहीं चल पा रही है, जो पानी निकाला जा सके। ऐसे में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। **–नबी**






















# नदी और तालाब में डूबने से दो बच्चों समेत पांच की मौत

## हाफिजगंज में बहगुल नदी में नहाते समय डूबे दो बच्चे , बारिश के मौसम में इस वर्ष अब तक 15 लोगों की गई जान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्र में नदी और तालाब में डूबने से तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। इस वर्ष बारिश के मौसम में पानी में डूबने से अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 14 लोगों की देहात क्षेत्र में और एक की शहर में मौत हुई है।

हाफिजगंज क्षेत्र के गांव कमुआ में नदी में नहाने के दौरान दो बच्चों की डूबकर मौत हो गई। दोनों बच्चे पशुओं को नहलाने जा रहे थे दादा के साथ गए थे। दादा ने बच्चों को वापस भेज दिया था लेकिन वह फिर से पहुंच गए थे। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों बच्चों के शव नदी से निकाले।

गांव कमुआ निवासी रामचरण शनिवार सुबह 10 बजे पशुओं को नहलाने के लिए बहगुल नदी गए थे। इसी दौरान उनके पौत्र अनुज (7) पुत्र मुरालीलाल और हिमांशु (8) पुत्र कांता प्रसाद भी उनके पीछे-पीछे आने लगे। जब रामचरण ने देखा तो चचेरे-तहेरे भाइयों को डांटकर घर भेजा लेकिन कुछ देर बाद दोनों नदी में नहाने चले गए। दोनों नदी किनारे एक गड्ढे में नहाते-नहाते पहुंच गए। रामचरण पशुओं को नहलाकर वापस घर लौटे तो बच्चों को उनके साथ न देखने पर परिजनों ने पूछा। जिस पर सभी बच्चों की तलाश करने निकल पड़े। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को नदी से बाहर निकाला और अस्पताल लेकर गए लेकिन डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. एमपी आर्या, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के साथ ही तहसीलदार गांव पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया। हाफिजगंज थाना प्रभारी जगत सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों बच्चों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।



नकटिया नदी में तेजी से बढ़ रहा है जल स्तर। ● अमृत विचार





हिमांशु और अनुज का फाइल फोटो

> नदी में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई है। पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।
>
> **– मुकेश चन्द मिश्रा**, पुलिस अधीक्षक उत्तरी

### डूबने से अब तक इनकी हुई मौत

- 5 जुलाई को मीरगंज के शीशखेड़ा में खर्रा नदी के शाहरुन ( 14 ) का पैर फिसलने से डूबकर मौत हो गई।
- 8 जुलाई को फरीदपुर के गांव नौगंवा के विकास, गांव बिशीपुरा के सुमित, गांव जेठ के रविंद्र और गांव वडरा कासिम के अतुल की मौत हो थी।
- 11 जुलाई को शाही क्षेत्र के गांव बीथम नौगवां के सत्यवीर ( 13 ) की नदी में डूबने से मौत हुई।
- 11 जुलाई को भमोरा के अरिल नदी में रेलवे के पुल से नहाते समय शिवा ( 15 ) की डूबने से मौत हो गई

### बुआ की शादी में शामिल होने आए थे हिमांशु के पिता

हिमांशु के पिता कांता प्रसाद दिल्ली में परिवार के साथ रहकर मजदूरी करते हैं। परिवार में बुआ की शादी थी। जिसमें शामिल होने के लिए वह दो दिन पहले बच्चों के साथ गांव आए थे। हादसे के बाद कांता प्रसाद का रो-रो कर बुरा हाल है। रोते हुए उन्होंने कहा कि अगर पता होता कि यह हादसा हो जाएगा, तो शादी में नहीं आते।

### खेत देखने गए युवक की नदी में डूबने से मौत



**मीरगंज, अमृत विचार :** मीरगंज क्षेत्र में घर से खेत देखने गए युवक का पैर फिसलने से बहगुल नदी में डूबकर मौत हो गई। गांव दिवना निवासी प्रमोद सिंह (38) शुक्रवार शाम 4 बजे खेत पर गया था लेकिन रात तक नहीं लौटा। परिजनों ने तलाश की लेकिन पता नहीं चला। परिजनों ने खेत पर जाकर देखा तो वहां मिट्टी पर फिसलने के निशान थे और पास में चप्पल पड़ी थीं। इसके बाद गोताखोरों की मदद से उसकी नदी में तलाश शुरू की गई लेकिन पता नहीं चला। शनिवार सुबह एसडीएम तृप्ति गुप्ता, तहसीलदार विशाल कुमार शर्मा एनडीआरएफ की टीम लेकर प्रमोद सिंह के खेत के पास पहुंचे। नदी में पानी का बहाव भी अधिक था। एनडीआरएफ टीम ने 4 घंटे की मशक्कत के बाद शव को नदी से बाहर निकाला।

### तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

**फरीदपुर, अमृत विचार :** फरीदपुर क्षेत्र के गांव पचौमी में एक बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। शनिवार दोपहर मुकेश ठाकुर का पुत्र राजा (10) घर के बाहर दोस्तों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान बच्चे गांव के तालाब में नहाने चले गए। नहाते समय राजा गहरे पानी में चला गया और गोते खाने लगा। बच्चों ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से बच्चे को बाहर निकाला और उसे लेकर अस्पताल गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नायब तहसीलदार अभिषेक तिवारी ने घटना का स्थलीय निरीक्षण किया। मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। क्षेत्र में अब तक डूबने से पांच अन्य लोगों की मौत हो चुकी है।

### 24 घंटे बाद मिला नदी में डूबे युवक का शव

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** देवरनियां नदी में डूबे युवक का शनिवार को घटनास्थल से करीब 30 मीटर दूर शव मिला। शव खोजने के लिए रामगंगा से किराये पर गोताखोरों को बुलाना पड़ा। भोजीपुरा के पीपलसाना चौधरी निवासी नरेंद्र पाल (35) शुक्रवार को दोपहर 12:30 बजे देवरनियां नदी में केकड़ा पकड़ने गया था। पैर फिसलने से वह नदी में डूब गया। नदी में गाय नहला रहे बाबूराम ने बचाने की कोशिश, लेकिन वह गहरे पानी में चला गया था। शुक्रवार की शाम तक गांव के गोताखोरों ने शव खोजने की कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। थानाध्यक्ष रामरतन सिंह ने लखनऊ मुख्यालय पर गोताखोरों को बुलाने के लिए रिपोर्ट भेजी, लेकिन सरकारी गोताखोर नहीं आ सके। परिजनों के कहने पर प्रधान वीरेंद्र शाही ने रामगंगा से 10 हजार रुपये देकर गोताखोर बुलाए। गोताखोरों ने करीब 12 बजे शव घटनास्थल से 30 मीटर दूर बरामद किया।

# बारिश के बाद धूप खिली तो बढ़ी गर्मी

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में दो दिन से बारिश के बाद तेज धूप खिलने की वजह से गर्मी बढ़ गई है। मौसम विभाग ने दो दिन मध्यम से भारी बारिश और उसके बाद बादल छाए रहने का अनुमान जताया है।

शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक 35.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 24.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 15 जुलाई तक मध्यम से भारी बारिश की आशंका है। 16 जुलाई को हल्की से मध्यम बारिश और 18- 19 जुलाई को धूप व बारिश की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने का पूर्वानुमान है।

# गोदामों में पानी भरने से चार हजार बोरी चावल बर्बाद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 10 राइस मिलर्स को करीब दो से ढाई करोड़ रुपये का नुकसान
- विदेश में निर्यात होने वाला प्रीमियम किस्म चावल था बोरियों में

**अमृत विचार :** चावल के हब रिछा इंडस्ट्रीयल कलस्टर के 10 राइस मिलर्स का प्रीमियम क्वालिटी का करीब चार हजार बोरी चावल गोदामों में पानी भरने से खराब हो गया है। राइस मिल मालिकों का दावा है कि इससे दो से ढाई करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। बीमा कंपनी ने सर्वे कर लिया है। फिलहाल, कितनी नुकसान की भरपाई हो सकेगी, यह बीमा कंपनी के अफसर तय करेंगे।

रिछा इंडस्ट्रीयल कलस्टर में 55 राइस मिल हैं। इन मिलों में मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, हरियाणा सहित पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई जगहों से धान आता है। यहां से प्रीमियम क्वालिटी का चावल बनाकर विदेशों में निर्यात किया जाता है। जिले में हुई ग्रांउड ब्रेकिंग सेरेमनी में राइस मिलर्स ने अपनी इकाइयों के विस्तार के लिए करोड़ों रुपये के निवेश के प्रोजेक्ट शामिल किए थे।

रिछा-जहानाबाद मार्ग स्थित इस औद्योगिक क्षेत्र में राइस मिलर्स के गोदाम भी हैं। इन्हीं गोदामों में चावल रखा जाता है। पिछले सप्ताह हुई बारिश, किच्छा नदी का पानी और डैम से पानी छोड़े जाने से रिछा टाउन सहित चावल का हब भी प्रभावित हुआ है। पानी भरने से गोदामों में रखा चावल खराब हो गया। फिलहाल, अब गोदामों से पानी निकलवाने का काम शुरू हो चुका है।

### असहाय होकर नुकसान होता देख रहे थे

राइस मिलर्स के अनुसार लगातार हुई बारिश के बाद जब वे गोदाम की स्थिति देखने आए तो दंग रह गए। उन्हें इस बात का अंदेशा नहीं था कि औद्योगिक क्षेत्र में इतना पानी भर सकता है। बारिश और बाढ़ से गोदाम में पानी बढ़ रहा था। गोदामों में हजारों चावल के कट्टे रखे थे। ऐसे में वे असहाय होकर नुकसान होता देखते रहे। सभी के पास प्रीमियम किस्म का चावल था। इन्हें विदेशों में भेजना था, लेकिन गोदामों में पानी भरने हजारों बोरी चावल बर्बाद हो गया।

### पहली बार इतना पानी आया खराब हो गया चावल

सुप्रीम एग्रो मिल के मो . आरिफ ने बताया कि गोदाम में पानी भरने से एक ग्रेड और बासमती चावल की सैकड़ों बोरियां खराब हो गई हैं। क्षेत्र में नालों की सफाई नहीं होने और बारिश के साथ किच्छा नदी और डैम का भारी मात्रा में पानी आने से यह समस्या आई है। पहली बार इतना पानी आया है।



मैं रिछा टाउन में रहता हूं। मिल में पानी भरने से करीब दो हजार कट्टा चावल खराब हुआ है। दो से तीन करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। **-मो . सरफराज**, राजधानी मिल



गोदाम में पानी भरने से 200 कट्टा चावल खराब हो गया है। एक्सपोर्ट क्वालिटी का चावल था। दो दिन पानी गोदाम में पानी भरा रहा। फिलहाल, अब कम हुआ है। **-मो . निजाम**, कादरी राइस मिल



प्रीमियम क्वालिटी का 400 कट्टा चावल खराब हुआ है। लगातार बारिश हो रही थी, माल कैसे संभाल सकते थे। करीब 10 लाख का नुकसान हुआ है।
**-मो . वासिफ**, ग्लोब एग्रो इंडस्ट्री



मंडलायुक्त और जिलाधिकारी से रिछा टाउन एवं इंडस्ट्रीयल एरिया को बाढ़ ग्रस्त घोषित करने की मांग की है। करीब तीन करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।
**-मोहम्मद आरिफ**, अध्यक्ष राइस मिलर्स एसोसिएशन, रिछा

# डिजिटल अरेस्ट : पार्सल में गैर कानूनी सामान बता 10 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीड़ित ने थाना साइबर क्राइम में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** पार्सल में गैर कानूनी सामान बताकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट कर लिया और खातों की जांच के बहाने 10 लाख रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित ने थाना साइबर क्राइम में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बारादरी के अग्रसेन नगर बीसलपुर रोड निवासी प्रमोद कुमार राठौर ने बताया कि 24 अप्रैल को सुबह 8:38 बजे उनके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि वह एक फेडेक्स कर्मी है। उसने नाम, आधार कार्ड ओर फोन नंबर की जानकारी लेने के बाद कहा कि एक पार्सल थाईलैंड जाना था, जिसे रोक लिया गया है, क्योंकि उसमें गैर कानूनी सामान है। प्रमोद ने पार्सल अपना होने से मना किया तो उसने कहा कि मुंबई क्राइम ब्रांच में रिपोर्ट दर्ज करानी होगी। उसके बाद उसने कॉल ट्रांसफर कर दी, जहां पर एक व्यक्ति ने स्वयं को सीबीआई अधिकारी बताते हुए स्काइप एप पर वीडियो रिकार्डिंग के माध्यम से बयान दर्ज कराने को कहा।

आरोपी ने स्काइप आईडी ज्वाइन करने को कहा। इसके बाद सभी बातचीत स्काइप एप के माध्यम से करने को कहा। उसने कहा कि उनके खिलाफ मनीलॉन्ड्रिंग, ड्रग्स स्मगलिंग और ह्यूमन ट्रैफिकिंग के मामले दर्ज हैं। आरोपियों ने उन्हें डिजिटल तरीके से हिरासत में ले लिया। इसके बाद लोन के दस्तावेज भेजे और डराया धमकाया गया। आरोपियों ने कहा कि खातों में बड़ी रकम की जानकारी की जाएगी। इसके लिए दस लाख रुपये देने होंगे। आरोपियों के कहने पर उन्होंने एचडीएफसी बैंक के खाते में दस लाख रुपये भेज दिए।

### बेटी की गिरफ्तारी की सूचना देकर ठगी की कोशिश

**बरेली, अमृत विचार :** साइबर ठगों ने बेटी की गिरफ्तारी की सूचना देकर ठगी की कोशिश की। पीड़ित ने किला थाना में तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया कि उनकी बेटी एक कोचिंग सेंटर में पढ़ती है। 13 जुलाई को उनके पास अज्ञात नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को इंस्पेक्टर बताते हुए कहा कि उनकी बेटी स्कैम में फंस गई है। उसके लिए पुलिस कर्मियों ने पीटा है, जिससे आपकी बेटी की नाक और मुंह से खून बह रहा है। उन्होंने तुरंत कॉल कट की और कोचिंग में पहुंचे। वहां पता चला कि उनकी बेटी पढ़ रही है। इसके बाद पिता को एहसास हुआ कि किसी ने ठगी करने के लिए उन्हें फोन किया था। उन्होंने बताया कि आरोपी उनसे अब भी व्हाट्सएप कॉल करके परेशान कर रहा है।

### टेलीग्राम पर टॉस्क पूरा कराने के बहाने 50 लाख रुपये की ठगी

**बरेली, अमृत विचार :** टेलीग्राम पर टॉस्क पूरा करने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से 50 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने थाना साइबर क्राइम में शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रेमनगर के राजेंद्र नगर निवासी धनेश जिंदल ने थाना साइबर क्राइम में शिकायत की कि अज्ञात व्यक्ति ने उनका नंबर व्हाट्सएप के ओपन डिजाइंस इंडिया ग्रुप से जोड़ दिया। ग्रुप में टॉस्क करने को कहा गया था और बदले में रकम मिलने का लालच दिया गया। उन्होंने टॉस्क पूरे करने शुरू कर दिए, जिसके बदले में उनके खाते में कुछ रकम भी आई। इसके बाद उसी व्यक्ति ने पांच अलग-अलग टेलीग्राम चैनल से जोड़ दिया। जहां पर टॉस्क और इनके स्टेटमेंट के नाम पर आरोपियों ने उनके आईसीआईसीआई बैंक खाता से आठ खातों में 48 लाख 93 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। धोखाधड़ी का एहसास होने पर धनेश ने पैसे वापस मांगे तो इन्कार कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने साइबर थाना में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### बाढ़ की वजह से रास्ते में फंसा कच्चा माल

**बरेली, अमृत विचार :** बारिश और बाढ़ से फैक्ट्री में कच्चा माल नहीं आ पा रहा है। कुछ माल खेतों में पड़ा है तो कुछ रास्ते में वाहनों में फंसा है। इससे फैक्ट्री नहीं चल पा रही हैं। चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल ने बताया कि मंडल में बारिश और बाढ़ की वजह से फैक्ट्री में कच्चा माल नहीं आ पा रहा है। पीलीभीत में फसलें डूब गई हैं। शाहजहांपुर में दो दिन से मार्ग बंद होने से ट्रक बीच में खड़े हैं।

# मछली पकड़ रहे युवक को मगरमच्छ खींचकर ले गया

संवाददाता, क्योलड़िया

- काफी देर तक तलाशने के बाद भी युवक का नहीं चला पता

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत जरपा मोहनपुर निवासी रविंद्र कुमार (18) अपने साथी नन्हें लाल और अजीत कुमार के साथ देवहा नदी में मछली पकड़ने गया था। इसी दौरान रविंद्र कुमार को मगरमच्छ नदी में खींच ले गया। दोस्तों ने मगरमच्छ से रविंद्र को बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। घर वालों के साथ ही ग्रामीण उसे नदी में तलाशने लगे, लेकिन देर रात उसका कोई पता नहीं चला। थाना प्रभारी निरीक्षक परमेश्वरी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचीं लेकिन देर रात तक रविंद्र का कुछ पता नहीं चल सका।

**बाढ़ के पानी के साथ गांव पहुंचा मगरमच्छ :** गांव मरगापुर में बाढ़ के पानी के साथ नहर होते हुए मगरमच्छ पहुंच गया। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी परमेश्वरी और वन विभाग के अधिकारी अकबर अली को सूचना दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तब तक मगरमच्छ नहर से छलांग लगाकर हरदोई लाल के खेत में जा घुसा। इसके बाद टीम ने ग्रामीणों की मदद से उसे पकड़ लिया।



ग्रामीणों की पकड़ में आया मगरमच्छ।

# देवी दर्शन कराने का झांसा देकर महिला के उतरवाए कुंडल

**बरेली, अमृत विचार :** महिला को देवी दर्शन कराने का झांसा देकर टप्पेबाजों में कुंडल उतरवा लिए। महिला ने थाना किला में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

किला छावनी में होली चौराहा के पास रहने वाली मीरा ने बताया कि वह 12 जुलाई को दोपहर 12:45 बजे साहूकारा मोहल्ले में दांत की दवा लेने के लिए आईं थीं। उन्हें साहूकारा गेट के पास दो लोग मिले और कहा कि आओ तुम्हें देवी जैसी चीज दिखाएंगे। वहां पर एक महिला भी थी। आरोपियों के बहकावे में आकर वह आरोपियों के साथ गली में चली गईं। आरोपियों के मांगने पर उन्होंने अपने कुंडल उतारकर दे दिए। बाद में आरोपियों ने कहा कि तुम कुछ दूर उधर जाओ, थोड़ी देर में देवी दिखाते हैं। महिला ने बताया कि जैसे ही वह आगे की ओर चलीं, वैसे ही दोनों आरोपी वहां से चले गए। आरोपियों के जाने के बाद उन्हें टप्पेबाजी का एहसास हुआ। शिकायत पर किला पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई कर देनी होगी रिपोर्ट और फोटो

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सेटेलाइट और बदायूं रोड पर दौड़ रहे डग्गामार वाहन
- आरएम रोडवेज भी आरटीओ को लिख चुके हैं पत्र

**अमृत विचार :** परिवहन निगम की आय में रोड़ा बने डग्गामार वाहनों को रोकने के लिए संभागीय परिवहन अफसरों का बहाना नहीं चलेगा। उन्हें अभियान चलाकर डग्गामार वाहनों का संचालन रोकना ही होगा। अफसरों को डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई की रिपोर्ट के साथ चेकिंग का फोटो भी मुख्यालय भेजना होगा। परिवहन आयुक्त ने इस संबंध में विभाग को आदेश दिए हैं।

परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक चौधरी ने जून में क्षेत्रीय संभागीय परिवहन अधिकारी को पत्र भेजकर डग्गामार वाहनों पर रोक लगाने के लिए एआरटीओ की तैनाती करने का आग्रह किया था। हालांकि, एक माह पहले भेजे गए पत्र का पालन होता नहीं दिख रहा है। सेटेलाइट बस अड्डे के पास से बीसलपुर के लिए डग्गामार बसें और पीलीभीत के लिए छोटा हाथी (लोडर वाहन) दौड़ रहे हैं। बदायूं रोड पर चीनी मिल के पास से भी डग्गामार वाहनों का संचालन हो रहा है। वहीं, उन्नाव में हुई सड़क दुर्घटना के बाद मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग के अफसरों को डग्गामार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान शुरू हो सकता है।

### छात्र को बातों में फंसाकर मोबाइल छीना

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज के रिछोला किफायतुल्ला में ट्यूशन पढ़ने जा रहे छात्र से बाइक सवार दो बदमाशों ने बातों में उलझाकर मोबाइल छीन लिया। छात्र के भाई ने थाने में तहरीर दी है। गौरव गंगवार शनिवार शाम को स्टेशन मार्ग पर ट्यूशन पढ़ने जा रहा था। इसी दौरान एक बाइक से आए दो लोगों ने उसे रोक कर बातों में उलझा लिया और स्वयं को किसी इलेक्ट्रानिक कंपनी का एजेंट बताते हुए सस्ते में कम्पनी का मोबाइल दिलाने का लालच दिया। गौरव ने कहा कि उसके पास टच मोबाइल है तो युवकों ने कहा कि कोई भी इलेक्ट्रानिक सामान लेना हो उनसे संपर्क कर लेना और नंबर फीड करने के लिए कहा। जैसे ही नंबर फीड करने के लिए गौरव ने जेब से मोबाइल निकाला, बाइक सवार मोबाइल छीनकर भाग गए।

# यूपी कॉप से एफआईआर डाउनलोड कर ठगी करने वालों से रहें सावधान

- पीड़ित और आरोपी को फोन कर कार्रवाई के नाम पर कर रहे ठगी

**बरेली, अमृत विचार :** साइबर ठग अब पुलिस के यूपी कॉप एप से एफआईआर डाउनलोड कर धोखाधड़ी कर रहे हैं। एप से साइबर ठग पीड़ितों और आरोपियों को फोन कर कार्रवाई के नाम पैसे मांगते हैं। बरेली पुलिस ने इस तरह की ठगी से बचने के लिए लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

पुलिस अधीक्षक अपराध मुकेश प्रताप सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया सेल से जानकारी हुई कि साइबर ठग यूपी कॉप एप का उपयोग करके एफआईआर डाउनलोड कर लेते हैं। एफआईआर में पीड़ित का मोबाइल नंबर पड़ा होता है। खुद को पुलिस अधिकारी बनकर इस नंबर पर फोन करते हैं। पीड़ितों को उनके खिलाफ दूसरे पक्ष की ओर से रिपोर्ट दर्ज होने की बात कहकर डराया जाता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि अज्ञात कॉल या मेसेज से सावधान रहें। यदि कोई पुलिस का नाम लेकर रुपये मांगता है या डराता है तो तत्काल थाने जाकर पुलिस से संपर्क करें।

# चार डग्गामार बसों के किए चालान और चार कारें सीज

**बरेली, अमृत विचार :** आरटीओ के निर्देश पर शनिवार की रात दूसरे जिलों से आए अधिकारियों ने सेटेलाइट के पास से संचालित होने वाली चार डग्गामार कारों को सीज किया। इसके साथ ही चार डग्गामार डबल डेकर बसों के भी चालान किए गए। सेटेलाइट बस अड्डे के पास से निजी गाड़ियां यात्रियों को बीसलपुर, पीलीभीत, पूरनपुर आदि जगहों पर ले जाती हैं। इसको लेकर परिवहन निगम के अधिकारी भी कई बार अधिकारियों को पत्र लिखकर कार्रवाई करने की मांग कर चुके हैं।

शनिवार की रात आरटीओ दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर पीटीओ मोहम्मद आरिफ खान ने टीम के साथ इन डग्गामार निजी गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई की। आरटीओ दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि अनधिकृत वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।



बस सीज करते अधिकारी।

# कई वार्डों की हालत खराब...जलभराव तो कहीं टूटी सड़कें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बुखारपुरा में घरों के आगे भरा है पानी, बाकरगंज में गलियों की सड़कें बदहाल

**अमृत विचार :** शहर के कई वार्डों की हालत खराब है। जलभराव और बदहाल सड़कों की वजह से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है, लेकिन नगर निगम के अफसर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सबसे खराब स्थिति, उन वार्डों की है, जो शहर से दूर हैं।

वार्ड 53 बुखारपुरा में डालवघर के पास से जाने वाली सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल है। जगह-जगह कीचड़ पसरा हुआ है। जलनिकासी की व्यवस्था न होने से घरों के बाहर जलभराव है।

बाकरगंज वार्ड शहर के बाहरी क्षेत्र में है। यहां गलियों में टूटी सड़कों से लोग परेशान हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई साल से सड़कें जर्जर हैं, लेकिन अभी तक इनकी मरम्मत नहीं कराई गई है। सीबीगंज वार्ड में कई गलियां कच्ची हैं, जहां पर हल्की बारिश में जलभराव हो जाता है।

वार्ड 31 मुराव मठिया निवासी शबनम ने बताया कि सड़क और नाली न होने के कारण दरवाजे के पास पानी भर जाता है। कई बार नगर निगम के अधिकारियों से सड़क निर्माण कराने के लिए कहा गया, लेकिन कोई सुनाई नहीं हुई। वार्ड 55 नर्सरी रोड काफी दिनों से बदहाल है।

मुंशी नगर से परवान नगर जाने वाली सड़क में गहरे गड्ढे हैं। विहार कला मार्ग भी खस्ताहाल है। इसकी वजह से लोगों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं।

> सड़क खराब होने से पैदल चलना भी मुश्किल है। हल्की बारिश में ही सड़क पर कीचड़ पसर जाता है। इससे आवाजाही में दिक्कत होती है।
> **-सरबर**, बुखारपुरा

> हल्की बारिश में ही मोहल्ले में जलभराव हो जाता है। जलनिकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। सड़कें टूटी हुई हैं।
> **-कुशल**, बुखारपुरा



बाकरगंज में टूटी सड़क पर भरे गंदे पानी से होकर गुजरतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



परवाना नगर में जलभराव से टूटी सड़क। ● अमृत विचार



मुंशीनगर में कई दिनों से जलभराव से लोग परेशान। ● अमृत विचार



बुखारपुरा में दलदल में तब्दील हुई सड़क। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### लोक अदालत में लोगों के मन भाए औषधीय पौधे



**विधि संवाददाता, बरेली :** जनपद न्यायालय में शनिवार को लगी राष्ट्रीय लोक अदालत में हेल्प डेस्क पर जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों की ओर से प्रदर्शनी लगाई गई। इस दौरान वहां आए लोगों ने इलायची, कपूर, सिंदूर, घृतकुमारी, कढ़ी पत्ता, इंसुलिन, मीठी तुलसी जैसे औषधि पौधों की खरीददारी की। बताया गया कि ब्रिक्री से प्राप्त रकम को शासन की ओर से बंदी कल्याण एवं पुनर्वास के कार्यों मे लगाया जाता है।

### ओमेगा क्लासेस में 22 से शुरू होगा विशेष बैच



**बरेली, अमृत विचार :** ओमेगा क्लासेस में नीट 2025 के लिए विशेष बैच का संचालन 22 जुलाई से शुरू होगा। संस्थान के एमडी मो. कलीमुद्दीन ने बताया कि यह बैच उन छात्रों को ध्यान में रखकर शुरू किया जा रहा है, जिन्होंने रीनीट की वजह से अभी तक तैयारी शुरू नहीं की है। इस बैच में सीमित सीट हैं। बैच में प्रवेश लेने पर अतिरिक्त छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि संस्थान में दो टेस्ट सीरीज अगस्त से शुरू हो रही हैं। संस्थान में हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम से तैयारी कराई जा रही है, ताकि छात्रों को भाषा से जुड़ी समस्याओं का सामना न करना पडे।

### आरोग्यम स्वास्थ शिविर के विषय में दी जानकारी




**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी भवन में शनिवार को प्रेसवार्ता में रोटरी क्लब मंडल 3110 के अध्यक्ष नीरव निमेश अग्रवाल ने आरोग्यम स्वास्थ्य शिविर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में कक्षा तीन से आठ तक के 1,25,000 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इस दौरान बच्चों की लंबाई, वजन, पेट में कीड़े, हीमोग्लोबिन की मात्रा के साथ ही आंखों और दातों की जांच की जाएगी। रवि अग्रवाल, किशोर कटरू, आलोक प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

### बरेली कॉलेज में विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने शनिवार को पौधरोपण किया। इस दौरान विभागाध्यक्ष एवं चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को सीएसआईआर-नेट की परीक्षा की तैयारी के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान डॉ. आशा आर सिंह, डॉ. राजीव यादव, डॉ. हिमशिखा यादव, डॉ. नरेंद्र पाल सिंह, डॉ. नीरज मालिक, डॉ. गौरव कुमार, राघिब हुसैन, संजय सिंह, विनय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# बरेली कॉलेज : बीए, बीएससी और बीकॉम प्रथम वर्ष की ओपन मेरिट जारी

## मेरिट लिस्ट में शामिल छात्र 14 और 15 जुलाई तक ऑनलाइन ले सकेंगे प्रवेश

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज ने सत्र 2024-25 में स्नातक प्रथम वर्ष बीए, बीएससी और बीकॉम में प्रवेश के लिए शनिवार को ओपन मेरिट जारी कर दी है। बीए और बीएससी जीव विज्ञान की मेरिट काफी हाई गई है। मेरिट में शामिल छात्रों को 14 से 15 जुलाई रात 12 बजे तक कॉलेज के पोर्टल बीसीबी ऑनलाइन एडमिशन पर लॉग इन कर प्रवेश लेना होगा और शुल्क भी ऑनलाइन जमा होगा। वहीं शनिवार को मेरिट में शामिल बीबीए, बीसीए और बीकॉम ऑनर्स के छात्रों ने प्रवेश शुरू हो गए।

मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि स्नातक में प्रवेश के लिए पहले चरण में बीए की 1840 सीटों के लिए 3809, बीएससी गणित की 880 सीटों के लिए 766, बीएससी जीव विज्ञान की 720 सीटों के लिए 2217 और बीकॉम की 1040 सीटों के लिए 1081 आवेदन आए हैं। सभी की ओपन मेरिट जारी की गई है। उन्होंने बताया कि कॉलेज के पोर्टल पर प्रवेश लेने के बाद यदि ऑनलाइन पेमेंट फेल होता है तो छात्र छह घंटे बाद फी कन्फर्मेशन पर क्लिक करें।

इसके बाद भी यूपीआई से पेमेंट सफल न होने पर नेट बैंकिंग या डेबिट कार्ड से पेमेंट करें। समस्या का समाधान न होने पर फीस रसीद का स्क्रीनशॉट के साथ सेमिनार कक्ष में उपस्थित हों।



बरेली कॉलेज में मेरिट लिस्ट तैयार करते प्रवेश समिति के सदस्य।

### किसी दलाल के चक्कर में न पड़ें छात्र

प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि ऑनलाइन प्रवेश और शुल्क जमा करने में किसी छात्र को कोई दिक्कत आती है तो वह सेमिनार कक्ष में सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक प्रवेश सेल में संपर्क कर सकते हैं। छात्र किसी छात्रनेता या दलाल के चक्कर में न पड़ें। यदि किसी छात्र के दस्तावेज में गड़बड़ी पायी गई तो कार्रवाई की जाएगी।

### स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ओपन मेरिट इंडेक्स

| पाठ्यक्रम | मेरिट इंडेक्स | ओवर आल रैंक |
|---|---|---|
| बीए | 99.516-73.211 | 001-644 |
| बीएससी गणित | 98.252-72.847 | 001-308 |
| बीएससी बॉयो | 98.364-82.413 | 001-252 |
| बीकॉम | 97.384-68.209 | 001-364 |

### अवंतीबाई महिला महाविद्यालय में स्नातक में प्रवेश शुरू

- **बीएससी जीव विज्ञान की मेरिट जारी, अन्य में सभी को प्रवेश के लिए बुलाया**

**बरेली, अमृत विचार :** रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय ने स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। बीएससी जीव विज्ञान में सभी वर्गों की मेरिट जारी की गई है और बीए, बीएससी गणित और बीकॉम में आवेदन करने वाली सभी छात्राओं को प्रवेश के लिए बुलाया है। छात्राओं को 15 से 18 जुलाई तक महाविद्यालय में सुबह 10:30 से दोपहर 2:30 बजे तक प्रवेश लेने होंगे। वहीं शनिवार को बीकॉम ऑनर्स, बीबीए और बीसीए में छात्रों के प्रवेश शुरू हो गए।

महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए 713 आवेदन आए थे, इनमें बीए में 426, बीएससी जीव विज्ञान में 208, बीएससी गणित में 48 और बीकॉम में 31 आवेदन आए थे।

प्राचार्य की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि छात्राओं को प्रवेश समिति के समक्ष हाईस्कूल व इंटर की मूलप्रति, आधार कार्ड, जाति प्रमाणपत्र, टीसी एवं चरित्र प्रमाण पत्र, गैप के लिए हस्तलिखित शपथ पत्र और गैप की अवधि का चरित्र प्रमाण पत्र लाना होगा। यदि किसी ने ईडब्ल्यूएस, भारांक या अन्य आरक्षण के लिए आवेदन किया है तो सभी के प्रमाण पत्र की मूलप्रति लानी होगी। इसके अलावा सभी दस्तावेजों की फोटोकॉपी लानी होगी। छात्राओं को साक्षात्कार के बाद महाविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा।

# बुखार में अनदेखी से शॉक सिंड्रोम का खतरा, तुरंत लें डॉक्टर की सलाह



जानकारी देते अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल, डॉ. सुदीप सरन, डॉ. गौरव गर्ग, डॉ. अनूप आर्य।

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **आईएमए ने शॉक सिंड्रोम, कार्डियक सर्जरी समेत कई विषय पर की संगोष्ठी**
- **दिल्ली के वरिष्ठ चिकित्सकों ने रोबोटिक सर्जरी और डेंगू के इलाज की विधियां बताईं**

**अमृत विचार :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की ओर से शनिवार को शॉक सिंड्रोम, कार्डियक सर्जरी समेत कई विषयों पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें दिल्ली के अपोलो अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टरों ने अनुभव साझा किए।

आईएमए सभागार में कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए आईएमए के साइंटिफिक चेयरमैन डॉ. सुदीप सरन ने बताया कि मानसून सत्र में वायरल के साथ डेंगू का प्रकोप अधिक होता है। मरीजों के लिए ये जानना आवश्यक है कि डेंगू बुखार की कोई विशेष दवा नहीं होती और चार से पांच दिन में यह बुखार खुद ही उतरते लगता है, लेकिन जब खतरनाक स्ट्रेन का हमला होता है तो मरीज डेंगू शॉक सिंड्रोम में चला जाता है, इसके मुख्य लक्षण हैं कि मरीज का ब्लड प्रेशर कम होना, पसीना आना, उल्टी होना और मूर्छा जैसी स्थिति होना। उन्होंने बताया कि समय पर चिकित्सक की सलाह न लेना जानलेवा हो सकता है। अपोलो अस्पताल के न्यूरोसर्जन डॉ. सुधीर कुमार त्यागी ने ब्रेन ट्यूमर इलाज की आधुनिक पद्धति जेप-एक्स की बारे में जानकारी दी। बताया कि इस विधि में विकिरण की पतली बीम ट्यूमर पर डाली जाती है। इससे ट्यूमर के कैंसर सेल बनने की आशंका खत्म हो जाती है और आसपास की कोशिकाएं सुरक्षित रहती हैं। वरिष्ठ रोबोटिक कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. वरुण बंसल ने बताया कि कुछ सुराख की मदद से बाईपास सर्जरी की जाती है। इसमें रक्तस्राव काम होता है और मरीज जल्द स्वस्थ होता है।

डॉ. नमीत जेराठ ने डेंगू शॉक मैनेजमेंट के बारे में बताया। आईएमए के अध्यक्ष डॉ राजीव गोयल ने कहा कि डेंगू बुखार में पपीते के पत्ते, बकरी का दूध या कीवी फल से कोई लाभ नहीं होता है। यह महज भ्रांति है। सचिव डॉ. गौरव गर्ग, डॉ. अनूप आर्य आदि मौजूद रहे।

# मुजफ्फरनगर में बैलों के सीमेन सैंपल लेगी टीम

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान की एक टीम जल्द ही मुजफ्फरनगर में बैलों के सीमेन सैंपलिंग के लिए जाएगी। इस का उद्देश्य बैलों के सीमेन की गुणवत्ता का अध्ययन करना और उच्च गुणवत्ता वाली नस्लों का विकास करना है।

संस्थान के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि यह पहल स्थानीय पशुपालकों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है, क्योंकि बेहतर प्रजनन तकनीकों से न केवल दूध उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि समग्र पशुपालन में भी सुधार आएगा। इसका उद्देश्य किसानों को बेहतर प्रजनन विकल्प प्रदान करना और स्थानीय कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना है।

# स्कूल बंद मिलने पर शिक्षकों का वेतन रोका, नोटिस जारी

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **अनुदेशक व शिक्षामित्र के गायब मिलने पर मानदेय रोकने के आदेश**

**अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शनिवार को स्कूलों का औचक निरीक्षण कर लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की। सुबह 8.05 बजे शेरगढ़ के पहाड़पुर के प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल बंद मिलने पर पूरे स्टाफ का वेतन रोकते हुए प्रधानाध्यापक शिवस्वरूप शर्मा को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। ब्योधा में अनुदेशक और शिक्षामित्र के गायब मिलने पर मानदेय रोकने की कार्रवाई की है।

इसके बाद वहीं के मानपुर टांडा के प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण किया। छात्रों की उपस्थिति व एमडीएम ऑनलाइन दर्ज नहीं होने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण देने को कहा है। सुबह 8:30 बजे टांडा के प्राथमिक स्कूल में प्रार्थना सभा होती मिली। प्रार्थना में देरी पर शिक्षक संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। छात्रों की उपस्थिति और एमडीएम ऑनलाइन दर्ज नहीं मिलने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। ब्योधा उच्च प्राथमिक और मॉडल प्राथमिक स्कूल के निरीक्षण में अनुदेशक और शिक्षामित्र अनधिकृत रूप से स्कूल से अनुपस्थित मिले। उनका मानदेय रोक दिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि ज्यादातर स्कूलों में शिक्षक समय पर नहीं पहुंच रहे हैं। बच्चों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज नहीं कर रहे हैं। यह घोर लापरवाही है, निरीक्षण के दौरान ऐसे शिक्षकों की लापरवाही पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई की गई है।

### ऑनलाइन उपस्थिति नहीं देने पर अनुपस्थित दर्ज करने पर शिक्षकों में रोष

**बरेली, अमृत विचार :** शनिवार को जिले भर के स्कूलों में एक भी शिक्षक ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कराई। मानपुर और टांडा के प्राथमिक स्कूलों में निरीक्षण को पहुंचे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों के ऑनलाइन उपस्थिति लगाने से मना करने पर उपस्थिति पंजिका में उन्हें अनुपस्थित दर्ज कर दिया। इसको लेकर शिक्षकों ने रोष जताया है। इससे पहले शुक्रवार को कुल 13 शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराई थी। जिले में ऑनलाइन शिक्षकों की उपस्थिति के लिए विभागीय अधिकारियों ने भी स्कूलों में ताबड़तोड़ निरीक्षण करना शुरू कर दिया है। शनिवार को अधिकारियों ने स्कूलों में पहुंच कर शिक्षकों से टैबलेट और मोबाइल से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने को कहा, लेकिन उन्होंने अधिकारियों की एक न सुनी। शिक्षकों ने बताया कि सुबह स्कूलों में निरीक्षण को पहुंचे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारियों ने ऑनलाइन उपस्थिति नहीं देने पर वेतन रोकने के साथ तमाम विभागीय कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। शिक्षकों के अनुसार शनिवार को मानपुर और टांडा के प्राथमिक स्कूलों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों से ऑनलाइन उपस्थिति लगाने को कहा, लेकिन शिक्षकों ने यह कहते हुए मना कर दिया कि वह शिक्षक संघ के आह्वान पर ऑनलाइन उपस्थिति नहीं लगा रहे हैं। शिक्षकों के मना करने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उपस्थिति पंजिका में निरीक्षण रिपोर्ट लगाते हुए सभी शिक्षकों को अनुपस्थित दर्ज कर दिया।

### बीईओ के खिलाफ आक्रोश, ब्लॉक से हटाने की मांग

शनिवार को शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिकायत की है। उसमें कहा है कि आलमपुर जाफराबाद के एक प्राथमिक स्कूल में निरीक्षण को पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी ने वहां के शिक्षकों से अभद्रतापूर्वक बात की। यूपी प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कमल भारती को ब्लॉक से हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि खंड शिक्षा अधिकारी अवसाद के शिकार हो गए हैं। आए दिन शिक्षकों को कार्रवाई की धमकी देते हैं। उन्हें तत्काल यहां से हटा कर अन्य कहीं अटैच करने की मांग की है। बताया कि इसके विरोध में सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

विभागीय अधिकारी ऑनलाइन उपस्थिति के लिए शिक्षकों को धमका रहे है। अधिकारियों का ऐसा व्यवहार किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
**-भानु प्रताप सिंह**, जिलाध्यक्ष, यूटा

कोई भी शिक्षक इस तरीके से विरोध नहीं कर रहा है, जिससे बच्चों और विद्यालयों का कोई भी नुकसान हो। अधिकारी शिक्षकों पर अनैतिक दबाव न बनाएं अन्यथा संगठन आंदोलन तेज करेगा। **-प्रियंका शुक्ला**, जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ

# आईवीआरआई की बीएसएल-3 लैब का वन हेल्थ मिशन में चयन

- **पशु स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण की दिशा में खुलेंगे नए आयाम**

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई की बीएसएल-3 लैब को वन हेल्थ मिशन के तहत चयनित किया गया है। निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि यह उपलब्धि पशु चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश में केवल आईवीआरआई और भोपाल की लैब को ही इस मिशन के लिए चुना गया है।

डॉ. दत्त ने बताया कि वन हेल्थ मिशन का उद्देश्य मानव, पशु और पर्यावरण स्वास्थ्य को एकीकृत करके संक्रामक बीमारियों के प्रबंधन को सशक्त बनाना है। आइवीआरआई की बीएसएल-3 लैब अत्यधिक संक्रामक रोगों के अध्ययन और अनुसंधान के लिए सक्षम है, जो इसे इस मिशन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करता है। इस चयन से न केवल आइवीआरआई की मान्यता बढ़ेगी, बल्कि देश में पशु स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण की दिशा में नए आयाम खुलेंगे। इसके माध्यम से पशुओं में फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम और उपचार की नई विधियों पर शोध को प्रोत्साहन भी मिलेगा।

# 10वीं, 12वीं में 5 अगस्त के बाद प्रवेश नहीं ले पाएंगे छात्र

- **जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रधानाचार्यों को पत्र जारी कर दिए निर्देश**

**बरेली, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की कक्षाओं में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 5 अगस्त निर्धारित की गई है। इस तिथि तक प्रवेश नहीं लेने वाले छात्रों को आगे कोई अवसर नहीं दिया जाएगा। शनिवार को इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह ने सभी कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को पत्र जारी कर जरूरी दिशा निर्देश जारी किए हैं। जारी पत्र के अनुसार कंपार्टमेंट परीक्षा और स्क्रूटनी से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों का कक्षा 11 में प्रवेश 20 अगस्त तक हो सकेगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि हाईस्कूल और इंटर के छात्र 5 अगस्त तक अपने स्कूलों ही परीक्षा शुल्क जमा कर सकेंगे। हाई स्कूल की परीक्षा के लिए 500 रुपये निर्धारित किया गया है। व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को 700 रुपये जमा करने होंगे। हाईस्कूल क्रेडिट सिस्टम के तहत फॉर्म भरने वाले छात्र को 200 और व्यक्तिगत क्रेडिट सिस्टम के छात्र को 300 रुपये परीक्षा शुल्क जमा करने होंगे। ऐसे छात्र, जिन्होंने एक विषय से व्यक्तिगत परीक्षा फॉर्म भरे हैं, उन्हें प्रति विषय 200 रुपये परीक्षा शुल्क जमा करना होगा। इस तिथि के बाद शुल्क जमा करने के लिए प्रति छात्र 100 रुपये विलंब शुल्क जमा करना होगा। विलंब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 16 अगस्त निर्धारित की गई है।

इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए संस्थागत छात्रों को 600 रुपये परीक्षा शुल्क जमा करना होगा। इंटरमीडिएट कृषि एवं व्यवसायिक वर्ग के संस्थागत परीक्षार्थी को भी 600 रुपये परीक्षा शुल्क जमा करने होंगे। इंटरमीडिएट व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को 800 रुपये परीक्षा शुल्क जमा करना होगा। विनिमय के अंतर्गत अतिरिक्त विषय की परीक्षा के लिए प्रति विषय 200 रुपये परीक्षा शुल्क जमा करना होगा। इस तिथि तक छात्रों के शैक्षिक विवरण को परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड भी किया जाना अनिवार्य है। जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह ने बताया कि सभी छात्रों के शैक्षिक विवरण की विधिवत जांच करने के बाद ही प्रधानाचार्य अपलोड करें। किसी प्रकार की विसंगति व गलती होने पर इसके लिए प्रधानाचार्य जिम्मेदार होंगे।









# डीफार्मा के छात्र ने फंदे से लटककर की आत्महत्या

बरेली, अमृत विचार : थाना सुभाषनगर क्षेत्र के द्वारिकापुरम में डीफार्मा के छात्र ने फंदे पर लटककर जान दे दी। परिजनों ने आत्महत्या की वजह नहीं बताई है।

द्वारिकापुरम निवासी राहुल पुष्कर ने बताया कि उनके पिता रामजी पुष्कर बदायूं के दातागंज में प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं। उनका भाई रजत पुष्कर डीफार्मा का छात्र था। रजत शुक्रवार रात कमरे में सोने गया था। जब वह सुबह 9 बजे तक नहीं उठा तो परिजनों ने सिटकनी तोड़कर कमरा खोला तो अंदर रजत का शव पंखें से लटका हुआ था। इंस्पेक्टर सुभाषनगर सतीश कुमार राय ने बताया कि आत्महत्या की वजह परिजन नहीं बता पा रहे हैं। सुसाइड नोट भी प्राप्त नहीं हुआ है।

# नैनीताल घूमने जा रहे दोस्तों को कार ने मारी टक्कर, एक की मौत

## बाइक में टक्कर लगते ही एक ने कूदकर बचाई जान, कार चालक फरार

संवाददाता, बरेली/रामपुर



गौरव की मौत के बाद जिला अस्पताल में बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

अमृत विचार : दोस्तों के साथ बाइक से नैनीताल घूमने जा रहे तीन दोस्तों की बाइक में रामपुर के बिलासपुर में हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में एक दोस्त की मौत हो गई और एक घायल हो गया। एक दोस्त ने कूदकर जान बचाई।

सुभाषनगर के मढ़ीनाथ निवासी नन्हे का 19 वर्षीय बेटा गौरव हरिद्वार में किसी दुकान पर काम करता था। हरिद्वार में पानी अधिक आने की वजह से वह घर आ गया था। वह शुक्रवार देर शाम अपने दोस्त अमित और अभय के साथ नैनीताल घूमने जा रहा था। बिलासपुर में जीरो प्वाइंट के पास एक होटल के सामने रात करीब 1 बजे तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें गौरव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अमित गंभीर रूप से घायल हो गया। अभय ने चलती बाइक से छलांग लगा दी। इसकी वजह से उसे कम चोट आई। पुलिस ने गौरव के परिजनों को सूचना दी। घायल अंकित को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बताया कि गौरव का एक भाई और एक बहन है। शनिवार शाम को गौरव का शव बरेली उसके घर पहुंचा।



गौरव (फाइल फोटो)

# शादी का झांसा देकर तीन साल तक किया दुष्कर्म

बरेली, अमृत विचार : शादी का झांसा देकर तीन साल तक एक युवक ने युवती से दुष्कर्म किया। जब युवती की मां ने आरोपी के परिजनों से शिकायत की तो मारपीट की। थाना इज्जतनगर और बिथरी चैनपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने से इन्कार किया तो युवती ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। इसके बाद थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। इज्जतनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती के मुताबिक उसकी बिथरी चैनपुर के डोहरिया निवासी कुनाल पटेल से फेसबुक के जरिए 25 मई 2022 से दोस्ती हुई थी। दोनों में प्यार हो गया और कुनाल ने शादी का प्रस्ताव रखा। इसके बाद कुनाल ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती कुनाल के घर गई और उसके पिता बसंत कुमार, मां गुड्डी देवी, बहन प्रियंका, मामा रवि, मामी अंजू और नानी को पूरी बात बताई तो सभी शादी को तैयार हो गए। इसके बाद दोनों पति-पत्नी की तरह रहने लगे। कुनाल ने उसे काठगोदाम, नैनीताल समेत अपनी रिश्तेदारी में भी घुमाया। होटलों में कई दिन रुके। उनकी मां आरोपी के घर गईं और परिजनों से शादी करने के लिए कहा लेकिन इन्कार कर दिया। आरोप है कि युवती और मां के साथ मारपीट की। कुनाल ने धमकी दी कि वह उसके फोटो और वीडियो को वायरल कर देगा।

# केबल में कटिया डालकर चला रहे थे एसी

बरेली, अमृत विचार : विजिलेंस के प्रभारी निरीक्षक ताहिर हुसैन ने शनिवार सुबह अवर अभियंता इंद्रराज, उप निरीक्षक विनोद कुमार सिंह के साथ किला और कोतवाली क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मलूकपुर में नयाब खान के यहां केबल में कटिया डालकर पांच किलावोट की बिजली चोरी कर एसी व अन्य उपकरण चलाए जा रहे थे।

वहीं, मोहल्ला बाग बिग्रटान में शादाब के मकान में 4 और मलूकपुर मस्जिद के पास निशा के मकान में 2 किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी गई। मामले में उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# कांवड़ यात्रा और मोहर्रम में माहौल बिगाड़ा तो होगी सख्त कार्रवाई



लोगों की समस्या सुनते जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक नगर।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिलाधिकारी ने प्रेमनगर और बारादरी थानों का किया भ्रमण

अमृत विचार : जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने कांवड़ यात्रा और मोहर्रम के दौरान माहौल बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई का आदेश दिया है। उन्होंने संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश भी दिए हैं।

शनिवार को थाना दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक नगर के साथ प्रेमनगर और बारादरी थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनता की समस्याएं सुनीं और उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शांतिभंग करने वालों पर कार्रवाई की जाए। कांवड़ यात्रा और मोहर्रम के दौरान गैर परंपरागत चीजों को करने की अनुमति किसी हाल में नह दी जाए। यदि कहीं पर कोई समस्या आती है तो उच्च अधिकारियों को तत्काल अवगत कराएं, उसका समाधान किया जाएगा।

जुलूसों के दौरान पूरी सतर्कता बरतें। कहा कि संवेदनशील इलाकों में पुलिस अफसर खुद लोगों के बीच जाकर विश्वास दिलाएं कि माहौल बिगाड़ने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

# फर्जीवाड़ा कर बेच दी जमीन, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली, अमृत विचार : नगर निवासी एक अधिवक्ता ने कुछ लोगों पर फर्जीवाड़ा कर उनके दादा की जमीन को बेच देने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसकी शिकायत अपर पुलिस महानिदेशक से की। उनके आदेश पर आंवला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सुभाषनगर थाना क्षेत्र के साउथ सिटी कॉलोनी निवासी अधिवक्ता अरुण कुमर मौर्या ने बताया कि उनके दादा राधेश्याम की जमीन आंवला के दलपतपुर में है। उन्होंने बताया कि वह 21 मई 2024 को उसकी खतौनी निकलवाने गए थे। इस दौरान उन्हें पता चला कि उस जमीन का बैनामा अनिल कुमार निवासी पक्का कटरा आंवला के नाम है। वह फौरन उपनिबंधक कार्यालय पहुंचे और बैनामा की सत्यापित प्रति निकलवाई तो पता चला कि उनके दादा के स्थान पर जगतपाल निवासी मानपुर आंवला व मुरलीधर निवासी दलपतपुर भमोरा ने उस जमीन को अनिल कुमार निवासी मोहल्ला पक्का कटरा आंवला के पक्ष में बैनामा कर दिया था। आरोप है कि जमीन का दाखिल-खारिज भी साठ-गांठ कर करा दिया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# ममेरे भाई के साथ गई तीन बच्चों की मां

बरेली, अमृत विचार : थाना देवरनिया क्षेत्र की रहने वाली तीन बच्चों की मां अपने ममेरे भाई के साथ भाग गई। पति ने शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की है। युवक के मुताबिक उसकी शादी 10 साल पहले परखुनिया की रहने वाली एक युवती के साथ हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं। आरोप है की उसकी पत्नी का ममेरे भाई से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। पत्नी ने 1 जुलाई को उसे बिना तलाक दिए ममेरे भाई से निकाह कर लिया और बच्चों को भी साथ ले गई। आरोप है कि उन्होंने पत्नी के खाते में दो लाख 78 हजार रुपये जमा किए थे, जिसे भी उसने निकाल लिया है। भैंस बेचने के बाद घर में रखे 50 हजार रुपये भी पत्नी लेकर गई है।

# किशोरी को लेकर जरी कारीगर फरार

बरेली, अमृत विचार : थाना बारादरी क्षेत्र में एक जरी कारीगर किशोरी को लेकर फरार हो गया। किशोरी अपने साथ घर में रखे एक लाख पचास हजार रुपये भी ले गई। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने कारीगर और उसके साथी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एक व्यक्ति ने बताया कि उनकी 16 साल की बेटी एक जरी कारखाने में काम करती थी। आरोप है कि वहां काम करने वाला हजियापुर निवासी आमिर उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। उसकी मदद शोएब ने की है।

# नकब लगाकर लाखों की चोरी

सीबीगंज, अमृत विचार : सीबीगंज के पुरनापुर के सुभाष लोधी ने बताया कि वह शुक्रवार रात आंगन में सो रहे थे और कमरे में ताला लगा हुआ था। रात में चोर दीवार में नकब लगाकर अंदर घुस आए और अलमारी का ताला तोड़ कर उसमें रखे सोने का हार, अंगूठी, चैन, पैंडल, चांदी की पायल, बच्चों का चांदी का सामान लेकर फरार हो गए। इंस्पेक्टर सीबीगंज राजबली ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

कृतिका ग्रुप ऑफ कॉलेज
मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम.जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.
मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली
डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।
मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।
ADMISSION OPEN
AYURVED
B.A.M.S.
अवधि : 4-1/2 वर्ष, योग्यता : NEET Qualified
PHARMACY
B. Pharma बी. फार्मा
अवधि : 4 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
D. Pharma डी. फार्मा
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
PARA MEDICAL
Diploma O.T.
डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
Dip Lab. Technician
डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
NURSING
B.Sc. Nursing बी.एससी. नर्सिंग
अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष, योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
A.N.M.
डिप्लोमा महिला हेल्थ वर्कर
अवधि : 2 वर्ष आयु 17-35 वर्ष, योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में
सुविधायें
♦ आयुर्वेदिक अस्पताल ♦ औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦ शैक्षिक भवन एवं लाईब्रेरी ♦ पूर्ण सुसज्जित लैब ♦ वाई-फाई कैम्पस ♦ बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦ छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास ♦ छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦ शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)
कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट काण्डू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122
सम्पर्क सूत्र
8171489611, 7248343676
9027510784, 8218234755
सिटी आफिस : कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन-243006
सम्पर्क सूत्र
9758519405, 9457697581
Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com

KOPAL HOSPITAL BAREILLY
NABH PRE ACCREDITED
कोपल अस्पताल
AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL
डा. के.पी. गंगवार
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
12.30 pm to 5.30 pm
डा. स्मृति गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm
डॉ. मनोज गुप्ता
एम.एस. (जनरल सर्जन)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
12:00 pm to 2:00 pm
डॉ. एस.के. जौहरी
एम.डी.,
गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ
3:30 pm to 5:00 pm, 6:00 pm to 9:00 pm
डॉ. आकाश गुप्ता
एम.डी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405

आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज
डॉ. कुशाग्र सिंह
MBBS, M.S. (Surgery), FMAS, DMAS
लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
दूरबीन द्वारा आपरेशन के विशेषज्ञ
7983368142
पं. दीन दयाल उपाध्याय कार्डधारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज
निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन, हर भारतवासी का-रविवार व बुधवार
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
●पित्त की पथरी ●पित्त की नली की पथरी ●अपेन्डिक्स ● हार्निया ●पेशाब नली की पथरी (PCNL, URSL) ●बच्चेदानी व रसौली ●आबेरियन सिस्ट ●एक्टापिक प्रगनेन्सी ●गदूद ऑपरेशन (TURP) ●पेट की जाँच। ●महिला ऑपरेशन स्त्री रोग डाक्टर की देख-रेख में ●गम्भीर मरीजों के लिए ICU एवं वेन्टीलेटर ●मात्र एक टीका और ऑपरेशन
नवजात शिशु कहीं भी पैदा हो? आयुष्मान कार्ड धारक पिता अथवा माताओं के नवजात शिशुओं का निःशुल्क इलाज नर्सरी (NICU) में
महेन्द्र-गायत्री हॉस्पिटल
निकट कुदेशिया फाटक, इज्जतनगर, बरेली-9411090551

सुनने और बोलने में समस्या?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थेरेपी हकलाना/तुतलाना आटिज्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
● एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

फार्मेसी एवं डॉक्टरी में है अधिक रोगजार
D. Pharma (सरकारी फीस पर)
B.A.M.S.
महेन्द्र गायत्री ग्रुप ऑफ कॉलेज
धन्वन्तरी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज
रहपुरा रोड, फतेहगंज पश्चिमी, बरेली
Mob.: 9410405769, 7599203105
● A.N.M. ● D.P.T. ● B.Sc. Nursing
● D. OPT ● DIPLOMA O.T. ● G.N.M.
Clinical Training
★ महेन्द्र गायत्री सुपर स्पेसियेलिटी हॉस्पिटल, बरेली
★ महाराणा प्रताप संयुक्त जिला अस्पताल, बरेली

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
● बी.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
● बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) ● एम.ए. (अंग्रेजी)
● एम.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● बी.कॉम. (ऑनर्स) ● एम.कॉम.
● बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) ● एम.बी.ए.
● बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

अमृत विचार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## मानसिक बीमार युवती से विवाह कराने का आरोप

- परामर्श केंद्र में नौ मामलों की काउंसलिंग, तीन में समझौता

**बरेली, अमृत विचार :** शनिवार को परामर्श केंद्र में नौ मामलों की काउंसलिंग की गई। इस दौरान तीन में समझौता करा दिया गया। छह मामलों में एक पक्ष के लोग ही मौजूद रहे। इस दौरान आए एक मामले में युवक ने ससुरालियों पर धोखे से मानसिक रूप से बीमार युवती से उसका विवाह करने का आरोप लगाया है। जगतपुर के रहने वाले युवक की शादी तीन माह पहले थाना क्षेत्र इज्जतनगर के एक गांव की रहने वाली युवती से हुई थी। शादी के दूसरे दिन युवती पूरे घर में बदहवास सी दौड़ने लगी। यह देख कर युवक घबरा गया और युवती को मायके छोड़ आया। युवती की मां का कहना है कि उसकी बेटी का पहले से इलाज चलता था, लेकिन कभी इस प्रकार के दौरे नहीं आये। वहीं युवक का कहना है कि अपनी बीमार बेटी का निपटारा करने के लिए लड़की के माता-पिता व बिचौलियों ने इसके मानसिक रूप से बीमार होने की बात उससे छिपाई। काउंसलर हरिंदर चड्ढा का कहना है कि युवक की चिंता जायज है। उससे उसकी पत्नी की बीमारी की बात छुपाना गलत है। दोनों पक्षों को आपस में रिश्तेदारों के जरिए बातचीत करने को कहा गया है। इसके बाद अगली तारीख दी।

## युवक की मौत के मामले में ट्रक चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**कैंट, अमृत विचार :** बारीनगला शराब की भट्टी के सामने गुरुवार की रात ट्रक की टक्कर से युवक की मौत हो गई थी। मृतक के भाई हरिश्चंद्र ने कैंट थाने में शुक्रवार देर रात तहरीर देकर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि नन्हें काम कर घर लौट रहा था। त्रिकाल फैक्ट्री के पास सड़क पार करते समय बुखारा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने उसे टक्कर मार दी थी, जिससे वह घायल हो गया, उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# खानकाह-ए-नियाजिया से हुसैनी नारों के साथ निकला ऐतिहासिक जुलूस

## हरे लिबास में नजर आया अकीदतमंदों का सैलाब, आज होगा जुलूस का सामापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** सूफी खानकाही रिवायत के साथ ख्वाजा कुतुब स्थित खानकाह-ए-नियाजिया से ऐतिहासिक ताजियों का जुलूस शनिवार शाम निकाला गया। इस दौरान ढोल ताशों की मातमी धुन सुनाई दे रही थी। हर तरफ हरे लिबास का सैलाब नजर आ रहा था। खानकाह-ए-नियाजिया में मोहर्रम में फकीरी लिबास पहनने की रिवायत है। परंपरागत रास्तों से होता हुआ यह जुलूस रविवार को समाप्त होगा।

कासिम मियां नियाजी ने बताया कि सुबह खानकाह में लंगर बांटा गया और इमामबाड़े में सज्जादानशीन मेहंदी मियां ने हाजिरी दी। इसके बाद मलूकपुर स्थित इमामबाड़ा फतेहनिशान पर रिवायत के मुताबिक पोशाक पेश की गई। मगरिब की नमाज के बाद सज्जादानशीन मेहंदी मियां की कयादत में खानकाह से जुलूस निकला, जो गली वजीर अली, कटरा मानराय, बानखाना होता हुआ देर रात गढ़ी चौकी पहुंचा। गढ़ी चौकी पर रात्रि विश्राम के बाद जुलूस रविवार सुबह नौ बजे रवाना होकर बानखाना रोड से होता हुआ कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप, सैयदों वाली गली होते हुए शराफत मियां, गली मनिहारान, बड़ा बाजार के रास्ते वापस खानकाह-ए-नियाजिया पहुंचेगा। इस दौरान खानकाह प्रबंधक शब्बू मियां नियाजी, जुनैदी मियां नियाजी, अस्करी मियां नियाजी, जाहिद मियां नियाजी, कमाल मियां नियाजी, कासिम नियाजी आदि मौजूद रहे। कासिम नियाजी ने बताया कि इस बार तबीयत खराब होने के कारण शब्बू मियां नियाजी पूरे जुलूस में शामिल नहीं हो सके। खानकाह से जुलूस रवाना होते वक्त उन्होंने ताजिया और तख्तों की जियारत की।



ताजियों के जुलूस में शामिल अकीदतमंद। ● अमृत विचार



इमामबाड़ा हकीम आगा साहब गढ़ैया में मातम करते शिया समुदाय के लोग।

### आज हजरत कासिम की शहादत करेंगे याद

इमाम हुसैन की याद में शनिवार की सुबह पहली मजलिस मोहल्ला गढ़ैया इमामबाड़ा मुहम्मद शाह में हुई। इमामबाड़ा हकीम आगा साहब गढ़ैया, वसी हैदर गढ़ैया और रात्रि मजलिस इमामबाड़ा फतेह अली शाह काला इमामबाड़ा में हुई। ऑल इंडिया गुलदस्ता-ए-हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया कि रविवार सात मोहर्रम को इमाम हुसैन के भतीजे हजरत कासिम की शहादत पर रात 8 :30 बजे से जुलूस निकाले जाएंगे।

## ग्रीनकार्ड वाली अंजुमनें ही होंगी ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में शामिल

**बरेली,अमृत विचार :** जुलूस-ए-मोहम्मदी की आयोजक कमेटी अंजुमन खुद्दाम-ए-रसूल की ओर से शनिवार को कुतुबखाना स्थित कार्यालय में बैठक की गई, जिसमें सितंबर में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकलने वाले जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर चर्चा की गई। बताया गया कि जिन अंजुमनों के पास ग्रीन कार्ड होगा, उन्हें ही जुलूस में शामिल किया जाएगा। डीजे और बड़े वाहन जुलूस में पूरी तरह बैन होंगे। केवल ई-रिक्शा को जुलूस में लाया जा सकेगा।

अंजुमन खुद्दाम-ए-रसूल के सचिव शान रजा ने बताया कि जुलूस में शामिल होने वाली अंजुमनों को ग्रीन कार्ड जारी किया जाएगा। दो महीने पहले से अंजुमनों को इस संबंध में जानकार दी जा रही है, ताकि उनके सदर और सचिव डीजे साउंड सिस्टम बुक न करें। अंजुमन खुद्दाम-ए-रसूल बिना डीजे के जुलूस निकालेगी। डीजे फिजूल खर्च है। जिस अंजुमन के पास ग्रीन कार्ड होगा, वही जुलूस में शामिल होगी। बताया कि कुतुबखाना पुल के रास्ते से जुलूस निकलता है, पुल के नीचे भारी वाहन नहीं आ सकते हैं, इसलिए जुलूस में भासरी वाहन लेकर नहीं आएं। ई-रिक्शा पर दो स्पीकर या सुराई साउंड सिस्टम लेकर आ सकते हैं। जल्द शहरभर की अंजुमनों के सदर के साथ बैठक की जाएगी।

## मोहर्रम आतंकवाद के खिलाफ आंदोलन का नाम

**बरेली, अमृत विचार :** नवासा-ए-रसूल हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में अली कॉलोनी लीची बाग के इमामबाड़ा इमाम-ए-असर में मजलिस हुई।

इसे खिताब करते हुए मौलाना अहमद अब्बास ने बताया कि मोहर्रम आतंकवाद के खिलाफ एक आंदोलन का नाम है। यौम-ए-आशूरा को इमाम हुसैन समेत 72 साथियों को तीन दिन का भूखा प्यासा कर्बला में शहीद कर दिया गया था। इनमें इमाम हुसैन के सबसे छोटे बेटे अली असगर भी थे। अंजुमन के मीडिया प्रभारी सैयद शुजा नकवी ने बताया की सोजखानी हाजी इबादत हुसैन नकवी ने की ओर नौहा नईम हैदर, वजाहत रजा ने पढ़ा। इस दौरान जरगाम हैदर, तौसीफ हैदर, इख्तेदार, एहतिशाम, नदीम, जैगम, गाजी, अरबाज, मंसब, समीर, हसन, अंबर, मीर मोहम्मद ताहिर, अली हमजा आदि उपस्थित रहे।

# निजी फायदे के लिए मजहब को कर रहे बदनाम



समाज सुधार कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते मौलाना तौकीर रजा।

- भुता में समाज सुधार कॉन्फ्रेंस में बोले-आईएमसी प्रमुख
- हलाला और तीन तलाक जैसे आरोपों को बताया फर्जी

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने गुमराह होकर लड़कियों के धर्म परिवर्तन और नौजवानों में बढ़ती नशे की लत को लेकर प्रदेश भर में समाज सुधार और संगठन विस्तार की मुहिम शुरू की है। इसके तहत शुक्रवार देर रात भुता में समाज सुधार कांफ्रेंस आयोजित की गई। आईएमसी प्रमुख ने कहा कि मुस्लिम युवा शिक्षा की कमी और निजी फायदे के कारण मजहब को बदनाम कर रहे हैं। बोले- घरेलू मनमुटाव, जिन्हें आपसी सहमति से निपटाया जा सकता है, उसके लिए अदालत से लेकर थाने चौकी तक जाते हैं। तीन तलाक, हलाला और दहेज के फर्जी आरोप लगाए जाते हैं। निजी फायदे के लिए भूल जाते हैं कि मजहब की बदनामी हो रही है। मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि कांफ्रेंस मौलाना इदरीस की ओर से आयोजित की गई थी। मुफ्ती एहसानुल हक चतुर्वेदी, मौलाना इदरीस, फरहत खान, नदीम कुरैशी, सलीम खान, साजिद सकलैनी, आबिद मंसूरी, मकदूम आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### मदीना शाह इमामबाड़ा से उठाई 141 साल पुरानी सबील



**बरेली, अमृत विचार :** मोहर्रम की छह तारीख को सलीम मियां चौधरी के नेतृत्व में थाना बारादरी क्षेत्र के रोहिली टोला मदीना शाह इमामबाड़ा अब्बास नगर पर 141 साल पुरानी सबील हर साल उठती चली आ रही है। हर साल की तरह इस साल भी सबील उठाई गई। इस ऐतिहासिक सबील का जगह-जगह स्वागत किया गया। अब्बासी समाज के शारिक अब्बासी ने बताया कि इमामबाड़ा से ढोल-नगाड़े बजाकर सबील निकाली गई। इस दौरान सलीम मियां चौधरी, इमरान विक्की, आसिम, इस्लाम, इकराम, बब्बू, साजिद आदि शामिल रहे।

### काशाना-ए-नूरी में शहीदे कर्बला को किया याद

**बरेली, अमृत विचार :** सौदागरान स्थित काशाना-ए-नूरी में महफिल का आयोजन किया गया। इसका आगाज मौलाना उवैस रजा खान ने तिलावत-ए-कुरआन पाक से किया। मौलाना मुजफ्फर रजा ने नात व मनकबत का नजराना पेश किया। इस मौके पर आला हजरत ट्रस्ट के सदर मोहतिशिम रजा ने इमाम हुसैन को खिराज पेश की। कार्यक्रम में डॉ. अजमत उल्लाह खान, जकवान रजा खान, आसिम रजा, सैय शुएब मियां, डॉक्टर एमएच खान, अंजुम फिरदौस, इंजीनियर सैयद जसीम, शानू साबिर, उवैस खान, सैयद असद, हुमैर रजा, आसिफ खान, शोएब खान, रोमान शमसी आदि मौजूद रहे।

### शहजाद अली बने अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला चेयरमैन

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने शहजाद अली को बरेली की जिला कमेटी का चेयरमैन बनाया है। शहजाद अली ने इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताते हुए कहा है कि वह अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाएंगे।

### थाना समाधान दिवस में निपटाईं आठ शिकायतें



**बरेली, अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस के अवसर पर भुता थाने में पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मानुष पारीक ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान थाना क्षेत्र से जमीन विवाद और मारपीट से संबंधित आठ शिकायतें आईं। पुलिस-प्रशासन की टीम ने उनका निस्तारण करवाया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थानों में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समय पर उनका निस्तारण सुनिश्चित करवाया जाए, जिससे लोगों को परेशान न होना पड़े।

## बाल विवाह रोकने पहुंची पुलिस, नहीं मिली लड़की

**बरेली, अमृत विचार :** बाल विवाह की सूचना पर शनिवार को पुलिस, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट व चाइल्डलाइन की टीम संयुक्त रूप से शादी रुकवाने के लिए बहेड़ी के गुडवारा गांव में पहुंची। मौके पर नाबालिग लड़की और उसके पिता के न मिलने पर टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा। जानकारी के अनुसार गांव के ही किसी व्यक्ति ने नाबालिग की शादी की सूचना चाइल्डलाइन को दी थी। पूर्व में लड़की गांव के ही एक लड़के के साथ घर छोड़ कर जा चुकी थी। इसके बाद उसे बरामद कर सीडब्ल्यूसी के सामने पेश किया गया था। इधर शनिवार को जब सूचना पर पहुंची टीम को लड़की नहीं मिली तो उन्होंने उसके परिवार वालों से उसके विषय में पूछा। इस पर उनका कहना था कि उसे रिश्तेदारों के घर भेज दिया है।

## कार्यशाला में नए कानूनों पर की चर्चा



बार सभागार में आयोजित विधिक कार्यशाला में बोलते वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश यादव, साथ में बार अध्यक्ष मनोज हरित, सचिव वीपी ध्यानी।

**विधि संवाददाता, बरेली :** बार एसोसिएशन की ओर से कचहरी स्थित बार सभागार में आयोजित विधिक कार्यशाला में वकीलों ने नए कानूनों पर चर्चा की। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व डीजीसी राजेश यादव ने कहा कि नए कानूनों के लागू होने पर वकीलों को चिंतित होने की जरूरत नहीं है। एक समान अपराधों से जुड़े कानूनों को एक ही अध्याय में एकत्र किया गया है। इससे वकीलों का समय बचेगा, सुविधा रहेगी। उन्होंने साइबर क्राइम, बच्चों से भीख मंगवाने से जुड़े कानून पर भी वकीलों से संवाद किया। अध्यक्ष मनोज हरित, सचिव वीपी ध्यानी, अरुण सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

## संविदा कर्मचारियों के साथ टीजी-2 के भी होंगे तबादले

**बरेली,अमृत विचार :** लंबे समय से एक ही उपकेंद्र पर जमे संविदा कर्मचारियों के साथ अब टीजी 2 के भी कार्यक्षेत्र में बदलाव किया जाएगा। शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ ने सभी अधिशासी अभियंताओं को पत्र लिखकर संविदा कर्मचारी और टीजी 2 की सूची बनाने को कहा है।

पॉवर कॉरपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल ने पिछले दिनों लखनऊ में बिजली अधिकारियों के साथ बैठक की थी। इसमें उन्होंने निर्देश दिए थे कि उपकेंद्रों पर तीन साल से अधिक समय से तैनात संविदाकर्मियों के अलावा वे टीजी-2, जो एक उपकेंद्र पर पांच वर्ष से अधिक समय से तैनात हैं, उन्हें दूसरी जगह स्थानांतरित किया जाए।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY & PARAMEDICAL
PCI & State Medical Faculty Approved
D.Pharm/B.Pharm
(Now seats are available for direct admission)
Diploma in X-ray Technician — Now seats are available for direct admission-Eligibility 10+2 PCM
Diploma in Lab Technician (DMLT) — Now seats are available for direct admission-Eligibility 10+2 PCM
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare. We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry & in Paramedical, healthcare assistant, laboratory analysts research assistants, medical technician, Radiology technologists, imaging technician, Diagnostic centres & research institutions. We prepare our students for various competitions like exit Exams. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
Direct Admission Open Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:7521001993
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com
Address : NH-30, Banthra, Shahjahanpur (U.P.)

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma
Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

प्रवेश प्रारंभ
VARUN ARJUN UNIVERSITY V.A.U The path to education
VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

REQUIREMENT
आवश्यकता है
1. हॉस्पिटल सुपरवाइजर
2. कम्पाउंडर
3. वार्ड बॉय / वार्ड आया
4. हॉस्टल केयर टेकर महिला
5. कुक पुरुष/ महिला
6. नर्स/आयुर्वेदिक परिचारिका
7. स्टोर इंचार्ज
संपर्क करें
रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सैक्टर-1 राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली (उ.प्र.)
फोन नं. 8077808309, 9837357497

जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज पित्त की पथरी गुर्दे की पथरी को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136

# प्रत्यक्ष पर्यावरण प्रकृति की संरचना

प्रत्यक्ष पर्यावरण प्रकृति की संरचना है। भारत के प्राचीन काल में भी प्राकृतिक पर्यावरण की उपस्थिति मनमोहक थी। प्रकृति को देखते, उसके विषय में सोचते और सुनते मनुष्य ने भी सृजन कर्म में जाने अनजाने भागीदारी की। आज का भारत हमारे पूर्वजों, अग्रजों के सचेत कर्मों का परिणाम है। मनुष्य द्वारा किए गए सुंदर सत्कर्म संस्कृति हैं। प्रकृति स्वाभाविक है,लेकिन संस्कृति मनुष्य की रचना है। संक्षेप में विश्व के प्रत्येक जीव की लोकमंगल कामना और उसके लिए किए गए कर्म संस्कृति है। संस्कृति किसी एक व्यक्ति या समूह के कर्मफल का परिणाम नहीं होती।

भारतीय संस्कृति के विकास में विज्ञान और दर्शन की महत्ता है। कोई अंधविश्वास नहीं। रूप, रस, गंध, शब्द और स्पर्श प्रत्यक्ष इंद्रियबोध के हिस्से हैं। पूर्वजों की 'मंगल भवन अमंगल हारी' कर्मठ चेतना से संस्कृति का विकास हुआ। सारांशतः भारत के बुद्धि विवेक और ज्ञान प्रज्ञान का सर्वोत्तम संस्कृति है। राष्ट्र के सभी अंगभूत घटक एक स्वर, एक लय, एक प्रीति, एक छंद और एक रस समरस स्पंदित होकर अपनी संस्कृति गढ़ते हैं। संस्कृति भारत के लोगों के दर्शन, भाषा, धर्म, कला, आशा, संवेदना, अनुभूति, प्रीति, धीरज, साहस संयम और मर्यादा का अंतस है। भारतीय संस्कृति हजारों वर्ष की तपसाधना का सृजन है। मार्शल ने लिखा है कि, "अनेक प्रमाणों में भारत में एक अत्यंत विकसित संस्कृति की उपस्थिति का पता चलता है। इसके पीछे अवश्य ही भारत की धरती का लंबा इतिहास होना चाहिए।"

ऋग्वेद दुनिया का प्राचीन शब्द प्रमाण है। प्राचीन समाज का विज्ञान है और तत्कालीन समाज की संस्कृति का दर्पण है। वैदिक साहित्य में सामाजिक संगठन के स्वर्ण सूत्र हैं। यहां दर्शनशास्त्र है। विज्ञान है। योग और भौतिक विज्ञान है। प्राचीन इतिहास में इस भूखंड की आस्था जैसा प्रश्नाकुल दर्शन अन्यत्र नहीं मिलता। यहां आस्था और वैज्ञानिक विवेक साथ-साथ चलते हैं। हिन्दू धर्म में एक साथ तर्क और प्रतिप्रश्न दिखाई पड़ते हैं। यहां धर्म का विकास हुआ है। यह इतिहास बड़ा मजेदार है। पहले प्रकृति का अध्ययन, विवेचन और विश्लेषण। फिर प्रकृति की शक्तियों का आदर। इन्हें देवता कहा गया। प्रकृति में नियमबद्धता देखी गई। वैदिक ऋषियों ने इस



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

**ऋग्वेद दुनिया का प्राचीन शब्द प्रमाण है। प्राचीन समाज का विज्ञान है और तत्कालीन समाज की संस्कृति का दर्पण है। वैदिक साहित्य में सामाजिक संगठन के स्वर्ण सूत्र हैं। यहां दर्शनशास्त्र है। विज्ञान है। योग और भौतिक विज्ञान है। प्राचीन इतिहास में इस भूखंड की आस्था जैसा प्रश्नाकुल दर्शन अंयत्र नहीं मिलता।**

नियमबद्धता को मनुष्य के जीवन के लिए मार्गदर्शी व प्रेरक बताया। भारत में इसी सबसे विश्वप्रिय दृष्टिकोण का विकास हुआ। कौटिल्य ने दार्शनिक दृष्टिकोण अपनाकर दुनिया का पहला अर्थशास्त्र लिखा। इसी तरह अभिनय कला के सभी सरोकारों को समझते हुए भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र लिखा। चरक ने चरक संहिता और पाणिनि की अष्टाध्यायी और पतंजलि का योगसूत्र हिन्दुओं की ओर से सारी दुनिया के लिए पुरस्कार है।

ब्रिटिश सत्ता के दौरान यूरोपीय सभ्यता को श्रेष्ठ और भारतीय संस्कृति को छोटा और हेय बनाने का प्रयास किया गया है। पंडित नेहरू भी यूरोप की संस्कृति से प्रभावित थे। उन्होंने रामधारी सिंह 'दिनकर' की पुस्तक 'संस्कृति के चार अध्याय' की भूमिका में लिखा, "जब पश्चिम के लोग समुद्र पार से यहां आए, तब भारत के द्वार दरवाजे एक खास दिशा की ओर खुल गए। आधुनिक औद्योगिक सभ्यता बिना किसी शोरगुल के इस देश में प्रवेश कर गई। नए विचारों और नए भावों का हम पर हमला हुआ और भारतीय बुद्धिजीवी अंग्रेज बुद्धिजीवियों की तरह सोचने का अभ्यास करने लगे।" इस वक्तव्य के अनुसार भारतीय बुद्धिजीवियों द्वारा अंग्रेज बुद्धिजीवियों की तरह सोचना खास प्रतिष्ठा है।

अंग्रेज बुद्धिजीवियों के हित साम्राज्यवादी थे। उनके लक्ष्य ईसाईयत के प्रचार से जुड़े थे। सभ्यता इकहरी नहीं होती। प्रत्येक सभ्यता का एक दर्शन होता है। एक उद्देश्य होता है। स्वयं को प्रकट करने की अपनी शैली होती है। यह सारी बातें हिन्दू धर्म और परंपरा में पहले से मजबूत रही हैं,लेकिन नेहरू और उनसे प्रभावित बुद्धिजीवी यूरोप से वैचारिक आयात कर रहे थे। इसलिए इतिहास के अनेक प्रश्न महत्वपूर्ण हैं। हिन्दू इतिहास संकलन की शैली यूरोपीय इतिहास संकलन से भिन्न है। भारतीय बुद्धिजीवियों ने महाकाव्यों, पुराणों और वैदिक साहित्य के रूप में भारत की सभ्यता और संस्कृति की नीव मजबूत की थी,लेकिन प्राचीन भारत में यूरोपीय ढंग से इतिहास का संकलन नहीं हुआ।

अंग्रेजों ने अपनी सत्ता चलाने के लिए भारत के सम्यक अध्ययन को जरूरी पाया। ब्रिटिश विद्वानों ने इतिहास की यूरोपीय शैली को अपनाते हुए भारतीय इतिहास का विवेचन किया। मार्क्सवादी विद्वान रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय' (पृष्ठ 6) में लिखा है, "ब्रिटेन वालों ने जब यहां शासन कायम किया तब उन्हें औपनिवेशिक प्रशासन के हित में इसकी आवश्यकता प्रतीत हुई। जब 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आए, तब शासकों को हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था करने में कठिनाई का अनुभव हुआ। अतः 1776 में सबसे अधिक प्रामाणिक मानी जाने वाली मनुस्मृति का अंग्रेजी अनुवाद 'ए कोड ऑफ जेंटू लॉज' के नाम से कराया गया।" यह सब बातें मार्क्सवादी विद्वान की हैं। 1784 में कोलकाता में 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' की स्थापना विलियम जोन्स ने की। उन्होंने 'अभिज्ञान शाकुंतलम' नाटक का अंग्रेजी में अनुवाद किया। इसी समय वर्ष 1785 में विलकंस ने भगवद्गीता का अंग्रेजी में अनुवाद किया। ब्रिटिश सत्ताधीश भारत को ठीक से समझने में लगे थे। वस्तुतः भारत की सभी संस्थाओं को अंग्रेजीराज की मजबूती के लिए इस्तेमाल करने का काम उस समय के आधुनिक विद्वानों के द्वारा किया जा रहा था।

रामशरण शर्मा ने लिखा है कि, "उन्हें महसूस हो गया कि जिन विदेशी लोगों पर उन्हें शासन करना है, उनके रीति-रिवाज और सामाजिक व्यवस्था का गहन ज्ञान प्राप्त करना होगा। क्रिश्चियन मिशनों के धर्म प्रचारकों ने भी हिन्दू धर्म की दुर्बलताओं को जानना आवश्यक समझा ताकि वे धर्म परिवर्तन करा सके और इसके द्वारा ब्रिटिश साम्राज्यवादियों को मजबूत बना सकें। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मैक्समूलर के संपादकतत्व में विशाल मात्रा में प्राचीन धर्म ग्रंथों का अनुवाद किया गया। ये अनुवाद 'सैकरेड बुक्स ऑफ द ईस्ट' सीरीज में 50 खंडों में प्रकाशित हुआ। भारतीय इतिहास और समाज के अध्ययन का इनका उद्देश्य ब्रिटिश सत्ता का समर्थन था। पाश्चात्य विद्वानों ने भारतीय इतिहास और समाज की संरचना के सम्बंध में कई भ्रामक नतीजे निकाले थे। उनके मत में प्राचीन भारत के लोगों को इतिहास का विशेषतया काल और क्रम का बोध नहीं था कि भारत के लोग स्वेच्छाकारी शासन के अभ्यस्त रहे। वे आध्यात्मिक और पारलौकिक समस्याओं में ही डूबे रहे" विंसेंट स्मिथ (1843-1920) ने 'अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया' नाम का ग्रंथ लिखा। स्मिथ भी ईमानदार नहीं रहे।

ब्रिटिश विद्वानों के इतिहास ग्रंथ पक्षपातपूर्ण रहे हैं। उन्होंने इतिहास का विरुपण किया है। हम भारत के लोग जन्म से, अनुभव से, अध्ययन और परिश्रम से विश्व की प्रतिष्ठित संस्कृति के उपासक हैं। संप्रति विदेशी सभ्यता और संस्कृति को आधुनिकता बताकर तथ्य गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। हमारा वर्तमान हमारे भूत का विस्तार है और हमारे आज के श्रमतप भविष्य का भारत रच रहे हैं। आधुनिकता के नाम पर विदेशी संस्कृति का आवाहन और हिन्दू संस्कृति की उपेक्षा स्वीकार्य नहीं है। भारत की आधुनिकता भारत की परंपरा का ही विकास होनी चाहिए।

## मार्क्सवाद

कार्ल मार्क्स का मतलब क्या है? उनका लक्ष्य क्या था? हमारे बीच में अनेक लोग हैं,जो उनको अर्थशास्त्री, विचारक आदि कहकर पुकारते हैं। इसी आधार पर अनेक मार्क्सवादी अपने को मार्क्सवादी अर्थशास्त्री होने, मार्क्सवादी आलोचक होने का दावा भी करते हैं। ऐसे ही लोगों को ध्यान में रखकर एंगेल्स ने जो कहा उसका महत्व है। एंगेल्स ने लिखा- "कुछ भी होने के पहले मार्क्स सबसे पहले क्रांतिकारी है।" मार्क्स का लक्ष्य था पूंजीवादी व्यवस्था को नष्ट करके उसके स्थान पर शोषणमुक्त समाज का निर्माण करना। क्या हमारे अनेक प्रतिष्ठानी मार्क्सवादी इस कोटि में आते हैं? क्या उनके सब कामों के पहले क्रांतिकारी लक्ष्य सामने रहते हैं?

भारत में साहित्य से लेकर अर्थशास्त्र तक ऐसे मार्क्सवादी हैं,जो बार-बार "थ्योरी" की अप्रासंगिकता का बखान करते रहते हैं। इस तरह ये लोग मार्क्सवाद का विकृतिकरण कर रहे हैं। साहित्य में इसके आदर्श हैं नामवर सिंह। वे कई बार "थ्योरी" सिद्धांततः खारिज कर चुके हैं। वे नहीं जानते कि इस तरह वे किसकी सेवा कर रहे हैं। "थ्योरी" के रूप में मार्क्सवाद पहले भी प्रासंगिक था और आज भी है। इसके आधार पर अनेक महत्वपूर्ण काम मार्क्सवादियों ने किए हैं।

हिन्दी में नामवर सिंह से लेकर रामविलास शर्मा आदि तकरीबन अधिकांश मार्क्सवादी आलोचकों ने थ्योरी को अस्वीकार करते हुए, आलोचना पर जोर दिया, ये लोग निरंतर आलोचना लिखते रहे, आलोचना बोलते रहे, लेकिन इस क्रम में यह भूल गए कि थ्योरी के बिना आलोचना ठूंठ होती, निर्जीव होती है। उसमें निज के विकास की क्षमता नहीं होती। यही वजह है आज हमारे बीच में नामवर सिंह हैं, उनकी आलोचक भक्तमंडली है, लेकिन हिन्दी आलोचना गायब है। नामवर सिंह के रहते आलोचना गायब क्यों हो गई? यह सवाल तो बनता है। उसी तरह यह भी सवाल बनता है कि जो

**मार्क्स का लक्ष्य था पूंजीवादी व्यवस्था को नष्ट करके उसके स्थान पर शोषणमुक्त समाज का निर्माण करना। क्या हमारे अनेक प्रतिष्ठानी मार्क्सवादी इस कोटि में आते हैं? क्या उनके सब कामों के पहले क्रांतिकारी लक्ष्य सामने रहते हैं?**

प्रतिष्ठानी मार्क्सवादी अर्थशास्त्री हैं, उनके रहते हुए मार्क्सवाद हमारे देश में हाशिए पर कैसे पहुंच गया? ध्यान रहे यथार्थ के छोटे-छोटे विवरण और ब्यौरे या आख्यान को मार्क्सवाद नहीं कहते। मार्क्सवाद को बिना थ्योरी के समृद्ध नहीं किया जा सकता।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

मार्क्सवाद का लक्ष्य है शोषणमुक्त समाज की स्थापना करना। यानी व्यक्ति के द्वारा व्यक्ति के शोषण का खात्मा करना। भारत के संदर्भ में यह बात कैसे लागू करें, इसे अपने समाज की संरचनाओं की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर तय करें। इसके लिए पहली शर्त है मार्क्सवाद की शिक्षा, मार्क्सवाद की शिक्षा के बिना कोई भी चीज न तो सही नजरिए से देख सकते हैं और न विश्लेषित कर सकते हैं।

मार्क्सवादी होने का मतलब कम्युनिस्ट पार्टी का मेंबर होना नहीं है,मार्क्सवाद कोई कोट नहीं है जिसे हेंगर से उतारा और पहन लिया और मार्क्सवादी बन गए। हो सकता है आप पार्टी मेंबर हों, लेकिन मार्क्सवाद शून्य हों,हमारे देश में बहुत बड़ी संख्या में पार्टी मेंबरों को मार्क्सवाद का न तो ज्ञान है और न वे ज्ञान पाना चाहते हैं। वे इंकलाब जिंदाबाद से अधिक कुछ नहीं जानते या पार्टी ने जो कहा है उसको यांत्रिक तौर पर दोहराते रहते हैं। इन सबको मार्क्सवाद की केटेगरी में नहीं रखा जा सकता। ये वे लोग हैं,जो अर्थवाद, अवसरवाद या मित्रता के नाते कम्युनिस्ट दल से जुड़े हैं। इस तरह के मार्क्सवादियों से तो खुद मार्क्सवाद को खतरा है। यह तो नीम-हकीम खतरा ये जान वाला मामला है।

## चेतना की उत्पत्ति पर विज्ञान की आंशिक यात्रा

यह तो स्पष्ट है कि पदार्थ के एक खास समुच्चय से ही चेतना की उत्पत्ति होती है,किंतु वह कौन सा निर्णायक बिंदु है जिस पर यह चमत्कार संपन्न होता है? और उस बिंदु पर ठीक-ठीक क्या घटित होता है,जो चेतन प्राणी को अचेतन जगत से भिन्न कैटेगरी का बना देता है। इस कदर कि चेतना है तो हम हैं, विश्व है। चेतना नहीं तो सब कुछ "होते" हुए भी कुछ नहीं। चेतना ने ही स्व का बोध किया और स्व से पृथक नानारूप विश्व का बोध किया। इस रहस्य को भेदने की दिशा में विज्ञान की यात्रा "आंशिक" है (और क्या पता, आंशिक ही रहने वाली हो)। इतना तो निश्चित है कि पृथ्वी को छोड़कर हमारे और किसी अन्य सौरमंडल के किसी भी ग्रह पर चेतन प्राणी के अस्तित्व का "वैज्ञानिक प्रमाण" अभी तक नहीं मिला है। पृथ्वी पर भी असंख्य जीवों में से मनुष्य एक है। वे सब कैसे अस्तित्व में आए? उन सबसे मनुष्य का क्या संबंध है?

चेतन प्राणी की जो प्रकृति है उससे स्पष्ट है कि उसमें कार्बन के अणु बहुतायत में हैं। 1923 में रूसी जैव-रसायनज्ञ ए.आई ऑपरिन (बायोकेमिस्ट, ओपरिन) ने जीवन की उत्पत्ति के संबंध में जैव-रासायनिक सिद्धांत का प्रतिपादन किया। 1928 में बरतानिया के विकासवादी जीव-वैज्ञानिक जे बी एस हाल्डेन ने उसकी पुष्टि की। इसके अनुसार जीवन की उत्पत्ति सरल कार्बनयुक्त अणुओं से हुई है। लगभग 4.5 अरब (बिलियन) साल पहले जब एक सौर्य बादल (नेबुला) के फटने से हमारा सूर्य और पृथ्वी समेत सौरमंडल के ग्रह बने, पृथ्वी धधकती हुई



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

**समय बीतने के साथ पृथ्वी ठंडी होने लगी। जब इतनी ठंडी हो गई कि भाप का संघनन हो सके, दीर्घकाल तक बारिश होती रही। इससे निचले स्तरों में पानी भर गया,जिससे समुद्र अस्तित्व में आए।**

आग का गोला थी। इसमें ऊर्जा के अनेक स्रोत मौजूद थे-ब्रह्मांडीय किरणें, विकिरण, बिजली चमकने से होने वाले विद्युत विसर्जन और ज्वालामुखियों से निःसृत ऊष्मा। उस अवस्था में पृथ्वी निरंतर, प्रतिदिन हजारों यौगिक निर्मित करने वाले कारखाने की तरह काम कर रही थी। इस आत्यंतिक स्थिति में पृथ्वी के दहन से उत्पन्न ऑक्सीजन शुद्ध ऑक्सीजन नहीं रह सकती थी। उसी ऑक्सीजन से जल और कार्बन के यौगिक चूना-पत्थर उत्पन्न हुए। उसी से हाइड्रोजन की यौगिक मीथेन उत्पन्न हुई और हाइड्रोजन तथा नाइट्रोजन के मिलने से अमोनिया बन गई। इस तरह बनने वाले सभी यौगिक जैविक थे। समय बीतने के साथ पृथ्वी ठंडी होने लगी। जब इतनी ठंडी हो गई कि भाप का संघनन हो सके, दीर्घकाल तक बारिश होती रही। इससे निचले स्तरों में पानी भर गया, जिससे समुद्र अस्तित्व में आए। पुरानी ऊष्मा के चलते समुद्र का पानी गर्म था। उसमें अनेक प्रकार के जैविक अणु बहुतायत में घुले हुए थे,जिससे उसकी प्रकृति सूप-जैसी थी। गर्म जल में इन यौगिकों की अंतःप्रक्रिया से कई अन्य यौगिक बने। उनमें से कई में अमीनो अम्ल के घटक शामिल थे,जो कार्बन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन और ऑक्सीजन से बना एक यौगिक था। ये अमीनो अम्ल बड़ी मात्रा मे आपस में जुड़कर प्रोटीन बन गए और प्रोटीन ही जीवन-सौध के निर्माण में ईंटों का काम करते हैं। मस्तिष्क की कोशिकाएं भी प्रोटीन की ही देन हैं, किंतु प्रोटीन-जैसे स्थूल तत्व से चेतना-जैसे सूक्ष्म तत्व की निर्मिति में बहुत फासला है तो चेतना की उत्पत्ति के बारे में वैज्ञानिकों का अभी तक अनिश्चित अनुमान-जैसा ही है। यह तो शुद्ध अनुमान है कि यह चमत्कार लगभग 3.5 अरब साल पहले हुआ होगा, यानी पृथ्वी के जन्म से लगभाग एक अरब साल बाद। उस अनुमान को वैज्ञानिक शब्दावली में मिलर-यूरे प्रयोग (मिलर-यूरे इक्सपेरिमंट) के नाम से जाना जाता है।

1952 में दो अमेरिकी जीव रसानयज्ञ, स्टैनली मिलर और हैरॉल्ड यूरे,ने मिलकर प्रयोगशाला में छोटे स्तर पर ठीक वही स्थितियां उत्पन्न करने की कोशिश कीं जो (अनुमानतः) 3.5 अरब साल पहले पृथ्वी पर रही होंगी। उन्होंने मीथेन, अमोनिया, पानी की भाप और हाइड्रोजन के मिश्रण को एक बंद परखनली में रखकर, एक हफ्ते तक 80 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर विद्युत स्फुलिंग से आवेशित किया। एक हफ्ते बाद जब परखनली के पदार्थों को जांचा गया,उसके पेंदे में अमीनो अम्ल के विभिन्न रूप मिले जो,जैसा कि ऊपर कहा गया, प्रोटीन के निर्माण के लिए आवश्यक हैं। इससे उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि पृथ्वी के शुरुआती वातावरण का अनुकरण कर, बहुत सारे जैविक यौगिकों का निर्माण किया जा सकता है। यह ऑपरिन और हाल्डेन के जैव-रासायनिक प्रमेय की पुष्टि थी। वैज्ञानिकों ने इसे प्रयोगशाला में जीवन के तत्वों के निर्माण के रूप में लिया और अमेरिकी भौतिकशास्त्री रिचर्ड फेयनमैन ने तो इस उपलब्धि को पृथ्वी पर जीवन के उत्पत्ति विषयक मानव-ज्ञान की सफलता मानते हुए इस पर एक कविता लिखकर जश्न तक मना डाला।

मिलर महोदय 2007 में अपनी मृत्यु तक इस दिशा में शोधरत रहे। वे अनेक प्रकार के अमीनो अम्लों और जैविक एवं गैर-जैविक यौगिकों के निर्माण में सफल हुए जो कोशिकीय संरचना और संश्लेषण में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। जैविक कोशिकाओं में भोजन के चयापचय में अंतरण का भी उन्होंने अध्ययन किया,लेकिन कोशिका के निर्माण और चेतना का प्रादुर्भाव करने से हम अभी कितनी दूर हैं, कुछ पता नहीं। तब से हमने क्लोन तो बना लिया, लेकिन डिम्ब और शुक्राणु बना पाने का अभी तक कोई आसार नहीं है। यह बात अलग है कि क्वांटम भौतिकी के अनुसार सूक्ष्मातिसूक्ष्म स्तर पर हम (ब्रह्मांड के जड़, चेतन और खाली आकाश भी) एकरूप और परस्पर उलझे हुए विद्युतावेशित इलेक्ट्रॉन और क्वार्क के तरंगित क्वांटा क्षेत्र हैं। ठीक कहा है, जितना जानिए, उतना ही यह एहसास बढ़ता जाता है कि हम कितना कम जानते हैं।

## अतीत की स्मृतियों का महत्व

भारत के धार्मिक एवं सांस्कृतिक जीवन में वृक्षों का विशेष रूप से पीपल, बरगद, कदंब एवं नीम का बहुत महत्व रहा है। पौराणिक आख्यानों में इनका संबंध शायद विष्णु, शिव, कृष्ण और मां काली से है। पता नहीं, राम से संबंधित कोई वृक्ष है कि नहीं! मेरे बचपन में पीपल वृक्ष भूत, प्रेत, जिन्न आदि का स्थाई निवास स्थान था। भूत-प्रेत अब बिल्कुल ही गायब हो चुके हैं। वृक्षों के संबंध में अतीत की स्मृतियों का अपना महत्व है। हमने दो वृक्षों का रोपण ने हाई स्कूल के दिनों में 1970 के आसपास किया था, इनकी उम्र कोई 54 वर्ष के करीब है। दोनों वृक्षों के बीच मुख्य सड़क से उत्तर एक डेढ़ किलोमीटर दूर मेरे गांव जाती सड़क। कच्ची सड़क अब राजपथ है, पीपल के वृक्षों का स्थान बस पड़ाव है और दोनों वृक्षों की छाया में सड़क किनारे यात्री शेड बने हैं।

सड़क से सौ मीटर दक्षिण एक बड़े बांध के बाद सरयू का कोई नौ किलोमीटर चौड़ा और पचासों किलोमीटर की लंबाई में फैला विशाल दियारा प्रक्षेत्र है। दियारा प्रक्षेत्र विगत वर्षों में सूअर, नीलगाय, आवारा गाएं और साड़ों का चारागाह क्षेत्र बना हुआ है। नीलगाएं गांव के करीब भी दिखीं। गांव के बिल्कुल मध्य में एक विशाल बरगद का वृक्ष था, जिसकी छाया में राम कथा और महाभारत कथा हुआ करती तथा नाटकों का मंचन होता। कथा और नाटक दोनों अतीत की बात हो चुके हैं। पश्चिम में एक इतना



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

**हमारे समय तो एक साइकिल भी मुश्किल से नसीब थी और सारे घर मिट्टी के थे,पर आज सिर्फ पक्के मकान हैं और गांव में कार और मोटरसाइकिलों की भरमार है। कार का होना शान का प्रतीक है।**

ही विशाल बरगद वृक्ष था, जिसके नीचे 'सती देवानी' का स्थान था तथा बगल में ही छठ स्थल। सती देवानी का पुराना महत्व नहीं हैं, पर छठ पूजा व्यापक रूप धारण कर चुकी है। अगर अपने बचपन की सोचूं तो तुलनात्मक रूप से आज का मेरा गांव बहुत ही ज्यादा समृद्ध है। हमारे समय तो एक साइकिल भी मुश्किल से नसीब थी और सारे घर मिट्टी के थे,पर आज सिर्फ पक्के मकान हैं और गांव में कार और मोटरसाइकिलों की भरमार है। कार का होना शान का प्रतीक है। गांव का करीब पचास प्रतिशत दिल्ली, कलकत्ता, लखनऊ, जमशेदपुर, वाराणसी आदि शहरों में जा बसा है।

## शानदार शॉपिंग

देश, राष्ट्र, समाजवाद जैसे शब्द आकाश से उतरे हुए शब्द नहीं हैं, इसी धरा के शब्द हैं और इसी धरा की बेहतरी के लिए महान पूर्वजों द्वारा शिल्पित शब्द हैं। हम बहुत छोटे-छोटे कार्यों तीनों को साध सकते हैं। जैसे मैंने बरसात के बाद देखा कि एक बुजुर्ग साइकिल पर रेगुलर इस्तेमाल की चीजें सजाकर बेच रहे थे। उनकी कमीज खुली अलमारी की तरह थी। पूरा बदन पसीने और बरसात की पानी से भीगा हुआ था। देखने में लग रहा था, सलीके का भोजन लिए हुए उन्हें महीनों हुआ होगा। मेरे मन में आया कि उनसे कुछ खरीदूं, पर उनके पास जो चीजें तीन, उनकी मुझे जरूरत नहीं थी, फिर देश और समाजवाद को सशक्त करने के लिए इस गरीब से खरीदारी। बेवजह की खरीदारी को वे भी समझ गए, लगभग सात सौ की खरीदारी के बाद बोले कि बाबू जी अब बस करिए, इतने में हमारा परिवार पूरे हफ्ते अच्छा खाना खाएगा। हम इन गरीब व्यापारियों से खरीदारी कर देश की अर्थव्यवस्था को समग्रतः मजबूत करते हैं। क्रयशक्ति गरीब के घर जाएगी तो गरीबी घटेगी, राष्ट्र सशक्त होगा। बड़े-बड़े मॉल में खरीदारी का खरीदारियों के हम विरोधी नहीं, पर वहां की खरीदारी का मतलब समंदर पर मूसलाधार बरसात करना है। जम के सागर पे बरसते रहे बादल बंधु और एक बूंद को तरसते रहे मरुधर बंधु इसलिए बंधुओं खरीदारी जहां करते हैं, करते रहें, पर ठेला या साइकिल या सर पर सामान बेचने वालों से जरूर खरीदारी करें।



दीपक मिश्र
अध्यक्ष बौद्धिक सभा

## बाढ़ की चपेट में शहर

उत्तर प्रदेश का शहर शाहजहांपुर आजकल बाढ़ की चपेट में है। शहर गर्रा और खन्नौत नदियों के बीच बसा है। इन नदियों ने शहर को अपने आलिंगन में समेट रखा है। शहर इनसे बाहर निकलने की कोशिश करता है तो नदियां गुस्से से उफनकर दबोच लेती हैं उसको। शहर को अपनी औकात पता चलती है। वह नदियों के आगोश में सहम-सिकुड़ जाता है। नदियां फिर उसको प्यार से समेट लेती हैं।

कुछ दिनों पहले शाहजहांपुर गए थे तो पता चला खन्नौत की तरफ के इलाके पानी में डूबे हैं। लोदीपुर की तरफ का रास्ता बंद है। पानी से भरा है। केरूगंज की तरफ से शहर में घुसे, जिस जगह हम रहे वहां पानी नहीं भरा था। न बारिश हो रही थी। अंदाज नहीं था कि जिनके घर पानी में डूबे हैं उनके हाल कैसे होंगे। पता चला और हमने बाद में पुल से देखा भी कि इमारतों में पानी भरा है। घर आधे-आधे डूबे है पानी में। लोगों ने नदियों के किनारे घर बनाए हैं। कई साल पानी नहीं आता होगा उस इलाके में तो उसको सुरक्षित मानकर वहां घर बना लिए,लेकिन जब दस-बीस साल बाद नदी में पानी बढ़ता है तो उस जमीन पर फिर से कब्जा करता है। डूबो देता है जमीन को।



अनूप शुक्ल
कानपुर



नदियों किनारे बने नीचे इलाके में बने घर ऐसे होते हैं,जैसे किसी ट्रेन की कोई रिजर्व बोगी में अनारक्षित यात्री आकर बैठ जाए और कि पूरी यात्रा आराम कटेगी,लेकिन चार-छह स्टेशन बाद वह यात्री आए,जिसके नाम बर्थ रिजर्व है और ट्रेन में आराम से लेटे यात्री को उठाकर कहे - 'भाई साहब, यह बर्थ मेरी है। खाली कर दीजिए।' यात्री बेचारा दुखी होकर खुद को और सामान को भी समेटकर सीट छोड़ देता होगा।

नदियां भी इसी तरह अपनी जमीन पर कब्जा कायम करने को वापस लौटती हैं। लोगों को अपनी जमीन पर घर बसाए देखकर भन्ना जाती होंगी। बेदखल कर देती हैं लोगों को,लेकिन यह पानी यहां की बरसात का नहीं है। बांध से छोड़ा पानी है। कहीं और बरसा होगा पानी। बांध में आया होगा। बांध का पेट भरा है। उसने पानी इधर उलट दिया। बरसा कहीं,भरा कहीं कहावत है न : एक गांव में आग लगी, एक गांव में धुंआ।

एक दिन बाद खन्नौत की तरफ पानी कम हुआ तो गर्रा की तरफ बढ़ गया। नदी किनारे तमाम इलाके पानी में डूब गए। शहर के अस्पताल के सामने घुटनों, कमर तक के पानी में लोग भागते दिखे,जो बीमार हैं उनका क्या हाल होगा। लोग अपने घरों को छोड़कर दूसरे इलाके में भाग रहे हैं। सामान निकालना समस्या है। सामान ढोने वाली सवारियों के भाव बढ़े हैं। वो भी निकाल कहां पा रही हैं? लोग अपना सामान घर में ही छोड़कर सुरक्षित इलाकों में जा रहे हैं। बाढ़ के पानी ने रास्ते बदल दिए हैं। हमको 30 किलोमीटर दूर एक कार्यक्रम में जाना था। बरेली मोड़ पर पानी भरा होने के चलते दूसरे रास्ते जाना पड़ा। 30 किलोमीटर की दूरी 90 किलोमीटर में बदल गई। रास्ते में जाम। 90 किलोमीटर की दूरी छह घंटे में तय कर पाए।

शहर कई तरफ से पानी से घिरा है। जगह-जगह नदियों का पानी 'जनता दर्शन' के लिए मौजूद है। लोग फोटो-वीडियो बनाने में जुट रहे हैं। अनगिनत फोटो-वीडियो इधर-उधर टहल रहे हैं। लोगों के मोबाइल डिजिटल बाढ़ में डूब रहे हैं। दो दिन शाहजहांपुर रहने के बाद वापस लौट आए। खन्नौत की तरफ का पानी कम हो गया था। जाते समय जिधर से रास्ता पानी में डूबा था वह साफ हो गया था। उधर से ही आए। प्रेम-स्नेह की बारिश और बाढ़ में भीगे-डूबे। यह स्नेह/प्रेम की बारिश और बाढ़ ऐसी है,जिसमें हमेशा भीगने और डूबे रहने का मन करता है।

## संविधान हत्या दिवस

केंद्र सरकार ने 25 जून की तारीख को प्रतिवर्ष 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाए जाने की आधिकारिक घोषणा की है। चूंकि वर्ष 1975 में इसी तिथि को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद से देश में आपातिक स्थिति यानी इमरजेंसी की उद्घोषणा करवाई थी। इस कालखंड में कुछ शासन और कुछ प्रशासन तंत्र द्वारा प्रावधानों के बेजा उपयोग के कारण लोगों को कष्ट हुए थे। इसे संविधान हत्या दिवस घोषित करने पर एक नई बहस छिड़ गई है। आरोपों प्रत्यारोपों का दौर जारी है।

आम जनता तो 49 साल पहले की बात काफी कुछ भूल चुकी है, नई पीढ़ी तो इसे जानती भी नहीं,किंतु प्रबुद्ध लोग इस अति पुरानी घटना को नए दिवस के रूप में मनाने पर चकित हैं और वे बुद्धि और लेखनी चलाने लगे हैं। वे कहते हैं कि संविधान में इमरजेंसी लगाने का तो प्रावधान है और यह उसी के अंतर्गत लगाई गई थी,फिर संविधान की हत्या कैसी? संविधान का अनुच्छेद 352 आपातिक स्थिति लगाने की व्यवस्था करता है,जो आज भी मौजूद है। दस वर्ष से तो भाजपा की सरकार केंद्र में सत्तारूढ़ है। न तो उसे संविधान हत्या की याद आई और न उक्त अनुच्छेद निरस्त करने का कोई प्रयास किया। दरअसल यदि 25 जून,1975 को संविधान की हत्या हो गई थी,तो इमरजेंसी के ठीक बाद हुए चुनावों के परिणामस्वरूप मोरारजी देसाई की सरकार कैसे बनी,जिसमें भाजपा की पार्टी के अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी मंत्री थे? क्या यह सरकार असंवैधानिक थी? क्योंकि संविधान तो मर चुका था। हत्या किया हुआ व्यक्ति तो जीवित हो ही नहीं सकता। दूसरा संविधान कब बना? यह केंद्र को स्पष्ट करना होगा। इमरजेंसी लगाने की सलाह जरूर इंदिरा गाधी कैबिनेट ने दी थी, किंतु तब तो कैबिनेट की सलाह मानने के लिए राष्ट्रपति बाध्य भी नहीं थे। वे न हस्ताक्षर करते, तो इमरजेंसी कैसे लगती? बाध्य होने वाला 44 वां संविधान संशोधन तो 1976 में हुआ है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यदि ऐसा कोई दिवस मनाना जरूरी था, तो मोरारजी देसाई की 27 महीने चली और अटल बिहारी वाजपेयी की छह साल चली विपक्षी सरकारों ने इसे जरूरी क्यों नहीं समझा और मोदी को भी दस साल बाद ही क्यों याद आई? शायद अपनी पार्टी के गिरते और कांग्रेस के उठते ग्राफ से हतप्रभ हुए भाजपाई हताशा में अपनी स्थिति पुनर्स्थापित करने के लिए हाथ पैर मार रहे हैं,जिनका जनता पर प्रभाव न के बराबर होगा। अच्छा होता कि यह मिलीजुली सरकार कुछ ठोस सकारात्मक मुद्दे लेकर आगे बढ़ती।

## एक नजर

### शादी में दावत खाने गए युवक की बाइक चोरी

**आंवला, अमृत विचार :** शादी की दावत खाने गए एक शिक्षक की बरात घर के सामने से बाइक चोरी हो गई। नगर की बालाजी धाम कॉलोनी पुरैना निवासी कमलेश कुमार परशुवंशी ने बताया कि वह नगर के एक कालेज में सहायक अध्यापक है पांच दिन पहले नगर के बरात घर में दावत खाने गया था। वापस आया तो बाइक चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील

**मीरगंज, अमृत विचार :** मीरगंज थाना परिसर में शनिवार को कावड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर एक शांति समिति की बैठक हुई। एसडीएम तृप्ति गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक अवधेश यादव ने धर्मगुरुओं, संभ्रांत लोगों से बातचीत कर सभी को आपसी भाईचारा के साथ पर्व मनाने की अपील की, एसडीएम ने कहा कि शांति को बनाए रखने में दोनों समुदायों के प्रबुद्धजन, धर्मगुरु पुलिस का सहयोग करें। थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश यादव ने कहा सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से ताजिये की ऊंचाई अधिक न रखें ताकि कोई खलल न हो। कोई भी समस्या आने पर उन्हें या थानाध्यक्ष या हल्का इंचार्ज को सूचित करें।

### मजदूरी करने हरियाणा गया युवक लापता

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज के गांव अख्त्यारपुर नवदिया के धर्मदास ने थाने पर दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके बेटे सुनील कुमार को गांव का ही व्यक्ति गुड़ाई का काम करने को हरियाणा के सोनीपत के गांव गुमाणा में ले गया था। उसने आरोपी को फोन कर अपने पुत्र से संपर्क करने का प्रयास किया पर आरोपी ने उसके बेटे से बात नही कराई। धर्मदास ने बेटे के साथ किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### सांसद ने मतदाताओं का किया स्वागत

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** मतदाताओं के समर्थन से तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं और बरेली लोकसभा सीट पर भाजपा के छत्रपाल गंगवार की जीत के बाद मीरगंज विधानसभा के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। शनिवार को भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आव्हान पर मीरगंज विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं का अभिनन्दन समारोह कस्बे के एक बरात घर में हुआ। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने सभी मतदाताओं को धन्यवाद दिया।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में 89 संकुल शिक्षकों का इस्तीफा

## सोमवार तक मांगों पर विचार न होने पर सभी ब्लॉकों से इस्तीफे की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



दमखोदा ब्लॉक में ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में प्रदर्शन करते संकुल शिक्षक।

**अमृत विचार :** ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में विभिन्न ब्लॉकों से अब तक 89 संकुल शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारियों को सामूहिक रूप से इस्तीफा सौंप दिया है। अन्य ने चेतावनी दी है कि सोमवार तक यदि उनकी मांगों पर शासन की ओर से विचार नहीं किया जाता है तो सभी ब्लॉकों में संकुल शिक्षक सामूहिक रूप से इस्तीफा देने के लिए विवश होंगे।

शिक्षकों का कहना है कि 31 उपार्जित अवकाश, 14 आकस्मिक, प्रतिकर, अध्ययन अवकाश, निशुल्क चिकित्सा प्रतिपूर्ति, दूसरा शनिवार अवकाश आदि विभिन्न मांगों को लेकर बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से अब तक कोई उचित निर्णय नहीं लिया गया है, न ही संघ के पदाधिकारियों से इस संबंध में वार्ता की गई है। जब तक उनकी मांगों को लेकर शासन की ओर से कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया जाता, वे ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था को किसी भी दशा में स्वीकार नहीं करेंगे। दमखोदा से 37, बिथरी से 32 और क्यारा से 20 संकुल शिक्षकों ने सामूहिक तौर पर इस्तीफा दिया है। यूटा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह का कहना है कि ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में संकुल शिक्षकों ने सामूहिक इस्तीफा देकर एक जुटता का परिचय दिया है। शासन को जल्द मांगों पर विचार करना चाहिए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि शासन की ओर से इस व्यवस्था को शिक्षण हित में लागू किया गया है। शिक्षकों का विरोध उचित नहीं है। उन्हें इस आदेश को सहर्ष स्वीकार करना चाहिए।

# फारिया ने दुर्गा बनकर प्रेमी से किया विवाह

संवाददाता, भुता

- युवती बोली, हलाला के डर से किया धर्म परिवर्तन



मंदिर में शादी के बाद नवदंपती।

**अमृत विचार :** भुता के गांव खजुरिया संपत में बदायूं निवासी युवती ने धर्म परिवर्तन कर मंदिर में युवक से शादी कर ली। उसने फारिया से अपना नाम बदलकर दुर्गा रख लिया। युवती ने बताया कि उसने हलाला के डर से धर्म परिवर्तन कर शादी की है। गांव की मढ़ी के महंत योगी सरोज नाथ ने विवाह कराया।

फारीया ने बताया दोनों 13 साल से बदायूं के कांशीराम सरकारी आवास कॉलोनी में रह रहे थे। कुछ समय तक दोनों ने एक साथ स्कूल में पढ़ाई भी की थी। दोनों का प्रेम प्रसंग लगभग पांच साल से चल रहा था। जब इसकी जानकारी घर वालों को हुई तो मिलने-जुलने पर रोक लगा दी। इसके अलावा दूसरी जगह शादी करने जा रहे थे। इसकी वजह से दोनों ने वाराणसी के एक मंदिर में जाकर शादी की और फिर कोर्ट मैरिज भी कर ली। दिनेश ने बताया उसके घर वाले अब इस शादी के खिलाफ नहीं है लेकिन फारीया के परिवार वाले अभी खिलाफ हैं। शनिवार को उसने फारिया का धर्म परिवर्तन कराकर उसका नाम दुर्गा देवी रखा है। खजुरिया संपत मढ़ी के महंत योगी सरोज नाथ ने बताया दोनों युवक- युवती उनके पास आए थे। दोनों ने अपना परिचय दिया और शादी का कोर्ट से मिला प्रमाण पत्र भी दिखाया। उसके बाद युवती की मर्जी से उसका धर्म परिवर्तन कराया।

## सार-संक्षेप

### पुलिस महानिरीक्षक ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें



**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस पर शनिवार को अचानक पुलिस महानिरीक्षक राकेश सिंह थाने पहुंच गए । उन्हें देख पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया । उन्होंने वहां पर मौजूद फरियादियों की शिकायतों को सुना और शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश संबंधित को दिए। इसके बाद पुलिस महानिरीक्षक ने थाने का भी निरीक्षण किया उन्होंने कंप्यूटर कक्ष समेत माल खाना आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना प्रभारी को भी निर्देश दिए ।

### प्राण प्रतिष्ठा से पहले निकाली नगर में शोभायात्रा

**बहेड़ी, अमृत विचार :** बहेड़ी के गणेश गेट स्थित श्री राम जानकी मंदिर में चल रहे धार्मिक आयोजन के क्रम में देवों को मूर्तियों को नगर भ्रमण कराने शोभायात्रा निकाली गई। इससे पहले प्रमोद अग्रवाल ने पत्नी के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना की। वाहनों पर सवार शिव परिवार, पंचमुखी हनुमान, श्रीराधा कृष्ण और शनिदेव की मूर्तियों के साथ सायंकाल शोभायात्रा ढोल ताशे के साथ मंदिर परिसर से शोभायात्रा निकाली। इस दौरान मेला कमेटी के प्रमोद अग्रवाल, विवेक गर्ग, विनोद दुबे, अरुण अग्रवाल, महेश शर्मा, हरीश शर्मा व अवधेश रस्तोगी समेत अन्य लोग शामिल रहे।

### हजरत अली असगर की शहादत पर रोए अकीदतमंद



**सेंथल, अमृत विचार :** कस्बे में मोहर्रम पर चल रही अजादारी का सिलसिला जारी है। शनिवार को अकीदतमंदों ने हजरत अली असगर की शहादत पर आंसू बहाए। अकीदतमंदों ने आग पर मातम किया। इमामबाड़ा कला में शबीहे गहवारा की जियारत कराई गई। अलमों और और डोले का जुलूस उठा देर रात तक नियाज नजर और मजलिसों का सिलसिला चलता रहा। इमामबाड़ा खुर्द से अलम और डोले का जुलूस उठा। जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया। जुलूस बस्ती का गश्त करता हुआ देर रात इमामबाड़ा खुर्द पर जाकर समाप्त हो गया। इसमें शोजब अली, आबिस हसनैन, मनाल जैदी, शोहिब जैदी, फुजैल जैदी, निजाम हुसैन, अकबर अली, राहत हुसैन, सैफ जैदी आदि ने मर्सियाखानी की।

### छेड़खानी के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

**नवाबगंज, अमृत विचार :** हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव में अनुसूचित जाति की युवती से छेड़खानी हुई थी, जिसकी शिकायत आरोपी के घर पर करने पर सवर्ण समाज के लोगों ने पीड़िता के घर पर चढ़ाई कर उसके पिता की पिटाई कर दी, जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज बरेली के एक चिकित्सालय में चल रहा है। मामले में हाफिजगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई, जिसकी विवेचना सीओ नवाबगंज हर्ष मोदी कर रहे हैं। मामले में आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर भीम आर्मी के तहसील संयोजक सुरजीत गौतम के नेतृत्व में आर्मी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सीओ कार्यालय पर धरना देकर कार्रवाई की मांग की। सीओ हर्ष मोदी ने एक सप्ताह में कार्रवाई का आश्वासन देकर धरने को खत्म कराया।

### फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित कराने की मांग

**मानपुर, अमृत विचार :** किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक जयदीप सिंह बरार के नेतृत्व में क्षेत्रीय किसानों ने आंवला सांसद नीरज मौर्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लोकसभा में किसानों के लिए फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य कानून घोषित कराने की मांगों को केंद्र सरकार से स्वीकार कराने के लिए संघर्ष करने का आग्रह किया।इसी प्रकार के ज्ञापन सभी विपक्षी सांसद सदस्यों को दिए जा रहे हैं, जिससे वह सरकार के किए गए वादों को याद कराकर पूरा करवाएं।ज्ञापन देने वालों में पूर्व विधायक जयदीप सिंह बरार,चौधरी ओमपाल सिंह,वेदप्रकाश कश्यप,चौधरी विजयपाल सिंह आदि थे।

### बारिश से मकान गिरा, मलबा हटाते समय सर्प ने डसा

**भुता,अमृत विचार :** बारिश की वजह से कच्चे मकान गिरने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। शुक्रवार शाम को भुता के एकता विहार कॉलोनी में राजवीर का कच्चा मकान गिर गया, मलबे सामान निकालते समय राजवीर को सर्प ने डस लिया।तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए लेकर भागे, जहां उसकी हालत में सुधार हैं। ग्रामीणों ने बताया कि राजवीर के परिवार के गुजारे के लिए यह कच्चा मकान ही सहारा था, गिरने से परिवार के सिर छिपाने को जगह नहीं बची। पीड़ित परिवार ने पीएम आवास के साथ ही आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की।

### परगवां प्रधान के दो देवर समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज

**कैंट, अमृत विचार :** परगवां की प्रधान के दो देवरों समेत चार लोगों पर मारपीट की रिपोर्ट शनिवार को दर्ज हुई। कैंट थाना क्षेत्र के गांव परगवां निवासी महेशर पत्नी रईस अली ने बताया कि शनिवार को सुबह करीब 9 :30 बजे उसके पति रईस अली मजार से पानी भरकर घर ला रहे थे। इसी दौरान ग्राम प्रधान का देवर जुवैश अली और मुस्कान अली , अजमत अली और अशरफ अली ने उन्हें रोक लिया और रंजिशन गाली गलौज करने लगे। विरोध पर पीटने लगे। किसी तरह महिला का पति जान बचाकर घर में घुस गए, उसे और पत्नी को भी पीटना शुरू कर दिया। महिला की तहरीर पर कैंट पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

### मायके जाने को निकली महिला लापता, परिजन परेशान

**मीरगंज, अमृत विचार :** एक 55 वर्षीय महिला घर से मायके जाने निकली महिला लापता हो गई, परिजन उसकी तलाश करने के लिए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। गांव सिंधौली की रहने वाली उर्मिला ने बताया कि उनकी मां मुन्नी (55) 9 जुलाई को घर से मायके थाना सीबीगंज के एक गांव को जाने की बात कहकर घर से निकली। इसके बाद से उसका पता नहीं चला, परिजन रिश्तेदारियों में तलाश कर चुके जानकारी नहीं मिलने पर। उसकी पुत्री ने 10 जुलाई को थाने के गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर अधेड़ की तलाश कर रही है। प्रधान पति गांव सिंधौली मुकेश कश्यप ने बताया कि अधेड़ मुन्नी देवी के परिवार में शादी थी, वह उसकी मिठाई देने मायके गई थी, इसके बाद से वह नहीं लौटी, परिजन उसे तलाश रहे, लेकिन उसका पता नहीं चला। वहीं पुलिस का कहना है कि दो दिन पहले महिला रामनगर में दिखी थी वह मानसिक रूप से कमजोर है, इसलिए वह रास्ता भटक गई।

### नाली सफाई को लेकर सफाई कर्मियों से विवाद

**नवाबगंज, अमृत विचार :** बस्ती में हुए जल भराव के कारण शनिवार को नगर परिषद के कर्मचारी अंसार नगर बस्ती के गनी चौक पर नालियों की सफाई कर रहे थे। सफाई कर्मियों का आरोप है कि वह दोपहर में कुछ देर के लिए काम से रुके तो बस्ती के कफील उसकी पत्नी जीनत और साद्रू के साथ आए तीन चार लोग काम बंद करने को लेकर गाली गलौज करने लगे। जानकारी मिलने पर सभासद इरशाद अहमद भी पहुंच गए और इन लोगों को समझाने का प्रयास किया तो ये लोग सभासद से भी भिड़ गए और मारपीट करने लगे। सभासद के साथ ही सफाईकर्मियों ने आरोपियों के विरुद्ध मारपीट करने और हरिजन उत्पीड़न के तहत पुलिस को तहरीर दी है।

# पहचान छिपाकर लड़की को प्रेम जाल में फंसाया, गिरफ्तार

संवाददाता, बिथरी चैनपुर



- दो साल पहले हिमाचल प्रदेश में काम के दौरान दोनों की हुई थी जान पहचान

**अमृत विचार :** पहचान छिपा कर दूसरे समुदाय के युवक ने एक किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर हिमाचल प्रदेश से बरेली ले आया। किशोरी का नाम बदलकर उसे पत्नी की तरह घर में रखा।

धर्म की जानकारी होने पर किशोरी किसी तरह लड़के के चंगुल से निकलकर बाहर गई तो एक ग्रामीण को उसने पूरी जानकारी दी और फिर ग्रामीण के साथ थाने जाकर शिकायत की। किशोरी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया । जौनपुर के एक गांव की रहने वाली किशोरी ने बताया की वह नाबालिग है।

दो साल से वह हिमाचल प्रदेश के सिरमौर स्थित एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी कर रही थी। उसी कंपनी में बिथरी क्षेत्र के गांव उदयपुर जशरथपुर का रहने वाला अमन नौकरी करता था। जिसने अपना धर्म छिपाया और उसे प्रेम जाल में फंसाकर अपने साथ 1 जुलाई को गांव उदयपुर जशरथपुर ले आया और पत्नी की तरह घर में रख लिया। किशोरी ने बताया की युवक के पिता इदरीश ने उसका नाम बदलकर नाजरीन रख दिया। तब उसे जानकारी हुई है यह दूसरे समुदाय से है। जिसके बाद वह किसी तरह घर से निकलकर बाहर गई तो उसे एक ग्रामीण मिल गया। जिसके बाद उसने पूरी बात ग्रामीण को बताई और उसके साथ शिकायत करने थाने चली गई। सीओ हाईवे नितिन कुमार ने बताया किशोरी की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बाढ़ से फरीदपुर टोल प्लाजा पर सन्नाटा

**फरीदपुर, अमृत विचार :** बारिश से आई बाढ़ से टोल प्लाजा पर गाड़ियों की आमद में भारी कमी आई है। शारदा, बहगुल और देवहा नदी का पानी बरेली -लखनऊ मार्ग पर शाहजहांपुर में कई दिन से ऊपर होकर बह रहा हैं। इस वजह से लखनऊ की तरफ से आने वाली गाड़ियां अपना रास्ता बदल कर दूसरे रास्तों से होकर गुजर रही हैं। वहीं बरेली पीलीभीत मार्ग पर भी कई जगह पानी सड़क के ऊपर चल रहा है, जिससे कि उत्तराखंड की तरफ से आने वाला ट्रैफिक भी काफी कम हो गया है। वहीं शाहजहांपुर में बाढ़ का पानी रोड के ऊपर चलने की वजह से बरेली रामपुर की तरफ से भी आने वाले वाहन रास्ता बदलकर जा रहे हैं। इस वजह से फरीदपुर टोल प्लाजा पर वाहनों के आवागमन में भारी कमी आई है टोल प्रबंधक ने बताया कि यह सही बात है नदियों में छोड़े गए पानी की वजह से कई जगह से रोड के ऊपर पानी चलने से टोल पर ट्रैफिक नहीं आ पा रहा है। चार दिन से लगातार ट्रैफिक में भारी कमी आ रही है।

# आंवला में बनेगा संत विश्रामालय कैबिनेट मंत्री ने किया भूमिपूजन



संत विश्रामालय का भूमिपूजन करते कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, आंवला

- एक करोड़ 33 लाख में पुरैना सिद्ध मंदिर में होगा निर्माण

**अमृत विचार :** आंवला के पुरैना सिद्ध मंदिर परिसर में संत विश्रामालय एवं पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए प्रदेश सरकार ने वंदन योजना के तहत एक करोड़ 33 लाख रुपये की धनराशि जारी की है। शनिवार को कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने मंदिर में दर्शन कर नगरवासियों की मौजूदगी में विधि विधान से भूमि पूजन किया।

नगरपालिका परिषद की ओर से मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य उन्होंने कहा कि आंवला के विकास के लिए यह महत्वपूर्ण है। विकास सरकार से होता है। सरकार के धन का सदुपयोग होना चाहिए। आंवला प्रदेश का आइना होगा। आंवला में एक हजार करोड़ की लागत से दुग्ध फैक्ट्री बन रही है। यहां एथनॉल फैक्ट्री और चीनी मिल का निर्माण हो रहा है। ज्ञात हो कि 3 मार्च को नगरपालिका परिषद की ओर से आयोजित बैठक में सरकार से अतिथि ग्रह बनाने की मंजूरी मिलने की घोषणा की गई थी। चेयरमैन समेत सभासदों ने मंदिर की सड़क किनारे की जमीन पर अतिथि ग्रह बनवाने की मंशा जाहिर की थी।

# भ्रष्ट और लापरवाह पुलिस कर्मियों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 15 दिन में 14 पुलिसकर्मियों को किया है निलंबित

**अमृत विचार :** जिले के भ्रष्ट और लापरवाह पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने पिछले 15 दिनों में तीन दरोगा समेत 14 पुलिस कर्मियों को निलंबित किया है। सभी के खिलाफ विभागीय जांच चल रही है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा अन्य पुलिसकर्मियों पर भी जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी।

थाना प्रेमनगर क्षेत्र में गोली मारकर हत्या की कोशिश के आरोपी को बचाने और उसके ड्राइवर को गिरफ्तार कर जेल भेजने के आरोप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने थाना बहेड़ी के भुड़िया चौकी इंचार्ज विक्रांत आर्य को निलंबित करते हुए विभागीय जांच का आदेश दिया था। इसके अलावा सुभाषनगर थाने के दरोगा विनय कुमार, मुख्य आरक्षी शाहिद अली और मुख्य आरक्षी ऋषिपाल को निलंबित किया गया था। तीनों पर आरोप था कि हाफिजंगज क्षेत्र में ड्यूटी छोड़कर अपनी गाड़ी से पीलीभीत टाइगर रिजर्व पहुंचे थे। इसके अलावा एक से छह माह तक अनुपस्थित रहने वाले टीएसआई वीरपाल सिंह समेत 10 पुलिस कर्मियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए सभी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

किला थाने में तैनात सिपाही प्रियोम सिंह, पुलिस लाइन में तैनात अमित सक्सेना, अक्षय कुमार, सिपाही सचिन तोमर, मुख्य आरक्षी दिवेश कुमार, सिपाही चन्द्रदत्त, कैंट थाने में तैनात महिला सिपाही मीरा देवी, भोजीपुरा थाने में तैनात रणधीर सिंह लगातार गैरहाजिर चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि विभागीय जांच में दोषी पाए जाने पर सभी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध हालात में किसान की मौत

**भमोरा,अमृत विचार:** एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में शनिवार को मौत हो गई, परिजनों को पुलिस को सूचना दिए बगैर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। भमोरा के गांव रामपुर बुजुर्ग निवासी नेमचंद (55) खेत में झोपड़ी डालकर रहते थे, वहीं पर पशुओं को पालते थे। उनके बेटे रामरहीस और मनोज गांव में परिवार के साथ रहते हैं । वह रोज सुबह घर आकर चाय पीकर चले जाते थे। शनिवार दोपहर छोटा पुत्र धान की पौध लगाकर घर आया तो पता चला पिताजी आज खाना खाने नहीं आए है। वह खाना लेकर पहुंचा तो देखा वह बेहोश पड़े थे, तुरंत बड़े भाई को सूचना दी। भाई के साथ उन्हें लेकर निजी अस्पताल गए। डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ,घर में कोहराम मचा गया।

**सर्पदंश से युवक की मौत:** बहेड़ी में बंजरिमा रोड पर बसे गांव गुरसौली निवासी सोहन लाल को सर्प ने डस। जानकारी होने पर परिजन झाड़ फूंक और देशी इलाज करने वालों के यहां इलाज कराया पर राहत नहीं मिली। शनिवार सुबह सोहन लाल की मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया।

# ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने युवक को कुचला, मौत

संवाददाता, गुलड़िया

**अमृत विचार :** शादी की दावत खाकर लौट रहे एक युवक को देर रात ईंटों से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव बीवनी निवासी गिरेंद्रपाल शादी की दावत में शामिल होने अलीगंज बिजली घर गए थे।

लौटते समय रात 9:20 बजे अलीगंज से निकलते ही ईंट के भट्टे के पास गलत दिशा से आ रही ईटों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली जिसकी केवल एक ही लाइट जल रही थी, से बाइक सवार टकरा गया। युवक के ऊपर से ट्रैक्टर का पहिया गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर गिरेंद्रपाल के साले माखनलाल घटनास्थल से पहुंच गए और परिजनों के आने से पहले ही अलीगंज पुलिस ने शव को 108 एंबुलेंस बुलाकर मझगवां भिजवा दिया। थाना अध्यक्ष अलीगंज अजय कुमार शुक्ला ने बताया की ईंटों से लदी ट्रैक्ट ट्रॉली और बाइक में हादसा हो गया, घायल को मझगवां अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### ट्रक से बचने के चक्कर में बाइक सवार घायल

**सिरौली, अमृत विचार :** बाइक सवार तीन युवक शनिवार रात कही जा रहे थे, तभी सामने आई ट्रक से बचने के लिए बाइक को नीचे पटरी पर उतारी, लेकिन कीचड़ होने से बाइक फिसल गई, जिससे तीनों लोग घायल हो गए, जिसमें अरविंद की हालत गंभीर बताई जा रही है। थाना सिरौली के ग्राम धनोरा गौरी के प्याऊ पर रोड बाइक सवार तीन लोग जा रहे थे, ट्रक से बचने के चक्कर में उनकी गाड़ी फिसल गई जिससे अरविंद निवासी महेवा जिला रामपुर,प्रदीप निवासी मुरादाबाद, अनिल निवासी रिया जिला रामपुर रात 9 :30 बजे घायल हो गए। मौके पर जुटे राहगीर ने 108 नंबर पर फोन करके घायलों को सीएचसी भिजवाया, जहां अरविंद की हालत गंभीर बताई जा रही है ।

# अधिक शराब पीने से युवक मौत

**कैंट, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के लालफाटक पुल के नीचे शनिवार दोपहर एक युवक शराब पीने से बेहोश होकर गिर गया। उसे एक समाजसेवी जिला अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। झील गौटिया निवासी दीपक श्रीवास्तव उर्फ गंठा (27) शराब पीने का आदी था। लोगों ने बताया कि वह दोपहर 1:30 बजे लालफाटक स्थित भट्टी से शराब खरीद कर पुल के नीचे बैठकर पीने लगा।

ज्यादा नशा होने के कारण लाल फाटक पुल के नीचे बनी पुलिया पर लेट गया और पुलिया के पीछे कीचड़ में गिर गया। नशे में होने के कारण उठ न सका। सूचना पर पहुंचे झील गौटिया निवासी समाजसेवी नंदू फौजी ने बेहोशी की हालत में उसे जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया । दीपक के बड़े भाई रवि श्रीवास्तव ने बताया की उसका भाई मजदूरी करता था और पांच भाइयों में दूसरे नंबर का था, पिता की बीमारी से 15 साल पहले मौत हो गई थी, बेटे की मौत की खबर सुनकर मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

### तीन किलो अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**आंवला, अमृत विचार :** एएनटीएफ बरेली और आंवला पुलिस ने संयुक्त रुप से एक युवक को तीन किलो अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। टीम ने बताया कि रामनगर रोड पर नई कालोनी गेट के पास एक युवक अफीम बेचने की फिराक में था। सूचना पर टीम ने घेराबंदी करके उसे दबोच लिया। उसके पास से तीन किलो अफीम बरामद हुई है। उसने अपना नाम ताहिर निवासी जगतीरा आंवला बताया है। वह अफीम गांव के ही नाजिम से लेकर आया था। उसने अफीम किसी किसान से खरीदी थी। उसकी जिम्मेदारी अफीम बेचने की थी। जिसका लाभ दोनों आपस में बांटने वाले थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा है।

# सीएचसी प्रभारी को क्लीन चिट, प्रधान असंतुष्ट

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

**अमृत विचार :** प्रधानों की ओर से सीएचसी प्रभारी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर सीडीओ से की गई शिकायत की जांच में अधिकारी की ओर से सीएचसी प्रभारी को क्लीन चिट दे दी गई है। जांच से प्रधान संतुष्ट नही हैं। वह अब पूरे मामले की डीएम से शिकायत करेंगे।

बुधवार को प्रधान अर्जुन पटेल, धीरेन्द्र और नन्हे समेत कई प्रधानों ने सीएचसी प्रभारी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर सीडीओ से लिखित शिकायत की थी। जिसके बाद सीडीओ ने जांच के निर्देश दिए थे। गुरुवार को सीडीओ के निर्देश पर सीएचसी प्रभारी की जांच करने ट्रेनी एसडीएम दीपराज सिंह सीएचसी पहुंचे थे, उन्होंने वहां मरीजों और स्टाफ से बातचीत की। जिसके बाद उन्होंने सीएचसी प्रभारी पर 40 फीसदी कमीशन मांगने का आरोप लगाने वाले प्रेरणा कैंटीन संचालक के बयान लिए। शुक्रवार को उन्होंने जांच रिपोर्ट सीडीओ को सौंपी। जांच रिपोर्ट में आरोप सिद्ध न होने का जिक्र किया गया। फिलहाल जांच रिपोर्ट में सीएचसी प्रभारी को क्लीन चिट दे दी गई है। प्रधानों का कहना है कि वह जांच रिपोर्ट से संतुष्ट नही हैं। ट्रेनी एसडीएम दीपराज सिंह का कहना है कि सीडीओ के निर्देश पर प्रधानों के लगाए गए आरोपों की जांच की गई ।अस्पताल में भर्ती मरीजों और कर्मचारियों से बातचीत की गई। आरोप सिद्ध नही हो सके, रिपोर्ट सीडीओ को सौंप दी गयी है।

### प्रधान बोले, फिर से जांच के लिए डीएम से करेंगे शिकायत

शिकायत करने वाले प्रधानों का कहना है कि जांच करने गए अधिकारी ने उनकी नहीं सुनी है, उन्होंने सिर्फ सीएचसी प्रभारी की ही सुनी हैं। उन्होंने बताया कि उनके साथ अन्य प्रधान भी जांच से संतुष्ट नही हैं। वह पूरे मामले की शिकायत अब डीएम से करेंगे। ग्राम प्रधानों का कहना है कि सीएचसी पर भ्रष्टाचार की जांच गोपनीय ढंग से की जाएगी तो मामला सामने आएगा।वहीं इस मामले में सीडीओ जग प्रवेश का कहना है कि जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है, रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# दुबई में नौकरी दिलाने के बहाने चार लाख ठगे

- कोर्ट के आदेश पर पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कैंट,अमृत विचार :** दुबई में नौकरी लगवाने के नाम पर युवक के माता-पिता से चार लाख रुपये ठग लिए। आरोपी अब युवक पर चोरी का झूठा आरोप लगाकर और रुपये ऐंठने का दबाव बना रहे है। कोर्ट के आदेश पर कैंट पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कैंट थाना क्षेत्र के मोहनपुर वार्ड नंबर 1 की रहने वाली सितारा बेगम पत्नी अख्तर हुसैन ने बताया कि ठिरिया निजावत खां निवासी कफील अहमद, उसकी पत्नी शबनम, मोहम्मद अहमद, उसकी पत्नी सलमा और हफीज ने उसके वर्षीय बेटे आमिर को दुबई भेजकर नौकरी लगवाने के नाम पर 2 लाख रुपये वीजा आदि का खर्चा बताकर ले लिए। बिना वीजा के ही उसे दुबई भेज दिया, उसे वहां प्रताड़ित किया जा रहा है। वह वहां छिपकर रह रहा है। आरोपी लोग उस पर चोरी का आरोप लगाकर फोन पर उसके माता-पिता से 8 लाख रुपये की मांग करने लगे। किसी तरह 2 लाख रुपयों का इंतजाम करके आरोपियों को दे दिया। इसके बाद भी आरोपी और रुपये देने का दबाव बना रहे हैं। युवक से उसके माता-पिता ने फोन पर बात की तो उसने बताया कि यह लोग उसे अनावश्यक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। चोरी के आरोप में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित मां ने दुबई में बेटे से किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटने की आशंका जताते हुए कैंट पुलिस के साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायती पत्र दिया। कार्रवाई न होने पर कोर्ट में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। कोर्ट के आदेश पर कैंट पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


## कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर बरेली मण्डल बरेली-243001

पत्रांक : ए/एनपीएस-लाइट डाक अदालत/2024 बरेली **सूचना** दिनांक : 12.07.2024

**NPS/NPS Lite (GDS) मामलों के निपटारे हेतु अदालत एवं NPS/NPS Lite (GDS) Subscribers जागरुकता शिविर**

डाक विभाग, भारत सरकार, बरेली मण्डल बरेली के अंतर्गत आने वाले NPS/NPS Lite (GDS) Subscribers को सूचित किया जाता है कि NPS/NPS Lite (GDS) से संबंधित सभी लंबित मामलों के निस्तारण हेतु मंडलीय कार्यालय बरेली में निम्न दिनांकों को NPS/NPS Lite (GDS) अदालत एवं Subscribers जागरुकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है :-

| दिनांक | समय | कार्यालय |
|---|---|---|
| 18.07.2024 | प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक | कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर बरेली मण्डल बरेली |

इस अदालत में NPS/NPS Lite (GDS) से संबंधित सभी लंबित/विवादित मामलों (कानूनी तथा नीतिगत संबंधित मामलों एवं न्यायालयधीन मामलों को छोड़कर) को उसी समय निस्तारण किया जायेगा। NPS/NPS Lite(GDS) अदालत एवं Subscribers जागरुकता शिविर में निम्नलिखित मुद्दों को निस्तारण किया जाएगा।

- सेवानृवित्त NPS/NPS Lite (GDS) Subscribers जिनका NPS/NPS Lite Wealth का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है, व्यक्तिगत रूप से सभी आवश्यक कागजातों (आधार, पैन, Cancelled Cheque/Passbook/Bank Statement, Photo etc.) के साथ उपस्थित होकर संबंधित फार्म भरा सकते हैं।
- NPS/NPS Lite Serving Employee का CSRF Form उसी समय भराया जायेगा। (आधार, पैन, Cancelled Cheque/Passbook/Bank Statement, 2-Photo साथ लेकर आएं)
- इसके अलावा Duplicate Mobile, Duplicate e-mail, Missing Nomination, Missing Mobile No. & Missing PAN Details को कराने के लिए संबंधित फार्म उसी समय भराया जाएगा।

इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर बरेली मण्डल बरेली के ई-मेल: dobareilly.up@indiapost.gov.in एवं मो.नं. 05812427079 पर संपर्क कर सकते हैं या अपने कागजात मण्डलीय कार्यालय बरेली में जमा करा सकते हैं।

**प्रवर अधीक्षक डाकघर**
**बरेली मण्डल बरेली-243001**

# चचेरे-तहेरे भाइयों के बीच विवाद में चलीं लाठियां, बच्ची की मौत

## उघैती क्षेत्र में मेड़ विवाद का समझौता होते समय हुई घटना

संवाददाता, उघैती (बदायूं)

- दूसरे पक्ष ने दिया शिकायती पत्र, उघैती पुलिस कर रही घटना की जांच



मृतक अवंशिका।

**अमृत विचार :** चचेरे-तहेरे भाइयों के बीच मेड़ के विवाद में हुई मारपीट में चार साल की बच्ची की लाठी लगने से मौत हो गई। थाना उघैती क्षेत्र के गांव कूबरी कामसहाय की मढ़ैया में चचेरे-तहेरे भाइयों में जमीन की मेड़ का विवाद चल रहा था।

शनिवार को गांव के कुछ लोगों ने दोनों पक्ष में समझौता कराने का प्रयास किया। इसी दौरान दोनों पक्ष में कहासुनी के बाद लाठी-डंडे चलने लगे। बीच-बचाव के दौरान एक पक्ष की महिला अपनी चार साल की नातिन को गोद में लेकर आई। मारपीट के दौरान बच्ची के सिर में लाठी लग गई। परिजनों ने बच्ची की हत्या का आरोप लगाते हुए दूसरे पक्ष के खिलाफ शिकायती पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विजय सिंह और उनके तहेरे भाई बुद्धि यादव के बीच कई साल से जमीन की मेड़ को लेकर विवाद है। एक परिवार में दो भाइयों में विवाद के चलते गांव के संभ्रांत लोग भी उनका समझौता कराने का प्रयास कर रहे हैं। शनिवार दोपहर दोनों भाइयों में समझौता के लिए पंचायत बुलाई गई। बातचीत के दौरान बुद्धि सिंह पक्ष के लोगों ने कहासुनी शुरू कर दी और मारपीट करने लगे। दोनों पक्ष में लाठी-डंडे चलने लगे।

इसी दौरान विजय सिंह की पत्नी कांता बीच बचाव कराने के लिए अपनी चार साल की नातिन अवंशिका को गोद में लेकर पहुंचीं। अवंशिका के सिर पर लाठी लग गई। मौके पर ही बच्ची ने दम तोड़ दिया। थानाध्यक्ष राजेश कौशिक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## विस उप चुनाव में जीत पर कांग्रेस मुख्यालय में जश्न, बांटीं मिठाइयां

**लखनऊ, अमृत विचार :** 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उप चुनाव में 10 सीटों पर इंडी गठबंधन की जीत पर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जश्न मनाया गया। नेताओं-कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। चुनाव परिणाम आते ही राज्य पार्टी मुख्यालय में उत्सव का माहौल रहा। एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा, जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनविरोधी नीतियों से तंग आ चुकी है। यह जीत जनता की जीत है। अब आने वाले वक्त में हर जगह बदलाव देखने को मिलेगा। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व विजय सिंह, संगठन महासचिव अनिल यादव, प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

# पीडीए की पाजिटिव पॉलटिक्स का भाजपा के पास कोई जवाब नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्ताधारी पार्टी पर साधा निशाना



**अमृत विचार :** सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि सपा की पीडीए की नीति आम जनता को उसका हक़ दिलवाने वाली, जनता का कल्याण करने वाली, शोषण-उत्पीड़न से रक्षा करनेवाली, संविधान-आरक्षण को बचाने वाली है। साथ ही पिछड़े-दलितों-अल्पसंख्यकों- आदिवासियों-आधी आबादी और अगड़ों में भी उत्पीड़ितों को प्रभुत्ववादियों के अत्याचार से बचाने वाली है। इसके विपरीत भाजपा के पास पीडीए की पाजिटिव पॉलटिक्स का कोई जवाब नहीं है। इसीलिए भाजपा के लोगों में हड़बड़ाहट है।

अखिलेश यादव ने शनिवार को जारी बयान में कहा, पीडीए-किसान, मजदूर, महिला, युवा, कारोबारी, नौकरीपेशा, दुकानदारों और बाकी सबका भी ख्याल रखने वाली, समाज के हर वर्ग और तबके को जोड़ने वाली, सामुदायिक राजनीति का नया युग शुरू करने वाली सामाजिक सौहार्द्र, एकता, भाईचारे को एक सूत्र करने वाली, सकारात्मक राजनीति का नया इतिहास लिखने वाली नीति है।

उन्होंने कहा है कि पीडीए ही भाजपा के अंदर-बाहर भगदड़ का कारण बन रहा है। भाजपा के तथाकथित सहयोगी भी या तो किसी बहाने से भाजपा से बाहर आना चाहते हैं या वैचारिक दूरी दिखाना चाहते हैं। कोई चिट्ठी को माध्यम बना रहा है तो कोई अपनी नाराज़गी भरे बयान से। भाजपाई खेमे की चिंता सिर्फ़ यूपी के 2027 के चुनाव हारने की ही नहीं है, बल्कि भविष्य का हर चुनाव हारने की है।

## सार-संक्षेप

### जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर की पत्नी का फंदे से लटका मिला शव, पति पर हत्या का आरोप

**लखनऊ, अमृत विचार :** जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर संतोष कुमार की पत्नी नीलम भारती (39) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक उस वक्त पति जिम गए थे। वहीं, भाई ने पति, सास और ससुर पर हत्या का आरोप लगाया है। मूलत : गाजीपुर जखनियां निवासी संतोष कुमार जीएसटी में असिस्टेंट कमिश्नर हैं। संतोष कुमार पत्नी नीलम भारती व अपनी 2 बेटियों के साथ सुशांत गोल्फ सिटी के सेक्टर जी-4 में रहते हैं। संतोष के मुताबिक पत्नी लंबे समय से डिप्रेशन में थी। उनका इलाज चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्रा के मुताबिक शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सुपुर्द कर दिया गया है। मृतका के भाई नवीन कुमार ने असिस्टेंट कमिश्नर संतोष, उनके पिता और मां के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी नहीं आई है। रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कारवाई की जाएगी।

### विधायक के खिलाफ व्हाट्सएप पर डाली भ्रामक पोस्ट

**पलिया कलां, अमृत विचार :** पलिया विधायक रोमी साहनी के प्रतिनिधि ने व्हाट्सएप ग्रुप पर डाली गईं पोस्टों को भ्रामक बताया है। साथ ही विधायक रोमी साहनी को बदनाम करने का भी आरोप लगाया है। पलिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि आए दिन कुछ लोग विधायक के खिलाफ भ्रामक व अनर्गल दुष्प्रचार करते हैं। शनिवार को व्हाट्सएप ग्रुप भारतीय सिख संगठन पलिया पर विधायक के प्रति ट्रांस शारदा क्षेत्र में खनन को लेकर एक पोस्ट की गई है। जिसमें कहा गया है कि विधायक रोमी साहनी ने अवैध खनन किया है। एक जगह पर उन्होंने लाखों की संख्या में लाखों डपर बालू निकालने का काम किया है। इसी कारण शारदा नदी का रुख सीधे पलिया की तरफ हो गया गया है। विधायक रोमी साहनी पलिया के लिए अभिशाप बनके आए है। तहरीर के आधार पर थाना पलिया पुलिस ने आरोपी रामचंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भू-स्वामी को बंधक बनाकर मांगी फिरौती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में बिकाऊ प्लॉट देखने के बहाने से भूमि स्वामी को निर्जन इलाके में बुलाकर बंधक बनाने वाले आरोपियों को पुलिस ने महिला समेत गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने भूमि स्वामी की हत्या का 10 लाख में सौदा तय होने की बात कही थी। जान बख्सने की एवज में आरोपी आठ लाख की रंगदारी मांगने लगे। पीड़ित जैसे-तैसे जान बचाकर वहां से भागा। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया है कि सिविल लाइंस क्षेत्र के जिगर कॉलोनी निवासी अलीमुद्दीन ने शुक्रवार को शिकायत दर्ज कराई थी। एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस की टीम ने शनिवार को महिला समेत छह आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान कटघर के पीरजादा निवासी नफीस अहमद पुत्र मौ. खुर्शीद, पंडित नंगला के नईम पुत्र जाकिर हुसैन, बल्देवपुरी के आकाश पुत्र नौबत सिंह, गलशहीद के इन्द्रा चौक निवासी फैजान पुत्र इकराम, पीतल बस्ती के ओमप्रकाश और बिलारी के गांव निवासी एक महिला के रूप में हुई है।

### कांवड़ियों के लिए चलेंगी पांच ट्रेनें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी कांवड़ मेले को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिसमें रेलवे द्वारा मुरादाबाद-लक्सर, हरिद्वार-दिल्ली समेत पांच मेला स्पेशल ट्रेनें संचालित की जाएंगी। इसके अलावा दिल्ली-शामली और दिल्ली-सहारनपुर मेमू ट्रेनों को विस्तार देते हुए हरिद्वार तक चलाया जाएगा। इतना ही नहीं सावन में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने हरिद्वार, गढ़, राजघाट और बालावाली स्टेशनों पर अतिरिक्त व्यवस्था की है। आला हजरत समेत सात जोड़ी ट्रेनों का मेला स्टेशनों पर ठहराव निर्धारित किया है। हर साल सावन माह में हजारों की संख्या में कांवड़िये बृजघाट व हरिद्वार जल लेने के लिए जाते हैं। कांवड़ियों को सुविधा देने को लेकर रेलवे ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। रेल प्रशासन का मुरादाबाद रेल मंडल में कांवड़ियों की संख्या को देखते हुए पांच मेला स्पेशल ट्रेनों को चलाने का प्रस्ताव है। इसके अलावा कांवड़ मेला स्टेशनों पर छह ट्रेनों के लिए स्टापेज निर्धारित किए हैं। उन्होंने बताया कि यह पूरा प्रस्ताव मुख्यालय भेज दिया गया है।

### फ्रेंचाइजी में निवेश के नाम पर 23. 55 लाख की ठगी

**पूरनपुर, अमृत विचार :** फ्रेंचाइजी में रुपये इनवेस्ट कर फायदे का लालच दिखाकर दो भाइयों ने एक युवक से 23 .55 लाख रुपये ठग लिए। आरोपी ने अपने भाई को नेवी में अफसर बताते हुए युवक को अपने जाल में फंसाया। जानकारी लगने पर युवक जब रुपये वापस मांगे तो गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के अनुसार नगर के मोहल्ला कायस्थान के रहने वाले अंतरिक्ष देवल की मुलाकात अशोक कालोनी के रहने वाले रितेश गुप्ता से हुई। रितेश ने अपने भाई अभिषेक गुप्ता को मर्चेंट नेवी में अफसर बताया। आरोप है कि रितेश ने कासओवर नाम की फ्रेंचाइजी अपने पास होने की जानकारी देते हुए अंतरिक्ष से रुपये इनवेस्ट करने का कहा। उसने बड़ा फायदा होने का झांसा भी दिया। अंतरिक्ष ने रिश्तेदारों से रुपये उधार लेकर 23 .55 लाख रूपये रितेश के बताए एप में लगा दिए।

# दरोगा बनकर युवती से की दोस्ती शादी का दिया झांसा, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** साइबर क्राइम सेल की टीम ने शनिवार दोपहर को कृष्णानगर के भोलाखेड़ा से फर्जी दरोगा से गिरफ्तार किया है। उसने इलाके की रहने वाली युवती से दरोगा बनकर प्रेम संबंध बनाए और शादी का झांसा दिया। उसकी बहन को नौकरी दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपये भी ऐंठ लिए। शक होने पर युवती ने साइबर क्राइम सेल में शिकायत की थी। पुलिस आरोपी दरोगा के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर रही है।

साइबर क्राइम सेल प्रभारी सतीश साहू के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी मूलरूप से आजमगढ़ का रहने वाला सत्यम तिवारी है। कृष्णानगर इलाके की रहने वाली युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि भोलाखेड़ में रहने वाला युवक खुद को यूपी पुलिस में दरोगा बताया। अपनी तैनाती साइबर क्राइम सेल में बताई। इसी बीच उसने बताया कि उसका ट्रांसफर दिल्ली साइबर क्राइम सेल हो गया। युवती को संदेह हुआ तो उसने साइबर क्राइम सेल ऑफिस में शिकायत की।

**नवंबर 2022 में बरेली से जा चुका है जेल :** सत्यम तिवारी पहले भी इस तरह का कारनामा कर चुका है। 17 नवंबर 2022 को उसे बरेली पुलिस ने महिला वकील से दोस्ती कर शादी का झांसा देने के मामले में गिरफ्तार किया था।

## ब्यूटी पार्लर के खर्च के विवाद में लौटी बारात

**फतेहपुर, अमृत विचार:** ब्यूटी पार्लर के खर्च को लेकर वर और वधू पक्ष के बीच विवाद हो गया। दूल्हे के अपशब्द बोलने पर नाराज दुल्हन ने शादी से इंकार कर दिया। दोनों पक्षों की सहमति के बाद बरात लौट गई। हिम्मतपुर गांव से जयसिंह की बरात पहुंची थी। दुल्हन भी ब्यूटी पार्लर से सजकर पहुंच गई। इस दौरान दुल्हन पक्ष के लोगों ने दूल्हे के घरवालों से ब्यूटी पार्लर का खर्च मांगा, लेकिन उन लोगों ने खर्च देने से मना कर दिया। विवाद बढ़ने पर दूल्हे ने दुल्हन के घरवालों को अपशब्द बोलकर देख लेने की धमकी दी। इससे दुल्हन नाराज हो गई और उसने तत्काल शादी करने से इन्कार कर दिया।

# धारदार हथियार से गला रेतकर महिला की हत्या, दो लोग हिरासत में लिए गए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



- तीन वर्ष बेटे ने इशारों में बताया, पापा ने मम्मी को चाकू से मारा

> सुबह कटघर क्षेत्र से महिला का शव बरामद किया गया है। मामले में मृतका के तीन साल के बच्चे को चश्मदीद माना है। पूछताछ के लिए दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच की जा रही है। – **अखिलेश भदौरिया**, एसपी सिटी

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में धारदार हथियार से महिला की हत्या कर दी गई। महिला का पति मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। महिला के तीन साल के बच्चे ने बताया कि पापा ने मम्मी को चाकू से मारा है। दूसरी ओर मायके वालों ने दहेज उत्पीड़न को लेकर ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव मनकरा मिलक की रेशम रानी की शादी चार साल पहले मूंढापांडे बस्ती के नरेश पाल से हुई थी। इनके के दो बच्चे हैं, जिसमें एक तीन साल का बेटा है। परिवार कटघर इलाके के पीतल बस्ती के निकट किराए के मकान में रहता है। पति नरेश पेट्रोल पंप पर काम करता है। शुक्रवार रात दोनों में कहासुनी हुई। इसके बाद धारदार हथियार से रेशम रानी (28) की हत्या कर दी गई। मृतका के भाई जगपाल ने दहेज उत्पीड़न को लेकर हत्या का आरोप लगाया है। उसने बताया कि कई बार पति नरेश ने रेशम को मारापीटा था। रेशम ने इसकी शिकायत महिला थाने में की थी। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया है कि मृतका के ससुर और बहनोई को हिरासत में लिया है। नरेश फरार है। पोस्टमार्टम के बाद शव मायके वालों को सौंप दिया गया।

# समधन को भगा ले गया, दर्ज हुई रिपोर्ट

संवाददाता, गंजडुंडवारा (कासगंज)

- बेटे की शादी से पहले ही समधन को दिल दे बैठा समधी

**अमृत विचार:** कहते हैं मोहब्बत इंसान को अंधा बना देती है, जिसे हो जाती है फिर वह न तो जाति बिरादरी देखता है, उम्र और न ही रिश्ते। ऐसा ही एक मामला गंजडुंडवारा क्षेत्र में सामने आया है।

बेटे की शादी तय करने के बाद ग्रामीण अपनी समधन को दिल बैठा और शादी से पहले ही दोनों भाग गए। महिला का पति परेशान हो तलाश कर रहा है। समधी और उसकी बेटी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस तलाश कर रही है। बेटी को षड्यंत्र में शामिल बताया गया है। गंजडुण्डवारा के समीप के एक गांव का ग्रामीण मजदूरी करता है। उसकी शकील नाम के व्यक्ति से दोस्ती थी। शकील ई -रिक्शा चलाता है। शकील का उसके घर पर 28 साल से आना जाना था। दो माह पूर्व शकील ने अपने पुत्र की शादी उसकी पुत्री से करने का प्रस्ताव रखा। उसने दोस्त पर भरोसा कर रिश्ता स्वीकार लिया। दोस्ती का रिश्ता शादी सम्बंध तक पहुंच गया और उसकी पुत्री का रिश्ता शकील के पुत्र से साथ तय हो गया। दोनों का निकाह 17 जून को ईद के दिन होना था। रिश्ता तय होने के बाद ग्रामीण की 35 वर्षीय पत्नी और शकील की बातें होने लगीं। इसी दौरान दोनों एक-दूसरे को दिल दे बैठे। इश्क इस कदर सिर चढ़कर बोला कि बेटा-बेटी की शादी की चिंता किए बिना तीन जून को समधी- समधन रफूचक्कर हो गए। बेटी का पिता समधी शकील और पत्नी की तलाश करता रहा लेकिन कुछ पता न चल सका।

## ट्रेन से कटा हाथ, ट्रक ने कुचला, मौत

**बांदा, अमृत विचार:** ट्रेन की चपेट में आकर युवक का हाथ कट गया। वह कटा हुआ हाथ लेकर भागने लगा, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे कुचल दिया। उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अज्ञात 40 वर्षीय युवक शनिवार की सुबह अतर्रा रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित रेलवे ट्रैक पर घूम रहा था। इसी बीच ट्रेन की चपेट में आकर उसका हाथ कट गया। वह हाथ उठाकर सड़क की तरफ भागने लगा, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे कुचल दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# नशे की लत पूरी करने को ट्रेनों में करता था चोरी, गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राजकीय रेल पुलिस ने ट्रेनों में चोरी करने वाले चोर को गिरफ्तार कर दो चोरियों का खुलासा किया है। पकड़ा गया आरोपी नशे की लत पूरी करने के लिए ट्रेनों व स्टेशन पर चोरी करता था।

शनिवार को जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक राजन शर्मा ने अपनी टीम के साथ चेकिंग के दौरान नजाकत निवासी गांव रुस्तमपुर तिगरी थाना भोजपुर को गिरफ्तार किया। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक राजन शर्मा ने बताया कि 29 मई को पश्चिम बंगाल के जनपद बीरभूमि सैंथिया निवासी संजय अग्रवाल दून एक्सप्रेस से हरिद्वार से हावड़ा जा रहे थे। ट्रेन जब मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो अज्ञात चोर संजय अग्रवाल के गले से सोने की चेन चुराकर ले गया था। इसके अलावा 2 जून को फरीदाबाद निवासी जूही सिंह मुजफ्फपुर से ट्रेन में सफर कर रही थी। जब वह मुरादाबाद पहुंचीं तो चोर जूही का पर्स, जिसमें दो मोबाइल चुराकर ले गया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों चोरी आरोपी नजाकत ने की थी।

# उत्तराखंड

## मेडिकल स्टोर की आड़ में बिक रहे थे नशे के इंजेक्शन

**काशीपुर, अमृत विचार :** नशे के इंजेक्शन के आरोप में ड्रग इंस्पेक्टर ने एक मेडिकल स्टोर को सीज किया है। साथ ही मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निरस्त करने की भी कार्रवाई की गई है। कुछ दिन पूर्व मोहल्ले के लोगों ने मेडिकल स्टोर पर हंगामा किया था, जिस पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच की। बीते मंगलवार की दोपहर मोहल्ला कानूनगोयान राजकीय प्राथमिक विद्यालय खालसा के पास एक मेडिकल स्टोर स्वामी पर लोगों ने नशीली दवा बेचने का आरोप लगाया था। इस दौरान उन्होंने मेडिकल स्टोर के बाहर जमकर हंगामा किया था। कहा कि उक्त मेडिकल स्टोर पर नशे से संबंधित सामग्री बेची जाती है। इस कारण वहां पर नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है।

# नैनीताल में बोट हाउस क्लब की नौ सदस्यीय कार्यकारिणी गठित

संवाददाता, नैनीताल



नैनीताल में बोट हाउस क्लब के चुनाव के मौके पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बोट हाउस क्लब के वार्षिक चुनाव के तहत शनिवार को मतगणना के बाद नौ सदस्यीय कार्यकारिणी चुन ली गई। आपसी राय के बाद चयनित सदस्यों को उपाध्यक्ष, सचिव समेत अन्य पदों पर आसीन किया जाएगा।

क्लब के कुल 3785 मतदाताओं में से 1643 सदस्यों ने मतदान किया। इनमें 1299 ने ई-वोटिंग तथा 344 ने व्यक्तिगत मतदान किया। क्लब के चुनाव लिए बीते दिवस दोपहर एक बजे से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया रात्रि 8 बजे तक चली। चुनाव के लिए 12 सदस्यों ने नामांकन किया था, जिसमें से 9 कार्यकारिणी सदस्य चुने जाने थे। शनिवार सुबह 11 बजे मतगणना शुरू हुई। वरीयता के क्रम में मुकुंद प्रसाद को 1221, जेएस सरना को 1218, डीके शर्मा को 1215, नसीम ए खान को 1161, चौधरी धीर सिंह को 1151, सुमित जेठी को 1150, शैलेंद्र सिंह चौहान को 1145, सोएब अहमद को 1097, अखिल कुमार साह को 935 वोट मिले। चुनाव व मतगणना में चुनाव अधिकारी वीरेंद्र सिंह अधिकारी, रजत टंडन, गोपाल कृष्ण वर्मा, राजीव सिंह बिष्ट रहे। इस दौरान बरेली से उद्यमी व कांग्रेस नेता अजय शुकला भी मौजूद रहे।

## रुद्रपुर में ध्वस्त किए 46 कच्चे-पक्के मकान

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** विगत दिवस भगवानपुर कुलड़िया में आधी-अधूरी कार्रवाई के बाद शनिवार को मिली 24 घंटे की मोहलत के बाद एक बार फिर भारी पुलिस फोर्स के साथ 46 कब्जा धारकों के मकानों और झोपड़ियों को ध्वस्त किया गया। सुबह होते ही छावनी में तब्दील इलाके को देख ग्रामीण खौफजदा हो गए और महज गिड़गिड़ाने के सिवा कुछ नहीं कर पाए। देखते ही देखते जेसीबी ने लोक निर्माण विभाग की अधिकृत भूमि को खाली करवा दिया। काशीपुर हाईवे किनारे स्थित भगवानपुर कुलड़िया में 46 परिवार पिछले कई वर्षों से काबिज थे। पिछले दो सालों में लोक निर्माण विभाग ने इस भूखंड पर अधिकार जमाते हुए न्यायालय में याचिका डाली। अदालत का फैसला लोक निर्माण विभाग के पक्ष में आया।

# चार्टन लॉज के बाद अब चायनापीक की पहाड़ी से गिर रहे पत्थर, खतरा

संवाददाता, नैनीताल

**निरीक्षण**
- जिला प्रशासन की टीम ने निरीक्षण किया
- सिंचाई विभाग को सुरक्षा कार्य का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए

**अमृत विचार :** नगर के अति संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल चायना पीक की पहाड़ी से गिरते पत्थर व मलबा तलहटी में बसे लोगों के लिए खतरा बन रहा है। बारिश के दौरान क्षेत्रवासी खतरे की सम्भावना जता रहे हैं। खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन की टीम ने क्षेत्र में का निरीक्षण किया है। सिंचाई विभाग को पहाड़ी में सुरक्षा कार्य करने के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए हैं।

बता दें कि बीते लंबे समय से चायना पीक की पहाड़ी में बीते लंबे समय से लगातार भू-स्खलन हो रहा है। पहाड़ी से बोल्डर, पत्थर गिरने से इसके ठीक नीचे तलहटी में आबादी क्षेत्र को खतरा हो जाता है। कई बार स्थानीय लोग भू-स्खलन की आवाज सुन रात में घरों से सुरक्षित स्थान की ओर भागते हैं।

बरसात में भी यहां भू-स्खलन की घटनाएं कई बार हुई हैं। इधर भारी बारिश के दौरान क्षेत्र में पत्थर गिरने शुरू हो गए हैं इससे क्षेत्रवासी भयभीत हैं, हालांकि मलबा या पत्थर आबादी तक नहीं पहुंचा, लेकिन पत्थरों के गिरने का सिलसिला जारी है। सूचना के बाद क्षेत्र में जिला प्रशासन की टीम की ओर से निरीक्षण किया गया है।

एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि चायनापीक क्षेत्र का निरीक्षण किया गया है क्षेत्र में पत्थर गिर रहे हैं। पहाड़ी से गिरते पत्थर व मलबे को रोकने के लिए तकनीकी टीम की ओर से सर्वे कराया जाएगा। साथ ही सिंचाई विभाग को भी क्षेत्र से गिरते पत्थरों को सड़क तक आने से रोकने के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है।

# काशीपुर में युवतियों का अपहरण करने वाला निकला पूर्व मंगेतर

**काशीपुर, अमृत विचार :** बीते दिन दो युवतियों को तमंचे के बल पर अपहरण करने वाला एक युवती का पूर्व मंगेतर निकला। जो उसके परिजनों के कहने पर युवती को खोजने के लिए निकला था। मौसी के घर जाने से आनाकानी करने पर युवक ने उसके साथ मारपीट की थी। वहीं युवती के परिजनों ने मामले में पुलिस को तहरीर देने से इंकार कर दिया है।

बिजनौर के थाना नजीमाबाद निवासी एक युवती का रिश्ता छह माह पहले मोहल्ला महेशपुरा निवासी एक युवक के साथ हुआ था। बाद में रिश्ता टूट गया। काशीपुर में युवती की मौसी और सहेली भी रहती है। गुरुवार को युवती कोटद्वार की एक शादी में काशीपुर आई थी। इसी दौरान उसका फोन स्विच आफ हो गया। संपर्क न हो पाने के कारण परिजनों को चिंता होने लगी। उन्होंने युवती के पूर्व मंगेतर को फोन कर उसके बारे में पूछा। बताया कि वह काशीपुर में एक शादी में गई थी। युवती को खोजने के लिए युवक अपनी अपाचे बाइक लेकर निकला। स्टेडियम के पास युवती उसे अपनी सहेली के साथ सड़क पर टहलते हुए मिल गई। युवक ने उसे डांटा और मौसी के घर छोड़ने की बात कही।

## विधवा ने लगाया शारीरिक शोषण करने का आरोप

**खटीमा:** एक गांव की विधवा ने सत्रहमील चौकी पर तहरीर देकर बताया कि उसके पति की मृत्यु के उपरांत एक व्यक्ति ने उसे प्रेम जाल में फंसा हिन्दू रीति रिवाज और स्टाम्प पेपर पर लिखित रूप से हरिद्वार में शादी कर ली और पिछले 11 साल से शारीरिक शोषण करता रहा। अब उसने मारपीट कर घर से निकाल दिया है। पीड़िता का आरोप है कि उसके बच्चे न हो इसके लिए वह उसे जबरदस्ती गर्भ निरोधक दवाइयां खिलाता था। इतना ही नहीं परिवार के सदस्यों ने पीड़िता को लाठी, डंडों से मारपीट की।

# छात्रसंघ अध्यक्ष फरार, साथियों का भी पता नहीं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- रेडिएंट हॉस्पिटल के मालिक डॉ.पुनीत के साथ मारपीट करने व लूट का है आरोप



आरोपियों के बीच घिरे डॉक्टर गोयल।

**अमृत विचार :** शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक को दौड़ा-दौड़ा पीटने और लूटने का आरोपी छात्रसंघ अध्यक्ष फरार है। पुलिस उसके साथियों का भी पता नहीं लगा सकी है। मुकदमे में नामजद सभी छह आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं, लेकिन घटना के आठ दिन बाद भी किसी आरोपी का सुराग नहीं मिला है। सभी आरोपियों ने अपने मोबाइल भी स्विच ऑफ कर दिए हैं।

मुखानी थाना क्षेत्र में केवीएम स्कूल के सामने डॉ. पुनीत कुमार गोयल का रेडिएंट नाम से हॉस्पिटल है। बीती 5 जुलाई को छात्रसंघ अध्यक्ष सूरज रमोला, हितेश जोशी, राहुल मठपाल, मनीकेत तोमर और मोहित खोलिया समेत अन्य साथी रेडिएंट हॉस्पिटल पहुंचे। चिकित्सक का आरोप है कि उक्त लोगों ने पहले उसके केबिन में घुसकर उनके साथ मारपीट की। आधे घंटे बाद दोबारा हॉस्पिटल में घुसे और उसे खींचते और पीटते हुए सड़क तक ले गए। उसे जान से मारने और अपहरण की कोशिश की। इस दौरान आरोपियों ने उनके केबिन में रखे 40 हजार रुपये भी लूट लिए।

इस मामले में चिकित्सक की तहरीर पर मुखानी पुलिस ने 8 जुलाई को आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होते ही आरोपियों के मोबाइल स्विच ऑफ हो गए। पुलिस आरोपियों के घर तक पहुंची तो पता लगा कि सभी आरोपी फरार हैं। अब पिछले चार दिनों से पुलिस लगातार दबिशें दे रही है, लेकिन किसी का भी पता नहीं चला। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र का कहन है कि पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही है। शहर के बाहर भी तलाश जारी है, सभी को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

## जीप ठीक कराने आए वाहन मालिक की मौत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** यहां वर्कशॉप लाइन में वाहन सही कराने आया अल्मोड़ा निवासी जीप मालिक अचानक गश खाकर गिर गया। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस के मुताबिक डठवाल डोबा अल्मोड़ा निवासी भूपाल राम (57 वर्ष) पुत्र चनीराम एक जीप के मालिक थे। शुक्रवार को वह जीप को ठीक कराने के लिए हल्द्वानी आए थे। वर्कशॉप लाइन में जीप को ठीक करने का काम चल रहा था कि तभी अचानक चक्कर आने से भूपाल राम जमीन पर गिर गए।

## रेरा ने आवंटी को ब्याज के एवज में एक वर्ष का दिलाया मेंटीनेंस लाभ

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र भू-सम्पदा नियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने फ्लैट में कब्जा मिलने में देरी पर आवंटी को ब्याज के एवज में एक वर्ष का मेंटीनेंस लाभ दिलाया है। आवंटी को 2017 में फ्लैट पर कब्जा मिलना था, लेकिन साढ़े चार वर्ष बाद भी नहीं मिल पाया। इस पर आवंटी ने फरवरी 2022 में रेरा में शिकायत दर्ज कर विलंबित अवधि के ब्याज सहित कब्जा दिलाने की मांग की थी। आवंटी ने गौतमबुद्ध नगर स्थित प्रोमोटर हेबे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रालि. की महागुन मंत्र-2 परियोजना में एक फ्लैट की बुकिंग की थी। एग्रीमेन्ट फॉर सेल के अनुसार लगभग 23.77 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया था। प्रोमोटर द्वारा जून 2022 में आवंटी को कब्जा लेने का प्रस्ताव दिया गया था लेकिन आवंटी ने फ्लैट का कब्जा जुलाई 2023 में लिया। इसके बाद आवंटी ने विलंबित अवधि का ब्याज दिलाने की मांग की थी। इस पर प्रोमोटर द्वारा फंड की कमी की समस्या बताई गयी और विवाद का समाधान कराने का अनुरोध किया गया था।

# यूपी में बंद चल रहीं सभी बिजली उत्पादन इकाइयां हुईं चालू

## गांवों में निर्धारित से आधा घंटे बढ़ाई गई बिजली आपूर्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** रिजर्व शट डाउन के नाम पर पिछले दिनों बंद की गईं राज्य बिजली उत्पादन निगम की सभी इकाइयां शनिवार को चालू हो गईं। बंदी का भारी विरोध होने व राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से जवाब तलब करने के बाद निगम ने सभी को चालू करते हुए गांवों की बिजली आपूर्ति निर्धारित से आधे घंटे और बढ़ा दी है। दूसरी ओर, तकनीकी खराबी के कारण दो इकाइयों में अभी उत्पादन ठप है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार बीती तीन-चार जुलाई को रिजर्व शट डाउन के तहत टांडा बिजलीघर की 110 मेगावाट की चार इकाइयां और हरदुआगंज की ढाई सौ मेगावाट व 110 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां बंद की गई थीं। इन इकाइयों को बीती 8 जुलाई



को चालू होना था, पर इन इकाइयों को 15 जुलाई तक के लिए फिर बंद करने का निर्णय लिया गया था। इसी दिन हरदुआगंज की 660 मेगावाट क्षमता की एक इकाई को भी और बंद कर दिया गया था। इस मामले में राज्य विद्युत नियामक आयोग में याचिका भी दाखिल की गई थी। जिस पर आयोग ने पावर कॉरपोरेशन से जवाब-तलब किया था। कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि सभी इकाइयों को चालू कर दिया गया है, पर तकनीकी खराबी के कारण ऊंचाहार बिजलीघर की 110 मेगावाट व हरदुआगंज की ढाई सौ मेगावाट क्षमता की इकाइयों में उत्पादन अभी ठप पड़ा हुआ है। शनिवार को बिजली की अधिकतम मांग 27,721 मेगावाट दर्ज हुई। गांवों में निर्धारित 18 घंटे से आपूर्ति आधा घंटे बढ़ा दी गई है।

### बिजली चोरी रोकने के लिए वितरण बाक्स में लगेंगे ताले

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में ज्यादा बिजली चोरी वाले चिह्नित क्षेत्रों के बिजली वितरण बाक्स में ताले लगाए जाएंगे। बिजली चोरी पाए जाने पर क्षेत्रीय अभियंताओं की जिम्मेदारी तय होगी। उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन की ओर तैयार राजस्व रणनीति के तहत इस पर कार्य शुरू करने के निर्देश दिये गये हैं। कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि वितरण निगमों को इसे प्रभावी ढंग से लागू करने को कहा गया है। बिजली वितरण बाक्स में सिंगल चाबी वाले ताले लगाने को कहा गया है।

## प्रश्नपत्र लीक मामले में चार आरोपियों की लोकेशन मिली

**लखनऊ, अमृत विचार :** आरओ-एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में उप्र. एसटीएफ को चार अन्य आरोपियों की लोकेशन का पता चला है। एसटीएफ ने उन स्थानों पर डेरा भी डाल दिया है। बताया जा रहा है कि दो आरोपियों की लोकेशन बिहार, तो दो आरोपियों की लोकेशन मध्य प्रदेश की मिली है। एसटीएफ की अलग-अलग टीमें लोकेशन वाले जिलों में पहुंच भी गई हैं। मालूम हो कि आरओ-एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक एसटीएफ और उप्र. पुलिस द्वारा लगभग एक सैकड़ा आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। इनकी संपत्तियों की कुर्की की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। 16 मुख्य आरोपियों के खिलाफ एसटीएफ स्वयं कार्रवाई कर रही है। इन्हीं आरोपियों से पूछताछ के दौरान प्रश्नपत्र लीक कांड में सम्मिलित चार और आरोपियों का पता चला था, लेकिन उनकी लोकेशन नहीं ट्रेस हो पा रही थी। ऐसी स्थिति में एसटीएफ लगातार सूचनाओं को संकलित कर रही थी।

### ...जब 'बिल्ली' बन गई शेरनी



बिल्ली का आकार भले ही शेर के समान न हो, लेकिन उसका का रंग, नस्ल और रूप शेर जैसा ही दिखाई देता है। शायद इसीलिए बिल्ली को शेर की मौसी कहा जाता है। शनिवार को राजधानी लखनऊ के चिड़ियाघर में कुछ ऐसा नजारा दिखा कि लोग हैरान रह गए। दरअसल, एक बिल्ली शेर-शेरनी के बाड़े में गई। वहां शेरनी से सामना होने के बाद भी बिल्ली की सिट्टी-पिट्टी गुम नहीं हुई, बल्कि उसने शेरनी की 'बोलती' बंद कर दी। इस बीच चिड़ियाघर के कर्मचारियों ने शेरनी को बाड़े में बंद कर बिल्ली को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। ● प्रमोद शर्मा

## सार-संक्षेप

### भाजपा कार्यसमिति की बैठक आज, तय होगी रणनीति

**लखनऊ, अमृत विचार :** भाजपा की राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक 14 जुलाई को होगी, जिसमें हाल में होने वाले विधानसभा उप चुनाव व 2027 के चुनाव को लेकर रणनीति बनाए जाने की संभावना है। बैठक में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत शीर्ष पदाधिकरी शामिल होंगे। प्रस्तावित बैठक को लेकर शनिवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में प्रांतीय पदाधिकारियों की तैयारी बैठक हुई। आशियाना स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव और 2027 में होने वाले विधानसभा होने हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश कार्यसमिति की बैठक संगठनात्मक कार्ययोजना को पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व नेताओं के समक्ष प्रस्तुतीकरण का माध्यम है। इस बैठक में तय होने वाले कार्यक्रम और अभियान प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल व बूथ स्तर पर क्रियान्वित होंगे।

### 11 किलो सोने के साथ तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**लखनऊ, अमृत विचार :** डीआरआई ने शुक्रवार की देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर स्थित टोल प्लाजा के पास से 11 किग्रा सोने के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सोने की कीमत 8 करोड़ से ज्यादा बताई जा रही है। डीआरआई ने आरोपी को कस्टम कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 14 दिनों की कस्टडी में जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के करोलबाग का रहने वाला सोहन गोयल दुबई मेड सोना लेकर तेलीबाग स्थित वृंदावन ज्वैलर्स आ रहा था। इसी बीच, डीआरआई को सूचना मिलने पर टीम के अधिकारी टोल प्लॉजा पहुंच गए। इस दौरान रात में लखनऊ नंबर की एक्सयूबी कार को टोल प्लॉजा पर ही रोक लिया गया और वाहन की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 10 किग्रा सोना और 1 किग्रा सोने के आभूषण बरामद किये गये। पकड़े गए आरोपी की पहचान सोहन गोयल के रूप में हुई।

### 6 जून को 'राष्ट्रीय खेद दिवस' घोषित करे सरकार

**कानपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविंदर सिंह ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि 6 जून को 'राष्ट्रीय खेद दिवस' घोषित किया जाए। साल 1984 में 1 जून से 6 जून तक केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने श्री अकाल तख्त साहिब में गोलियां चलवाई थीं और अभी तक इसके लिए माफी नहीं मांगी है। सर्किट हाउस में शनिवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि प्रायोजित तरीके से कांग्रेस ने बेगुनाह सिखों पर गोलियां बरसाईं थीं। श्री अमृतसर साहिब तथा श्री अकाल तख्त साहिब पर टैंक एवं तोपों से हमला करके पावन तीर्थ को तहस-नहस करने का कुत्सित प्रयास किया गया था। इस घटना में बड़ी संख्या में निर्दोष सिख मारे गए थे।

### नहीं बढ़ने दी जाएंगी बिजली दरें: उपभोक्ता परिषद

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में बिजली दरें नहीं बढ़ने दी जाएगी। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने साप्ताहिक वेबीनार में उपभोक्ताओं को यह भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के 33,122 करोड़ रुपये निकल रहे हैं। राज्य विद्युत नियामक आयोग की जनसुनवाई में इसका विरोध किया गया, आगे भी विरोध जारी रहेगा। वेबीनार में हरेंद्र कुमार, राजपाल सिंह, निर्दोष कुमार सिंह, विनोद कुमार गुप्ता, सुनील कुमार, संदीप कुमार गुप्ता, अरविंद, हरिराम यादव आदि शामिल थे।

### आईआरसीटीसी कराएगा लद्दाख की सैर

**लखनऊ, अमृत विचार :** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) ने पर्यटकों को लद्दाख की सैर कराने की तैयारी की है। लखनऊ और कानपुर से पर्यटकों को इस यात्रा पर जाने की सुविधा मिलेगी। आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि लखनऊ से लद्दाख (वाया नई दिल्ली) की यह यात्रा 6 रात्रि व 7 दिन की होगी। उन्होंने बताया कि 2 से 8 अगस्त के बीच इस पैकेज की बुकिंग की शुरुआत हो चुकी है। यात्रा में एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 60,100 रुपये और तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 54,600 रुपये है।

# संविदा पर भी रखे जाएंगे अध्यापक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रवक्ता और अध्यापकों के पद रिक्त
- निदेशालय की ओर से तैयार किया जा रहा है प्रस्ताव

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित आश्रम पद्धति विद्यालय में गुरुजनों के आशीर्वाद से वंचित छात्रों की समस्या जल्द दूर हो सकती है। विभाग अध्यापकों को संविदा पर भी रखने का विचार कर रहा है। साथ ही नियुक्ति के लिए प्रस्ताव बनाकर आयोग और शासन को भेजा जाएगा।

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यालय में 60 प्रतिशत अनुसूचित जाति/जनजाति, 25 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग और 15 प्रतिशत सामान्य वर्ग के छात्रों को प्रवेश की व्यवस्था है। छात्र-छात्राओं को निशुल्क छात्रावास, पाठ्य पुस्तकें और यूनिफार्म आदि




की व्यवस्था सरकार की ओर से की जाती है। 94 विद्यालयों में 40 सीबीएसई और 54 माध्यमिक शिक्षा परिषद से संबंद्ध हैं। 32 हजार छात्र-छात्राओं के लिए प्रवक्ता के 930 और सहायक अध्यापक के 930 पद स्वीकृत हैं और इनके सापेक्ष 650 प्रवक्ता और 557 सहायक अध्यापक कार्यरत हैं। प्रवक्ता के 280 और सहायक अध्यापक के 373 पद खाली पड़े हैं। विभाग की ओर से नियुक्ति के लिए समय-समय पर आयोग को पत्र लिखा जाता है। पिछली बार 151 अध्यापक मिले थे मगर 53 ने ही कार्यभार संभाला था। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि नियुक्ति के लिए दोबारा प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

### विभाग ने लगाए सीसीटीवी विद्यालय कर रहे बंद

**लखनऊ, अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालय में अध्यापकों पर नजर रखने के लिए लगाए गए सीसीटीवी बंद किए जा रहे हैं और बिजली की आवाजाही का तर्क दिया जा रहा है। विभाग अब इन्र्वटर से इसको जुड़वाने की तैयारी में है। बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यालय आने के बाद अध्यापक उपस्थिति पंजिका में उपस्थिति दर्ज करने के बाद नदारद हो जाते थे। साथ ही कई अध्यापक समय पर विद्यालय नहीं पहुंचते थे।

## कूलर के सामने बैठने को लेकर विवाद, दुल्हन का शादी से इनकार

**बलिया, एजेंसी।** चितबड़ागांव थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात कूलर के सामने बैठने को लेकर बारातियों के विवाद करने के बाद दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया और बारात बैरंग लौट गई। पुलिस ने बताया कि इस मामले में दूल्हे सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के चितबड़ा गांव में एक शादी समारोह में कूलर के सामने बैठने को लेकर बारातियों द्वारा विवाद कर लिया गया, जिसके बाद दुल्हन नाराज हो गई और उसने शादी से इनकार दिया। इससे दोनों पक्षों में भारी विवाद हो गया। थाना प्रभारी प्रशांत चौधरी ने बताया कि दोनों पक्षों के काफी प्रयास के बावजूद दुल्हन शादी करने के लिए तैयार नहीं हुई। पुलिस ने इस मामले में दूल्हे, उसके बहनोई के साथ ही दुल्हन के पिता और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया।

# अयोध्या जिलाधिकारी सहित 11 आईएएस अफसरों के तबादले

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने शनिवार की देर रात 11 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिये। इनमें पांच जिलों के डीएम बदल दिये गये हैं। सोनभद्र के डीएम चन्द्र विजय सिंह को अयोध्या का डीएम बनाया गया है। निधि श्रीवास्तव को बदायूं का डीएम बनाया गया है। मुख्यमंत्री के विशेष सचिव व अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी इन्वेस्ट यूपी प्रथमेश कुमार को लखनऊ विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रहे इन्द्रमणि त्रिपाठी को औरैया का डीएम बनाया गया है। औरैया की डीएम नेहा प्रकाश को निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन पद पर भेजा गया है। देवरिया के डीएम अखंड प्रताप सिंह को राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण लखनऊ का सीईओ बनाया गया है। राज्यपाल के विशेष सचिव बद्रीनाथ सिंह को सोनभद्र का डीएम बनाया गया है।

### 10 आईपीएस अफसर भी किए गए इधर-उधर

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन ने शनिवार को 10 आईपीएस समेत कुल 21 पुलिस अफसरों का तबादला किया है। लखनऊ पश्चिमी के डीसीपी डॉ. दुर्गेश को जालौन का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा दो और डीसीपी को जिले का चार्ज दिया गया है। लखनऊ कमिश्नरेट पश्चिम के डीसीपी डॉ. दुर्गेश को पहली बार जिला दिया गया है। इसके अलावा श्याम नारायण सिंह वाराणसी कमिश्नरेट से एटा पुलिस अधीक्षक और राम सेवक गौतम कानपुर कमिश्नरेट से शामली के पुलिस अधीक्षक बनाए गए हैं।

## प्रदेश के हर गांव में 24 घंटे पानी आपूर्ति की तैयारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के तहत अब गांवों में 24 घंटे पानी आपूर्ति की तैयारी शुरू हो गई है। इसके पहले चरण में राजधानी के कई गांवों में 'ट्रायल' शुरू किया गया है। योजना के सफल होने पर बाकी जिलों के गांवों में लागू किया जाएगा। शासन के अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण में लखनऊ व आस-पास की चार तहसीलों के कुछ गांवों में 'ट्रॉयल' शुरू किया गया है। इसमें मोहनलालगंज तहसील के उदयपुर, भावाखेड़ा, कुबहरा, कुढ़ा, दहियर गांव, पाराभदराही गांव, मलिहाबाद तहसील के खड़ता, शेरपुर भौसा गांव और सरोजनीनगर तहसील के गोदौली गांव शामिल हैं।

# जांच नियमों का पालन न करना दंड आदेश की वैधता पर प्रश्नचिह्न: कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक न्यायिक अधिकारी के मामले पर विचार करते हुए कहा कि किसी दोषी अधिकारी के खिलाफ जांच के स्तर पर प्रक्रियागत जरूरतों का पालन न करना दंड आदेश की वैधता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। यह जरूरी है कि प्रक्रिया इस तरह से की जाए कि प्रभावित पक्षकारों को खुद का बचाव करने का उचित अवसर मिले।




उक्त आदेश दो जजों की खंडपीठ ने सिविल न्यायाधीश पंकज की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। याची को सिविल जज के रूप में जिला मऊ में नियुक्त किया गया। सेवा में भर्ती होने के तुरंत बाद उन्हें सोशल मीडिया पर प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित प्रश्नों वाले शिकायतकर्ता के कई संदेश मिले। इसके बाद 26 दिसंबर 2018 को शिकायतकर्ता ने याची के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई, जिसका जवाब जनवरी 2019 में याची द्वारा दिया गया। फिर भी याची के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया गया और जिला न्यायाधीश, मऊ को याची के मामले में जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। आरोप पत्र में याची पर यह आरोप लगाया गया कि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में मदद करने के बहाने उन्होंने शिकायतकर्ता के साथ दुष्कर्म किया।

## वर्ग पहेली-130

**बाएं से दाएं**

1. छिछला, उथला, कम गहरा।
3. दे. मंझोला।
4. हलवाई।
6. 1. पाला-पोसा हुआ 2. पाला जाने वाला
7. 1. गीलापन दूर होना 2. जलहीन होना, जल न रहना 3. रस आदि से रहित होना 4. उदास होना 5. रोग
8. 1. घोड़े या गधे के पैर का निचला भाग जो ज़मीन पर पड़ता है, सुम 2. घोड़े के चलने पर उसके सुम से होने वाली आवाज़ 3. किसी खंभे या चारपाई के पाए का ज़मीन पर टिका हुआ भाग 4. मुरगियों को बंद करके रखने का टोकरा या खांचा।

**ऊपर से नीचे**

2. स्फटिक, रवा, (क्रिस्टल)।
3. जो कत्ल कर डाला गया हो।
5. ज़ोर से हंसने की ध्वनि, तीव्र हंसी का स्वर 2. हीनता या तुच्छता को प्रदर्शित करते हुए हंसना। (मु.) -करना: निर्लज्जतापूर्वक हंसना।
6. 1. विष्ठा, मल 2. गंदी और त्याज्य वस्तु।



### वर्ग पहेली -129 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 घा | घ | | | |
| 2 च | | | 3 ब | ख | री |
| ट | | | ल | | |
| 4 प | छ | ता | वा | | 5 अ |
| टा | | | ई | | बा |
| | 6 व | | | | दा |
| 7 पॉ | लि | टी | शि | य | न |

## सुडोकू -43

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 9 | | | 2 | | |
| | 8 | | 5 | | 7 | | | 4 |
| | 1 | | | 6 | 2 | | | 7 |
| | | 1 | 2 | | 8 | 9 | | 6 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| 6 | | 4 | 3 | | 9 | 7 | | |
| 5 | | | 6 | 7 | | | 1 | |
| 3 | | | 1 | | 4 | | 8 | |
| | | 9 | | | 5 | | | |

### सुडोकू -42 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 7 | 6 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 |
| 1 | 5 | 8 | 2 | 7 | 4 | 3 | 6 | 9 |
| 9 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 | 8 |
| 6 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 | 3 | 7 |
| 7 | 2 | 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 4 | 6 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जुलाई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 17 .25 तक तत्पश्चात नवमी।

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र में योजनाबद्ध रूप से कार्य संचालन करना शुभ रहेगा। साझेदारी के रूप में व्यापार करने के योग बन सकते हैं। आजीविका क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को अपने सहयोगियों के साथ तालमेल युक्त व्यवहार करने से नई आशा की किरण जागेगी।

**वृष** — आज नौकरी करने वाले लोगों को उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन एवं सानिध्य प्राप्त होगा। दूसरों के द्वारा परेशानियां बढ़ सकती हैं। व्यवसाय क्षेत्र में कार्यरत लोगों को अपने व्यवहार में अधिक सकारात्मकता लाने की कोशिश करनी चाहिए।

**मिथुन** — आज बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत लोगों को पदोन्नति प्राप्त होगी। रोजगार की तलाश पूरी होगी। विद्यार्थी वर्ग को विद्या अध्ययन से संबंधित कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क** — आज सरकारी नौकरी में संलग्न लोगों को पदोन्नति मिलने के संकेत प्राप्त हो रहे हैं। उच्च अधिकारियों से घनिष्ठता बढ़ेगी। नए मित्र बनेंगे। व्यवसाय करने वाले लोगों को समयबद्ध तरीके से कार्य करने से सफलता प्राप्त होगी।

**सिंह** — आज कोर्ट-कचहरी के मामले में सफलता प्राप्त होगी। किसी पुराने विवाद से छुटकारा मिलेगा। संतान की ओर से अपेक्षित सुख सहयोग प्राप्त होगा। नवीन उद्योग अथवा व्यापार शुरू करने की योजना सफल होगी।

**कन्या** — आज आपको धार्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। वैवाहिक संबंध मधुर रहेंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम संपन्न हो सकता है। रोजगार की तलाश पूरी होगी। कोई महत्वाकांक्षा पूरी हो सकती है।

**तुला** — आज व्यापार में अपनी सूझबूझ से कोई बड़ी सफलता हासिल करेंगे। बौद्धिक कार्यों में लोगों को सरकार से लाभ प्राप्त होगा। खेल, प्रतियोगिता में आपको कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। परिवार में आपके निर्णय की सराहना होगी।

**वृश्चिक** — आज नौकरी में अधीनस्थ व उच्च अधिकारियों से तालमेल अच्छा रहेगा। व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे। बौद्धिक कार्य को अपने सहयोगियों से विशेष सहयोग के सानिध्य मिलेगा। समाज में आपके उज्ज्वल चरित्र के प्रशंसा चारों तरफ होगी।

**धनु** — आज शत्रु गुप्त नीति से हानि पहुंचाने का प्रयास करेंगे। आप अपनी बुद्धि से परिश्रम से कठिन परिस्थितियों का सामना करने में सफल होंगे। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने से आपके मनोबल में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का लाभ मिलेगा।

**मकर** — आज लंबी दूरी की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यवसाय करने वाले लोगों को व्यर्थ तनाव का सामना करना पड़ सकता है। नीतिगत रूप से निर्णय लेने से लाभ की संभावनाएं रहेंगी। अपनी व्यक्तित्व समस्याओं के प्रति अधिक जागरूक रहने की आवश्यकता रहेगी।

**कुंभ** — आज भूमि के कार्य में संलग्न लोगों को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। अपनी कार्य योजना का विरोधियों के सामने खुलासा न करें। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता के संकेत प्राप्त होंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

**मीन** — आज नवीन व्यवसाय करने की कार्य योजना बनेगी। बनते-बनते कार्यों में बाधा आ सकती हैं। अत: सजगता पूर्वक कार्य करें। विरोधी पक्ष की गतिविधियों पर ध्यान रखें,वह हानि पहुंचा सकते हैं। सत्ता शासन में बैठे किसी उच्च पदस्थ व्यक्ति से घनिष्ठता बढ़ेगी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- चित्रा 22 .06 तक तत्पश्चात स्वाती।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
धड़कन — सुबह : 10 .43
क्रांति — रात : 07 .00

&pictures
फुकरे 3 — सुबह : 11 .13
बधाई दो — रात : 08 .00

SONY PIX
अनचार्टेड — सुबह : 11 .09
ओलिम्पस हेज फॉलेन — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
रक्षाबंधन — दोपहर : 12 .00
आरआरआर — रात : 08 .30

colors CINEPLEX
बू — सुबह : 10 .30
दृश्यम 2 — शाम : 05 .32

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक कंजूस लड़के को कंजूस लड़की से प्यार हो गया।
लड़की- जब पिताजी सो जाएंगे तो मैं सिक्का फेंकूंगी। तुम आवाज सुनकर ऊपर आ जाना लड़की सिक्का फेंकती है,पर लड़का ऊपर नहीं आता एक घंटे बाद जब लड़का आया तो लड़की पूछती इतनी देर कहां लगा दी?
लड़का-अरे मैं तो सिक्का ढूंढ रहा था।
लड़की-अरे पागल वो तो धागा बांधकर फेंका था। वापिस खींच-खींच लिया।

पत्नी मायके से वापिस आई तो उसका पति जोर-जोर से हंसने लगा।
पत्नी- ऐसे क्यों हंस रहे हो?
पति- बुजुर्गों ने कहा है जब भी मुसीबत को देखो उसका सामना हंसते हुए करो।

## एक नजर

### तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री अस्पताल में भर्ती

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक के वरिष्ठ नेता एवं जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन की शनिवार को तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुरईमुरुगन विक्रवंडी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में द्रमुक की भारी जीत के लिए पार्टी अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को बधाई देने के लिए आज दोपहर पार्टी मुख्यालय अन्ना अरिवलयम आए थे। इस बीच उनकी तबियत बिगड़ गई। द्रमुक उप महासचिव को प्राथमिक उपचार के बाद अपोलो अस्पताल ले जाया गया। उनके बेटे एवं द्रमुक सांसद कथिर आनंद उनके साथ अस्पताल पहुंचे।

### रायपुर में कोयला कारोबारी के ऑफिस पर गोलीबारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में तेलीबांधा थाने के पास कोयला कारोबारी के ऑफिस पर शनिवार को गोली चलने की बड़ी घटना सामने आई है। झारखंड के अमन साहू गिरोह द्वारा घटना को अंजाम दिए जाने के कयास लगाए गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा थाना अंतर्गत पचपेड़ी नाका से तेलीबांधा के बीच सर्विस रोड पर कोयला कोरबार से जुड़े पीपीए ग्रुप के ऑफिस के सामने मोटरसाइकिल सवार दो लोग हवाई फायर कर भाग निकले। एसएसपी संतोष सिंह ने बताया कि गोलीबारी की घटना सामने आई है।

### जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार खुलेगा आज

**भुवनेश्वर।** पुरी में 12वीं सदी के श्रीजगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार रविवार को खोला जाएगा। राज्य के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भंडार खोलने की मंजूरी दी है, जो 1978 में खोला गया था। राज्य सरकार ने 4 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अरिजीत पशायत की समिति को भंग कर उड़ीसा हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बिस्वनाथ रथ की अध्यक्षता में समिति का गठन किया। भंडार में आभूषणों सहित कीमती सामानों की सूची के लिए 16 सदस्यीय समिति का गठन किया गया था।

### बालाजी की जमानत पर 22 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर सुनवाई 22 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी है। बालाजी को पिछले साल धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने समय की कमी से शुक्रवार को मामले की सुनवाई रद कर दी।

# भारत जल्द बन जाएगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : प्रधानमंत्री मोदी

## मुंबई में 30 हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास एवं लोकार्पण

मुंबई, एजेंसी



प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत जल्द तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में इंडियन न्यूजपेपर सोसायटी के सचिवालय आईएनएस टावर का उद्घाटन करने के बाद वह बोले। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में सम्पर्क सुविधाओं के लिए 30 हजार करोड़ की सड़क और रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

मोदी ने इसका भी जिक्र किया कि कैसे भारत डिजिटल भुगतान में अग्रणी बन गया है। भारत के यूपीआई व डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे से लोगों की जिंदगी आसान हुई है और उनके लिए एक देश से दूसरे देश में पैसे भेजना आसान हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रित गठबंधन (राजग) सरकार ही स्थिरता और स्थायित्व दे सकती है। उनकी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में तीन गुना रफ्तार से काम करेगी। कार्यक्रम में राज्यपाल रमेश बैस, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, पीयूष गोयल और रामदास अट्ठावले, देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार उपस्थित थे।

### तीन-चार वर्षों में आठ करोड़ नौकरियां हुईं सृजित

मोदी ने कहा कि आरबीआई के अनुसार, तीन-चार वर्षों में आठ करोड़ नई नौकरियां उपलब्ध हुईं। मोदी मुंबई के गोरेगांव उपनगर में क्षेत्र में सड़क, रेलवे और बंदरगाह क्षेत्रों में 29,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत और आधारशिला रखने के बाद कार्यक्रम को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि आरबीआई ने रोजगार पर विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित की है। इस आंकड़े ने नौकरियों पर फर्जी खबरें फैलाने वालों को चुप कर दिया है। देश में कौशल विकास और रोजगार की जरूरत है और हमारी सरकार इस दिशा में काम कर रही है। मुंबई और उसके आसपास की आगामी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से शहर के आसपास के इलाकों से कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

# संविधान की आत्मा पर प्रहार करने वाले संविधान हत्या दिवस मनाएंगे : प्रियंका

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र सरकार और भाजपा पर शनिवार को निशाना साधते हुए कहा कि इसमें आश्चर्य की क्या बात है कि संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार करने वाले लोग संविधान हत्या दिवस मनाएंगे। केंद्र ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी दिन 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि संविधान हत्या दिवस 25 जून को मनाया जाना हमें याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था।

प्रियंका ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि भारत की महान जनता ने ऐतिहासिक लड़ाई लड़कर अपनी आजादी और अपना संविधान हासिल किया है। जिन्होंने संविधान को बनाया, जिनकी संविधान में आस्था है, वे ही संविधान की रक्षा करेंगे। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान लागू होने का विरोध किया, संविधान की समीक्षा करने के लिए आयोग बनाया, संविधान खत्म करने का आह्वान किया, अपने फैसलों और कृत्यों से बार-बार संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार किया, वे नकारात्मक राजनीति वाला संविधान हत्या दिवस मनाएंगे ही, इसमें आश्चर्य कैसा?



- कांग्रेस महासचिव ने केंद्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधा

### शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) ने की आलोचना

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) ने केंद्र सरकार की 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने के फैसले की आलोचना की। 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी। शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि 50 साल पहले आपातकाल लागू हुआ था, लेकिन भाजपा भविष्य के बजाय अतीत को ही देखती रहती है। राकांपा (एसपी) ने कहा कि अगर भाजपा ने लोकसभा चुनाव में 400 सीटें जीती होतीं, तो वह संविधान बदली दिवस की घोषणा करती।

### 4 पर धोखाधड़ी, साजिश का आरोप तय करने का आदेश

फिक्सिंग मामला

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका में 2000 में खेले गए क्रिकेट मैच को फिक्स करने के आरोपी चार लोगों के खिलाफ कोर्ट ने साजिश और धोखाधड़ी के आरोप तय करने का आदेश दिया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा प्रिया इस मामले में राजेश कालरा, कृष्ण कुमार, सुनील दारा और संजीव चावला के खिलाफ सुनवाई कर रही थीं। इनके खिलाफ चाणक्यपुरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

मामले में उस समय की द. अफ्रीकी टीम के कप्तान हैंसी क्रोन्ये को भी आरोपी बनाया गया था जिनकी बाद में मौत हो गई थी। कोर्ट ने मौजूद सबूतों पर गौर करते हुए कहा कि घटनाओं के क्रम, बातचीत के रिकॉर्ड, आचरण और परिस्थितियों से पता चलता है कि चावला द्वारा हैंसी क्रोन्ये के साथ किए सौदों में कालरा, कृष्ण और दारा की मिलीभगत है। इस मामले की अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी।

### शहीद की विधवा पर टिप्पणी, प्राथमिकी दर्ज

**नई दिल्ली।** कीर्ति चक्र पुरस्कार विजेता (मरणोपरांत) कैप्टन अंशुमान सिंह की विधवा स्मृति सिंह पर कथित अपमानजनक टिप्पणी के मामले में दिल्ली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने शनिवार को कहा कि इस संबंध में राष्ट्रीय महिला आयोग की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 79 और आईटी अधिनियम 2000 की धारा 67 के तहत प्राथमिकी स्पेशल सेल थाने में दर्ज हुई है। महिला आयोग से शिकायत मिली, जिसमें आरोप है कि फेसबुक प्रोफाइल से शहीद की विधवा की तस्वीर पर अपमानजनक टिप्पणी की गई है।

## जीप ने सड़क किनारे सो रहे 4 लोगों को कुचला, दो की मौत

जालंधर, एजेंसी

पंजाब के महानगर जालंधर के पठानकोट चौक में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार जीप ने सड़क किनारे सो रहे चार लोगों को कुचल दिया। जिनमें से दो की मौत हो गई और दो की हालत गंभीर है।

नॉर्थ जालंधर के सहायक आयुक्त (एसीपी) दमनबीर सिंह ने शनिवार को कहा कि जीप चालक को हिरासत में ले लिया है। मृतकों या घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### जम्मू के डोडा में बस खाई में गिरी, तीन की मौत

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में शनिवार को बस के सड़क से फिसलकर 200 फुट गहरी खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई और 24 घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना पूर्वाह्न 10 .25 बजे भटयास के पास हुई। बस भलेसा से थाथरी जा रही थी। बचावकर्मियों को घटनास्थल पर एक महिला मृत मिली, जबकि दो अन्य यात्री ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। आठ घायलों की हालत गंभीर है।

### स्पाइवेयर से मेरे फोन को बनाया निशाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को मोदी सरकार पर उनके फोन को स्पाइवेयर से निशाना बनाने का आरोप लगाया और कहा इस घोर असंवैधानिक कृत्य तथा निजता के हनन का विरोध होगा। वेणुगोपाल ने एप्पल की ओर से भेजे संदेश का स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें कहा गया है आपको एक ऐसे स्पाइवेयर हमले द्वारा निशाना बनाया जा रहा है जो आपके एप्पल आईडी से जुड़े आईफोन को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है।

- कांग्रेस नेता वेणुगोपाल ने लगाया आरोप

### खुशी के मौके पर भी दी जा सकती है पैरोल : हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति को पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया जा रहे उसके बेटे को विदा करने के लिए पैरोल दी और कहा कि यदि दुख बांटने के लिए पैरोल दी जा सकती है तो, खुशी के अवसर पर यह मिलनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि दोषियों को थोड़े समय के लिए सशर्त रिहाई दी जाती है, ताकि वे बाहरी दुनिया से संपर्क में रह सकें और पारिवारिक मामलों की व्यवस्था कर सकें, क्योंकि अपराधी किसी का बेटा, पति, पिता या भाई होता है। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने नौ जुलाई के आदेश में कहा कि पैरोल और फरलो के प्रावधानों को समय समय पर दोषियों के प्रति मानवतावादी दृष्टिकोण के रूप में देखा गया है। अदालत विवेक श्रीवास्तव की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उसने आस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालय में अपने बेटे की शिक्षा के लिए ट्यूशन फीस और अन्य खर्चों का प्रबंध करने तथा उसे विदा करने के लिए पैरोल मांगी थी।

## केजरीवाल की जिंदगी से खेल रही भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी



- आप नेता बोले- जेल में रहने के दौरान केजरीवाल का वजन 8.5 किलो घटा

आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार को दावा किया कि भाजपा और केंद्र सरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जिंदगी से खेल रही है, जिनका वजन जेल में रहने के दौरान 8.5 किलोग्राम कम हो गया है और रक्त में शर्करा का स्तर 50 मिलीग्राम/डीएल से नीचे पांच बार जा चुका है। सिंह के दावों पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

सिंह ने कहा कि केजरीवाल की स्वास्थ्य स्थिति ऐसी है कि अगर उन्हें जल्द जेल से बाहर नहीं लाया गया और इलाज नहीं किया गया तो उनके साथ कोई भी गंभीर घटना घट सकती है। जब 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया था, तब उनका वजन 70 किलोग्राम था, जो कम होकर 61.5 किलोग्राम रह गया है। सिंह ने दावा किया कि उनका वजन लगातार घटने का कारण अज्ञात है, क्योंकि कोई जांच नहीं हुई है।

सिंह ने कहा कि वजन घटना किसी गंभीर बीमारी का संकेत है। केजरीवाल का परिवार, आप और उनके शुभचिंतक जेल में उनकी स्वास्थ्य स्थिति को लेकर चिंतित हैं। उच्चतम न्यायालय ने ईडी द्वारा दर्ज मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री को शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी थी। हालांकि, आबकारी नीति घोटाला मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने के कारण वह अभी भी जेल में ही हैं।

### अजमेर की लोक अदालत में 45 मामले निस्तारित

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर स्थित राजस्व मंडल मुख्यालय पर शानिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत 45 प्रकरण निस्तारित किये गए। राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत राजस्व प्रकरणों के निस्तारण को लेकर राजस्व मंडल के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह के निर्देशानुसार राजस्व मंडल के स्तर पर गठित पीठ के माध्यम से शनिवार को 45 प्रकरणों का निस्तारण किया जा सका। इससे पहले अजमेर मण्डल परिसर में दीप प्रज्वलित करके राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत शुभारम्भ किया गया।

## बाढ़ से एक और मौत, 8.4 लाख लोग प्रभावित

गुवाहाटी, एजेंसी

- असम में बाढ़, भूस्खलन, तूफान और बिजली गिरने से जान गंवाने वाले की संख्या हुई 107

असम में बाढ़ से एक और व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं 20 जिलों में 8.4 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की दैनिक बाढ़ रिपोर्ट के अनुसार धेमाजी जिले के गोगामुख राजस्व क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गई। साथ ही इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन, तूफान और बिजली गिरने से संबंधित घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या 107 हो गई है।

रिपोर्ट के अनुसार बारपेटा, कछार, चिरांग, दरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, ग्वालपाड़ा, गोलाघाट, हैलाकांडी, जोरहाट, कामरूप, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, करीमगंज, माजुली, मोरीगांव, नगांव, नलबाड़ी, शिवसागर और दक्षिण सलमारा जिलों में 8,40,000 से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। इनमें कछार सबसे अधिक 1.5 लाख लोग प्रभावित हैं। धुबरी में 1.27 लाख और नगांव 88,500 लोग बाढ़ से जूझ रहे हैं। शुक्रवार तक राज्य के 23 जिलों में 12.33 लाख से अधिक लोग प्रभावित थे। प्रशासन 13 जिलों में 221 राहत शिविर और राहत वितरण केंद्र चला रहा है, जिनमें 72,046 विस्थापित लोग शरण लिए हैं।

एएसडीएमए ने कहा कि 1,705 गांव जलमग्न हैं और असम में 39,898.92 हेक्टेयर में लगी फसलें बर्बाद हो गई हैं। बारपेटा, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, ग्वालपाड़ा, कोकराझार, बोंगाईगांव, कछार, चराईदेव, गोलाघाट, मोरीगांव, नगांव और शिवसागर में बाढ़ से तटबंध, सड़कें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। ब्रह्मपुत्र नदी निमाटीघाट, तेजपुर और धुबरी में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसकी सहायक नदियां भी खतरे के निशान से ऊपर हैं। बराक नदी की सहायक नदी कुशियारा भी करीमगंज शहर में खतरे के निशान से ऊपर है।

## कारोबार/कृषि

### बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 2075, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि . 1770, रविन्द्रा 1980, फॉर्चुन ली . 1620, जय जवान 1525, सचिन 1515, सूरज 1550, अवसर 1650, राग गोल्ड 1610, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1920, स्वास्तिक 2045 । किराना-( प्रतिकु .) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 35000, लाल मिर्च 19500-25000, धनिया 9000-11000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल-( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो ) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4800, खजाना 4800 । दाल दलहन0मूंग दाल इंदौर 10900, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10200-10900, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8300, लाल हिंदुस्तान 8400, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10800, मोटा हीरा 12400, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17200 । चीनी- डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी 4000 ।

# इस्पात पिघला, आया 4 हजार रुपये टन का अंतर

## डिमांड घटने से स्टील के दाम में दर्ज की गई गिरावट, स्टील पाइप के दरों में भी आई कमी

- बारिश के चलते निर्माण कार्य पर ब्रेक लगने से फुटकर बाजार में डिमांड घटी
- लोकल रायपुर और गैलेंट, टाटा-जिंदल आदि नामी-गिरामी ब्रांड के भाव भी गिरे

नीरज मिश्र



**अमृत विचार :** बारिश के मौसम में डिमांड के घटते ही स्टील के दाम में लंबे समय के बाद बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। करीब 4,000 रुपये प्रति टन का अंतर बाजार भाव में आया है। वहीं प्रति क्विंटल देखा जाए तो सरिया की कीमत में 400 रुपये का फर्क पड़ा है।

62 हजार रुपये से घटकर इसका भाव 58,000 रुपये प्रति टन हो गया है। यही नहीं बड़े ब्रांड की कंपनियों ने भी अपने सरिया की कीमतों में कमी की है। वहीं भाव में गिरावट से लोहे के पाइप के दाम भी नीचे आए हैं। लगातार गिरते भाव से इस्पात पिघलता सा नजर आ रहा है।

| ब्रांड | पुरानी दर | मौजूदा दर (कीमत प्रति टन) |
|---|---|---|
| लोकल एवं रायपुर | 60,000 | 56,000 से 57,000 |
| गैलेंट | 62,000 | 58,000 से 60,000 |
| टाटा-जिंदल आदि | 78,000 | 75,000 से 76,000 |
| स्टील पाइप | 70,000 | 65,000 से 67,000 |

"निर्माण कार्य रुकने से डिमांड नहीं है। थोक बाजार हो या फुटकर सभी में महज 30 से 40 फीसद मजबूरी वाला सौदा रह गया है। सभी ब्रांड सस्ते हैं। चाहे वह लोकल हो या बड़े ब्रांड के टाटा और जिंदल जैसे नाम। सभी के भाव में लगातार गिरावट बनी हुई है।
-विशाल अग्रवाल, आयरन स्टील के थोक कारोबारी

"स्टील सस्ती हो गई है। अरसे बाद इस्पात का भाव नीचे आया है। या यूं कहे कि पुराने रेट को छू रहा है तो गलत न होगा। स्टील की डिमांड कम है। ऐसे में कीमतें गिर रही हैं। सरिया सस्ती है लेकिन खपत नहीं है।
-श्याममूर्ति गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष उप्र. सीमेंट व्यापार संघ

### फुटकर कारोबार रह गया है महज 30 से 40 फीसद

निर्माण कार्य बंद होने से बाजार शांत है। सरिया का फुटकर बाजार का लगातार डाउन है। माल डंप है। डिमांड बिल्कुल नहीं है।

## कॉरपोरेट अग्रिम कर में वृद्धि से प्रत्यक्ष कर संग्रह 5.74 लाख करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

- अग्रिम कर की पहली किस्त 27.34% बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये हुई

कॉरपोरेट कंपनियों के अग्रिम कर भुगतान में वृद्धि से चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.54% बढ़कर 5.74 लाख करोड़ से अधिक हो गया है। अग्रिम कर की पहली किस्त 27.34% बढ़कर 1.48 लाख करोड़ हो गई। यह 15 जून को देनी होती है। इसमें 1.14 लाख करोड़ का निगम आयकर (सीआईटी) और 34,470 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) शामिल है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 11 जुलाई तक का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 5,74,357 करोड़ रुपये है। इसमें 2,10,274 करोड़ का सीआईटी और 3,46,036 करोड़ का पीआईटी है। प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) ने प्रत्यक्ष कर संग्रह में 16,634 करोड़ का योगदान दिया। गत वर्ष इसी अवधि में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 4,80,458 करोड़ था। चालू वित्त वर्ष में 11 जुलाई तक 70,902 करोड़ रुपये का रिफंड जारी हुआ है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान जारी रिफंड से 64.4% अधिक है। अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (रिफंड समायोजन से पहले) 6.45 लाख करोड़ रहा, जबकि एक वर्ष पूर्व यह 5.23 लाख करोड़ था, जो 23.24% की वृद्धि है।

### प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.54% बढ़ा

आयकर विभाग ने आयकर संग्रह के आंकड़े जारी किये, जिसके अनुसार इस अवधि में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 645259 करोड़ रुपये रहा है जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि के 523563 करोड़ रुपये की तुलना में 23 .24% अधिक है। चालू वित्त वर्ष में 11 जुलाई तक 70902 करोड़ का रिफंड जारी किया जा चुका है जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 43105 करोड़ रुपये की तुलना में 64 .49 % अधिक है।

### बीएसएनएल को एमटीएनएल सौंपने पर विचार, विलय की संभावना नहीं

**नई दिल्ली।** सरकार समझौते के जरिए महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) का संचालन बीएसएनएल को सौंपने के विकल्प पर विचार कर रही है। सरकार विलय की जगह इस विकल्प पर विचार कर रही है। इस पर अंतिम फैसला एक महीने में लिए जाने की संभावना है।

एमटीएनएल का संचालन समझौते के जरिए भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को सौंपने के विकल्प पर विचार हो रहा है। एमटीएनएल के कर्ज को देखते हुए बीएसएनएल के साथ विलय अनुकूल विकल्प नहीं है। फैसले के बाद प्रस्ताव सचिवों के सामने रखा जाएगा और मंत्रिमंडल इस पर अंतिम निर्णय लेगी। एमटीएनएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा था कि वह बॉण्डधारकों को ब्याज का भुगतान करने में असमर्थ है। यह ब्याज 20 जुलाई को देय है। एमटीएनएल, दूरसंचार विभाग व बीकन ट्रस्टीशिप लिमिटेड के बीच हस्ताक्षरित त्रिपक्षीय समझौते के अनुसार एमटीएनएल को 10 दिन पहले एस्क्रो खाते में राशि के साथ अर्धवार्षिक ब्याज का भुगतान करना होगा।



### सर्राफा



बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73200 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72200 |
| सिल्वर ( पक्की) | 910 (अनुमानित ) |

# सब्जियों की कम आपूर्ति, ऊंचे दामों से बिगड़ा बजट

नई दिल्ली, एजेंसी



- आलू, प्याज, टमाटर, फूलगोभी, पत्तागोभी और लौकी जैसी हरी सब्जियों के दामों में आया उछाल

हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में देर से हुई बारिश से फसलों को हुए नुकसान से दिल्ली में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को टमाटर जैसी रोजमर्रा की चीजें दोगुनी कीमत पर खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। थोक बाजारों में दुकानदारों ने बताया कि खासतौर पर आलू, प्याज और टमाटर जैसी वस्तुओं के साथ फूलगोभी, पत्तागोभी और लौकी जैसी हरी सब्जियों के दामों में उछाल आया है।

आजादपुर सब्जी मंडी के व्यापारी संजय भगत ने बताया कि फिलहाल टमाटर का थोक भाव 50 से 60 रुपये प्रति किलो है। स्थानीय किस्म का टमाटर 1,200 रुपये प्रति 28 किलो (एक क्रेट) और हाइब्रिड 1,400 से 1,700 रुपये में बिक रहा है। पहले टमाटर का भाव 25-30 रुपये प्रति किलो था। थोक बाजार में अन्य सब्जियों की कीमत 25 से 28 रुपये प्रति किलो है। जो सब्जियां 10 से 15 रुपये में बिकती थीं, वे अब 25 से 30 रुपये में मिल रही हैं। बीन्स की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है, जो 40 से 50 रुपये प्रति किलो बिक रही हैं। इस साल तेज गर्मी और बारिश में देरी के कारण कीमतों में उछाल आया है। ओखला सब्जी मंडी के व्यापारी ने कहा कि अभी केवल दो जगहों से टमाटर की आपूर्ति हो रही है - कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश। महाराष्ट्र से 10-15 अगस्त के आसपास नई फसल आने तक कीमतें ऊंची रहेंगी।

### टमाटर की कीमतों में आ सकती है गिरावट

**नई दिल्ली।** टमाटर की खुदरा कीमत 75 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। एक सरकारी अधिकारी के अनुसार दक्षिणी राज्यों से आपूर्ति बढ़ने से आने वाले हफ्तों में इसमें नरमी आने की उम्मीद है। आपूर्ति में बाधा से बढ़ीं टमाटर और प्याज की कीमतों के जल्द स्थिर होने की उम्मीद है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि दिल्ली और कुछ अन्य शहरों में टमाटर, आलू और प्याज की कीमतें बहुत ज्यादा हैं। फिलहाल दिल्ली को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से टमाटर की आपूर्ति हो रही है। आंध्र प्रदेश और कर्नाटक से हाइब्रिड टमाटर राष्ट्रीय राजधानी में पहुंचने के साथ ही कीमतों में नरमी आने लगेगी। सरकार सब्सिडी वाले टमाटर की बिक्री को फिर से शुरू करने की योजना नहीं बना रही है।

### सरकार की ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि कोष शुरू करने की तैयारी

**नई दिल्ली।** सरकार कृषि उद्यमियों को समर्थन देने के लिए स्टार्टअप और ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि कोष (एग्रीश्योर) शुरू करने की तैयारी कर रही है। आधिकारिक बयान के अनुसार इस कोष से विशिष्ट क्षेत्रों में निवेश और कृषि व संबद्ध क्षेत्रों में काम करने वाले स्टार्टअप को ऋण वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) संग प्रत्यक्ष इक्विटी समर्थन दिया जाएगा।

इस पहल का उद्देश्य 750 करोड़ रुपये की श्रेणी-2 एआईएफ की स्थापना के जरिए कृषि क्षेत्र में नवाचार और स्थिरता को बढ़ावा देना है। यह कोष इक्विटी और ऋण दोनों को समर्थन देगा और कृषि मूल्य श्रृंखला में उच्च जोखिम, उच्च प्रभाव वाली गतिविधियों को लक्षित करेगा। यह घोषणा मुंबई में नाबार्ड मुख्यालय में की गई। इस कार्यक्रम में वित्तीय संस्थानों, निवेशकों, एआईएफ प्रबंधकों और कृषि स्टार्टअप सहित प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया। कृषि और किसान कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव अजीत साहू ने इसको बढ़ाने पर जोर दिया।

# गोल्फर अदिति ने हासिल किया कट, दीक्षा बाहर

एवियन ले बेंस, एजेंसी


अदिति अशोक

भारतीय ओलंपिक दल की महिला गोल्फर अदिति अशोक ने अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में कट में प्रवेश किया जबकि हमवतन दीक्षा डागर ने चिकित्सीय आधार पर दूसरे दौर से हटने का फैसला किया।

खराब मौसम में बिजली चमकने के कारण दिन का खेल निलंबित कर दिया गया। अदिति ने पहले दौर के 71 के कार्ड खेला था और वह दूसरे दौर में एक अंडर 70 के कार्ड से 36 होल में एक अंडर पर बनी हुई थीं। दीक्षा ने पहले दौर में 76 का कार्ड बनाया था लेकिन चिकित्सीय आधार पर उन्होंने हटने का फैसला किया।

## अर्जुन ने हासिल किया कट

**एक्रोन (ओहियो, अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल (74-71) ने यहां फायरस्टोन कंट्री क्लब में खेले जा रहे कॉलिग कंपनीज चैंपियनशिप गोल्फ के कट प्रवेश कर लिया है। अटवाल ने दूसरे दौर में दो बर्डी और तीन बोगी के साथ एक ओवर 71 का कार्ड खेला। उन्होंने पहले दौर में चार ओवर 74 का स्कोर किया। वह पांच ओवर 145 के स्कोर के साथ संयुक्त 49वें स्थान पर है।

# भारत के श्रीलंका दौरे के कार्यक्रम में हुआ बदलाव

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को कहा कि भारत के आगामी सफेद गेंद के श्रीलंका दौरे के कार्यक्रम में संशोधन किया गया है और अब यह एक दिन आगे 27 जुलाई से शुरू होगा।

भारतीय टीम इस महीने के अंत में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। कार्यक्रम के पहले के कार्यक्रम के अनुसार पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 26 जुलाई को खेला जाना था, लेकिन अब यह 27 जुलाई को होगा। इसके बाद दो टी-20 मैच 28 जुलाई और 30 जुलाई को होंगे। सभी मुकाबले पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जायेंगे।


महिला एकल फाइनल में हार के बाद निराश जैस्मीन पाओलिनी।

# जैस्मीन को हराकर बारबोरा बनीं चैंपियन

लंदन, एजेंसी

चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिसिकोवा ने महिला एकल फाइनल में जैस्मीन पाओलिनी को हराकर विंबलडन खिताब अपने नाम किया और अपनी दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीती।

28 साल की क्रेजिसिकोवा ने 2021 में फ्रेंच ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। इस सत्र में पीठ की चोट के कारण ऑल इंग्लैंड क्लब में भी वह 32 वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में 31वें नंबर पर थीं। टूर्नामेंट के पिछले आठ चरण से नई महिला चैंपियन निकली हैं और तब से क्रेजिसिकोवा विंबलडन चैंपियन बनने वाली आठवीं महिला खिलाड़ी हैं। पिछले साल का खिताब भी चेक गणराज्य की ही खिलाड़ी के नाम रहा था जो गैर वरीय मार्केटा वोंद्रोयूसोवा थीं जो पिछले हफ्ते यहां पहले दौर में हार गयी थीं। सातवीं वरीय पाओलिनी पिछले महीने फ्रेंच ओपन में उप विजेता रही थीं और वह 2016 में सेरेना विलिम्यस के बाद एक ही सत्र रोलां गैरों और विंबलडन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं।


● क्रेजिसिकोवा ने जीती दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी
<< विंबलडन खिताब को चूमतीं चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिसिकोवा।

## फाइनल देखने आएंगी वेल्स की राजकुमारी केट

**लंदन।** कैंसर का उपचार करा रही ब्रिटेन के वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन विम्बलडन टेनिस चैंपियनशिप में पुरूष एकल फाइनल के विजेता को ट्रॉफी प्रदान करेंगी। मिडलटन ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस की संरक्षक के रूप में फाइनल देखने आएंगी।



## डिएडे डि ग्रूट ने लगातार 15वां खिताब जीता

**लंदन।** डिएडे डि ग्रूट ने शनिवार को ऑल इंग्लैंड क्लब में महिला व्हीलचेयर फाइनल में अपनी छठी विंबलडन एकल ट्रॉफी जीतकर लगातार 15वां ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया। उन्होंने हमवतन नीदरलैंड की अपनी साथी खिलाड़ी एनीक वैन कूट को हराया। डिएडे डि ग्रूट ने लगातार मेजर खिताबों के रिकॉर्ड में इजाफा करते हुए अपनी ट्रॉफियों की कुल संख्या 23 कर दी।

# जिम्बाब्वे पर भारी पड़ी भारतीय सलामी जोड़ी

## शतक से चुके जायसवाल, गिल ने जड़ा अर्धशतक, बिना विकेट गंवाए जीता चौथा मैच, शृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त




हरारे, एजेंसी

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (नाबाद 93) के ताबड़तोड़ और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 58) के संयमित अर्धशतक तथा दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 156 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने शनिवार को यहां चौथे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 10 विकेट से रौंदकर पांच मैच की शृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल की।

भारत ने इस तरह जिम्बाब्वे पर दूसरी दफा 10 विकेट के अंतर से जीत हासिल की। 2016 में इसी स्थल पर भारत ने मेजबान टीम को 10 विकेट से हराया था। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए कामचलाऊ गेंदबाज शिवम दूबे और अभिषेक शर्मा के शानदार प्रदर्शन से जिम्बाब्वे को सात विकेट पर 152 रन पर रोक दिया। फिर जायसवाल और गिल की मदद से उछाल भरी पिच पर यह लक्ष्य महज 15.2 ओवर में 156 रन बनाकर हासिल कर लिया। जायसवाल ने 53 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और दो छक्के जड़े थे। गिल ने 39 गेंद की नाबाद पारी के दौरान छह चौके और दो छक्के जमाए।

इससे पहले जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने 28 गेंद में 46 रन की पारी खेली, लेकिन भारत के पांचवें गेंदबाज अभिषेक (तीन ओवर में 20 रन देकर एक विकेट) और छठे विकल्प दूबे (दो ओवर में 11 रन देकर एक विकेट) ने अच्छे गेंदबाजी प्रयास से जिम्बाब्वे को दबाव में रखा। इन्होंने खतरनाक दिख रही वेस्ले माधेवेरे (24 गेंद में 25 रन) और टाडीवानाशे मारूमनी (31 गेंद में 32 रन) की सलामी जोड़ी को आउट करके मध्य ओवरों में लगाम कसी। कप्तान रजा ने अपनी पारी में तीन छक्के और दो चौके लगाकर जिम्बाब्वे को 150 से अधिक रन के स्कोर तक पहुंचाया।

पदार्पण करने वाले मध्यम गति के गेंदबाज तुषार देशपांडे (तीन ओवर में 30 रन देकर एक विकेट) का पहला स्पैल काफी अधिक फुल लेंथ वाली गेंद या बहुत शॉर्ट गेंद लेंथ वाला रहा। पहले तीन मैच में जिम्बाब्वे के लिए पहले विकेट की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी नौ रन की थी लेकिन माधेवर और मारूमनी ने 63 रन की साझेदारी निभायी, हालांकि यह इतनी तेज नहीं थी। बायें हाथ के स्पिनर अभिषेक ने पहले विकेट की साझेदारी तोड़ी। उनकी गेंद पर मारूमनी पुल शॉट को टाइम नहीं कर सके और रिंकू सिंह के हाथों कैच आउट हुए। दूबे ने फिर माधेवेरे को आउट किया। उनका कैच भी रिंकू ने ही लपका। दूसरे मैच में अच्छी बल्लेबाजी करने वाले ब्रायन बेनेट (14 गेंद में नो रन) को वाशिंगटन ने अपना शिकार बनाया। दूबे और अभिषेक ने 'विकेट टू विकेट' गेंदबाजी करते हुए स्कोर गति पर लगाम कसी।

### स्कोर बोर्ड

| जिम्बाब्वे 152/7 (20 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| वेस्ली माधेवेर का रिंकू सिंह बो शिवम दूबे | 25 | 24 | 4/0 |
| मारूमनी का रिंकू सिंह बो अभिषेक | 32 | 31 | 3/0 |
| ब्रायन बेनेट का जायसवाल बो सुंदर | 9 | 14 | 0/0 |
| सिंकदर रजा का गिल बो देशपांडे | 46 | 28 | 2/3 |
| जोनाथन कैंपबेल रन आउट | 3 | 3 | 0/0 |
| डायन मेयर्स का एवं बो खलील अहमद | 12 | 13 | 0/0 |
| मडांडे का रिंकू सिंह बो खलील अहमद | 7 | 5 | 1/0 |
| फराज अकरम नाबाद | 4 | 3 | 0/0 |

**अतिरिक्त** : 14, **गेंदबाजी** : खलील अहमद 4-0-32-2, तुषार देशपांडे 3-0-30-1, रवि बिश्नोई 4-0-22-0, वाशिंगटन सुंदर 4-0-32-1, अभिषेक शर्मा 3-0-20-1, शिवम दूबे 2-0-11-1

| भारत 156/0 (15.2 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 93 | 53 | 13/2 |
| शुभमन गिल नाबाद | 58 | 39 | 6/2 |

**अतिरिक्त** : 5, **गेंदबाजी** : नगारवा 3-0-27-0, ब्लेसिंग मुजारबानी 3.2-0-25-0, टेंडाई चतारा 2-0-23-0, फराज अकरम 4-0-41-0, सिकंदर रजा 2-0-24-0, ब्रायन बेनेट 1-0-16-0

# इंडिया चैंपियंस ने पाकिस्तान को हराकर जीता खिताब

बर्मिंघम, एजेंसी

**लीजेंड्स विश्व चैंपियनशिप**

● **रायुडू का अर्धशतक यूसुफ ने खेली शानदार पारी**

अंबाती रायुडू (50) और यूसुफ पठान की (30) रनों की शानदार तूफानी पारियों की बदौलत इंडिया चैंपियंस ने पाकिस्तान को फाइनल मुकाबले में पांच विकेट से हराकर लीजेंड्स विश्व चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया।

खिताबी मुकाबले में 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया चैंपियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीन ओवर में 38 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये थे। रॉबिन उथप्पा (10) और सुरेश रैना (4) रन बनाकर आउट हुए। ऐसे समय में अंबाती रायुडू और गुरकीरत सिंह ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। रायुडू ने 30 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए 50 रन बनाए। गुरकीरत सिंह 34 रन बनाकर आउट हुए। युवराज और यूसुफ ने पांचवें विकेट के लिए 42 रन जोड़े। 19वें ओवर में वहाब ने यूसुफ को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। यूसुफ ने 16 गेंदों में 30 रन बनाए। युवराज सिंह (15) और इरफान (5) रन बनाकर नाबाद रहे। इंडिया चैंपियंस ने 19.1 ओवर में पांच विकेट पर 159 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया।

इससे पहले पाकिस्तान ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शोएब मलिक (41) रनों की पारी के दम पर पाकिस्तान चैंपियंस ने इंडिया चैंपियंस को जीत के लिये 157 रनों का लक्ष्य दिया। दूसरे ही ओवर में अनुरीत सिंह ने शरजील खान (12) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कमरान अकमल ने सोहेब मकसूद के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। पांचवें ओवर में विनय ने सोहेब मकसूद (21) को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। कप्तान यूनुस खान को इरफान पठान ने बोल्ड आउट किया। मिस्बाह उल हक नाबाद (18) रिटायर्ड हुए। आमेर यमीन (7) रन बनाकर आउट हुए। शोएब मलिक ने 36 गेंदों में 41 रन बनाए। अफरीदी (4) और सोहेल तनवीर (19) पर नाबाद रहे। भारत की ओर से अनुरीत सिंह ने तीन विकेट लिए। रंगनाथ विनय, पवन नेगी, हरभजन और इरफान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# अनाहत, टियाना विश्व जू. स्क्वैश के तीसरे दौर में

**ह्यूस्टन।** भारत की अनाहत सिंह और उनकी हमवतन टियाना पारसरामपुरिया विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में में जीत दर्ज करते हुए लड़कियों के वर्ग में तीसरे दौर में पहुंच गईं है।

ह्यूस्टन में खेले गए मुकाबले में 16 वर्षीय राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने दक्षिण अफ्रीका की डेने वान जिल को 11-3, 11-2, 11-6 से हराया। अगले दौर में अनाहत का मुकाबला अमेरिका की सामंथा जाफी से होगा। लड़कों के वर्ग में पहले दौर में पांच भारतीय खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की। अयान वजीरल्ली ने सऊदी अरब के मोहम्मद अलनासफान को हराया। शौर्य बावा ने पाकिस्तान के मोहम्मद अम्माद को पराजित किया। अरिहंत केएस ने फिलीपींस के जोनाथन रेयेस को हराया। युवराज ने जापान के शू ताकाहाशी को पराजित किया। अवलोकित ने कैस्पर चेउंग को हराया।

# पूर्व ओलंपियंस बोले- सतत चलनी चाहिए तैयारी

कोलकाता, एजेंसी

**ओलंपिक 13 दिन शेष**

● **'इन सर्च ऑफ ग्लोरी इंडियाज प्रोस्पेक्टस इन द 2024' कार्यक्रम में पूर्व ओलंपियनों ने रखे अपने विचार**

पूर्व ओलंपियनों का मानना है कि ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारी सतत चलने वाली प्रक्रिया होनी चाहिए और अधिकारियों को खेलों के कुछ महीने पहले ही नहीं जागना चाहिए। इंडियन चैंबर आफ कॉमर्स द्वारा शुक्रवार की रात आयोजित परिचर्चा इन सर्च आफ ग्लोरी इंडियाज प्रोस्पेक्टस इन द 2024 ओलंपिक में पूर्व ओलंपियनों ने भाग लिया था।

ओलंपिक 1964 की स्वर्ण पदक विजेता और 1968 की कांस्य पदक विजेता हॉकी टीम के सदस्य रहे गुरबख्श सिंह ने कहा ओलंपिक आने पर ही हम जागते हैं, पूरा देश जागता है। यह रवैया बदलना चाहिए। हॉकी में 2024 ओलंपिक में भारत की संभावना के बारे में उन्होंने कहा हमें कठिन पूल मिला है। पहला लक्ष्य सेमीफाइनल में पहुंचना होना चाहिए। सिर्फ जीत की सोच के साथ मैदान पर उतरना होगा। जिम्नास्ट दीपा करमाकर ने कहा अपने भीतर सब कुछ हासिल करने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए। रियो ओलंपिक 2016 में कांस्य पदक से मामूली अंतर से चूकी करमाकर ने कहा चौथे स्थान पर रहने के बाद मैचे कोच बिश्वेश्वर नंदी सर से कहा कि मुझ पर भरोसा करने वाले करोड़ों भारतीयों का सामना कैसे करूंगी। उन्हें मुझसे इतनी अपेक्षाएं थीं। मैं सीधे अगरतला जाना चाहती थी लेकिन उन्होंने कहा कि पूरा देश तुम्हारा इंतजार कर रहा है।

उन्होंने कहा और मेरे आने के बाद जिस तरह से स्वागत हुआ, मैं दंग रह गई। मुझे याद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कितने प्रेरक शब्द कहे थे और उन्हें मेरे प्रदर्शन के हर मिनट की जानकारी थी। नंदी ने कहा भारत में जिम्नास्टिक पांच या छह राज्यों में ही खेला जाता है। इसमें बदलाव जरूरी है ताकि दीपा के नक्शे कदम पर और भी युवा चल सकें। पूर्व ओलंपियन तीरंदाज राहुल बनर्जी ने कहा कि एक खिलाड़ी को हमेशा नाकामियों से सीखना चाहिए। अगर आप पहला टूर्नामेंट जीतते हैं तो जश्न मनाते हैं और दूसरा हारने पर आपको नाकाम करार दिया जाता है।

# ओलंपियाड के लिए गुकेश और प्रज्ञानानंदा को टीम में मिली जगह

चेन्नई, एजेंसी


आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश। ● एजेंसी

भारत के स्टार खिलाड़ी डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा हंगरी के बुडापेस्ट में सितंबर में होने वाले आगामी शतरंज ओलंपियाड में भाग लेंगे। नवंबर में विश्व शतरंज चैंपियनशिप में चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले गुकेश के लिए यह टूर्नामेंट ड्रेस रिहर्सल की तरह होगा।

गुकेश ने इस साल शानदार प्रदर्शन किया है। वह अप्रैल में टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के अध्यक्ष नितिन नारंग ने पीटीआई को पुष्टि करते हुए बताया कि टीम में अर्जुन एरिगेसी, विदित गुजराती और पी हरिकृष्णा भी शामिल हैं। महिला टीम में डी हरिका, वैशाली रमेशबाबू, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव मौजूद हैं। ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी टीम से बाहर हैं।

## बॉलीवुड हलचल



# स्पेशल ट्रेनिंग ले रहे हैं आदित्य रॉय कपूर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर अपनी आने वाली फिल्म के स्पेशल ट्रेनिंग ले रहे हैं। आदित्य रॉय कपूर अपनी अगली फिल्म में दमदार एक्शन सीन करते नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत तक हो सकती है। कहा जा रहा है कि वह इस फिल्म के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं और इसके लिए खास ट्रेनिंग भी ले रहे हैं। उनकी ट्रेनिंग सेलिब्रिटी फिटनेस ट्रेनर रोहित नायर के अंडर चल रही है। आदित्य रॉय इस एक्शन फिल्म के लिए जबरदस्त फिजिकल ट्रेनिंग कर रहे हैं। आदित्य रॉय कपूर के लिए यह खास ट्रेनिंग कानपुर में रखी की गई है। इस स्पेशल ट्रेनिंग में किक बॉक्सिंग और मार्शल आर्ट्स तकनीक पर फोकस किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि इस ट्रेनिंग के जरिए आदित्य रॉय कपूर को न सिर्फ फिल्म के लिए तैयार किया जा रहा है बल्कि उनकी ओवरऑल फिजिकल कंडीशन भी बेहतर की जा रही है। आदित्य की ट्रेनिंग दो महीने तक चलने वाली है।

# हाउसफुल 5 में काम करेंगे संजय दत्त



**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त, की एंट्री हाउसफुल 5 में हो गई है। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल का पांचवा संस्करण बनाने जा रहे हैं। तरूण मनसुखानी के निर्देशन में बनने वाली फिल्म हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन और रितेश देशमुख की अनाउंसमेंट पहले ही चुकी थी और अब हाउसफुल 5 में संजय दत्त की एंट्री कन्फर्म हो चुकी है। सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर साजिद नाडियाडवाला ने लिखा, ''#एनजीइएफ फैमिली को ये घोषणा करते हुए खुशी महसूस हो रही है कि संजय दत्त, हाउसफुल 5 की फैमिली को ज्वाइन कर रहे हैं। पागलपंती से भरी इस अगली जर्नी पर काम करने के लिए उत्साहित हूं।

# ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स की मेंटॉर होंगी झूलन

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को विमेंस कैरिबियाई प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल) 2024 में ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने अपना मेंटॉर नियुक्त किया है।

नाइट राइडर्स की ओर साझे किए गए बयान में गोस्वामी के हवाले से कहा गया है, मेरे लिए इस फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनना गर्व की बात है। नाइट राइडर्स ने भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मैं इस टूर्नामेंट में उनका हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्सुक हूं। मुझे मेंटॉर की भूमिका देने के लिए नाइट राइडर्स का धन्यवाद। टीकेआर के साथ जुड़ने की मेरी शुरुआती चर्चा वेंकी मायसोर (केकेआर के सीईओ) के साथ हुई थी। आईपीएल के दौरान कोलकाता में जिस तरह से वेंकी सर और शाहरुख खान ने मेरा स्वागत किया और मुझसे बात की, मैं उससे काफी खुश थी।

**यूरो कप फाइनल** 1966 विश्वकप के बाद पहली बड़ी ट्रॉफी जीतने का इंग्लैंड के पास मौका

# 58 साल का सूखा खत्म करना चाहेगा इंग्लैंड

बर्लिन, एजेंसी

स्पेन की टीम रविवार को जब यूरो 2024 के फाइनल में उतरेगी तो उसकी कोशिश रिकॉर्ड चौथा खिताब जीतने की होगी जबकि प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड 1966 विश्व कप खिताब के बाद इस खेल में पहली बड़ी ट्रॉफी जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाएगा।

स्पेन और जर्मनी ने तीन-तीन यूरो खिताब जीते हैं और रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ मैच में स्पेन का पलड़ा भारी होगा। स्पेन की टीम टूर्नामेंट में अब तक अपने सभी मैच जीतने में सफल रही है। टीम पिछले कुछ समय से शानदार लय में है। उसने पिछले साल जून में यूईएफए नेशंस लीग का खिताब जीता था। 17 साल के लामाइन यमल स्पेन के तुरुप के इक्के साबित हुए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में तीन बार गोल के मौके बनाए और फिर सेमीफाइनल में फ्रांस के खिलाफ अपना पहला गोल किया। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। यमल के लिए यह टूर्नामेंट वैसा ही रहा है जैसा कि 2018 विश्व कप में फ्रांस के काइलियान एमबाप्पे और 1958 विश्व कप में 17 साल के पेले के लिए था। स्पेन 12 साल के बाद किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। टीम ने अपना पिछला फाइनल यूरो 2012 में इटली के खिलाफ खेला था। टीम ने तब इटली को 4-0 से करारी शिकस्त देकर खिताब जीता था। स्पेन की टीम 1964, 2008 और 2012 में चैम्पियन रही है। यूरो 2024 में छह खिलाड़ी टूर्नामेंट के सबसे अधिक तीन गोल पर हैं और इनमें दो फाइनल में खेल रहे हैं।


अभ्यास सत्र में पसीना बहाते स्पेन के यमल व अन्य खिलाड़ी। ● एजेंसी

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट को प्रधानमंत्री ने दिया आशीर्वाद

**मुंबई, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नवविवाहित जोड़े अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट को उनकी शादी के बाद आशीर्वाद दिया। विवाह समारोह में देश-विदेश की मशहूर हस्तियों, उद्योगपतियों और राजनेताओं ने भाग लिया। मोदी यहां अंबानी परिवार के स्वामित्व वाले जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित समारोह में शामिल होने पहुंचे, जिसका नाम शुभ आशीर्वाद रखा गया है। नवविवाहित जोड़े ने मोदी के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। मोदी का स्वागत मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी ने किया तथा उन्हें समारोह स्थल तक ले गये।



● नवविवाहित जोड़े ने मोदी के पैर छुए, मुकेश अंबानी और नीता अंबानी ने किया स्वागत

एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और उद्योगपति वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका मर्चेंट शुक्रवार को मुंबई में एक भव्य समारोह में परिणय सूत्र में बंध गए। शनिवार के समारोह के लिए आमंत्रित अतिथि लगभग वही थे, जो एक दिन पहले शादी में शामिल हुए थे। विवाह समारोह में शामिल होने वालों में बॉलीवुड के दिग्गज अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, सलमान खान और रणबीर कपूर, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव शामिल थे। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर और बोरिस जॉनसन के अलावा सऊदी अरामको के सीईओ अमीन एच. नासर भी अतिथि सूची में शामिल थे।

# सिएटल में वीजा आवेदन केंद्र की शुरुआत हुई

**ह्यूस्टन, एजेंसी**

● भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को वीजा आवेदन केंद्र का उद्घाटन किया

अमेरिका के सिएटल में स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को वीजा आवेदन केंद्र का उद्घाटन किया। सिएटल के मेयर ब्रूस हैरेल, पोर्ट कमिश्नर सैम चो सहित स्थानीय नेता इस उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। मेयर हैरेल ने आवेदकों को भारतीय पासपोर्ट और वीजा प्रदान किया, जो समुदाय के लिए एक खास पल था।

सिएटल के मेयर ब्रूस हैरेल ने वहां रह रहे भारतीयों की तारीफ की, साथ ही भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को समृद्ध बनाने में उनके योगदान की सराहना की। सिएटल के अलावा बेलेव्यू में भी एक ड्रॉप-ऑफ प्रतिष्ठान प्रारंभ किया है ताकि पूर्वी क्षेत्र के लोगों को वीजा और पासपोर्ट संबंधी सुविधाएं आसानी से मिल सकें। सिएटल और बेलेव्यू भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) का संचालन वीएफएस ग्लोबल कर रहा है,यह विदेश मंत्रालय का आउटसोर्स्ड वीजा सेवा साझेदार है। ये केंद्र भारतीय नागरिकों के लिए वीजा प्रक्रिया को सरल बनाने और इससे संबंधित अन्य समस्याओं से निपटने में मदद के लिए स्थापित किए गए हैं।

# रिजॉल्व तिब्बत एक्ट पर किए हस्ताक्षर

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने तिब्बत के लिए अमेरिकी समर्थन बढ़ाने और इस हिमालयी क्षेत्र के दर्जे व शासन से संबंधित विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के लिए चीन और दलाई लामा के बीच संवाद को बढ़ावा देने संबंधी एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके बाद यह एक कानून बन गया है। चीन ने रिजॉल्व तिब्बत एक्ट का विरोध करते हुए इसे अस्थिरता पैदा करने वाला कानून बताया था। पिछले साल फरवरी में प्रतिनिधि सभा ने जबकि मई में सीनेट ने इस विधेयक को मंजूरी दी थी।

बाइडन ने शुक्रवार देर रात जारी एक बयान में कहा, मैंने एस. 138, तिब्बत-चीन विवाद समाधान को बढ़ावा देने वाला अधिनियम पर हस्ताक्षर किए हैं। बाइडन ने कहा, मेरा प्रशासन पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना से दलाई लामा या उनके प्रतिनिधियों के साथ बिना किसी पूर्व शर्त के सीधी बातचीत फिर से शुरू करने का आह्वान करता रहेगा, ताकि मतभेदों को दूर किया जा सके और तिब्बत पर बातचीत के जरिए समझौता किया जा सके। चौदहवें दलाई लामा 1959 में तिब्बत से भागकर भारत चले गए थे।



● अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के हस्ताक्षर के बाद बना कानून

## होनहार विदेशी छात्रों के लिए विधेयक पेश

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के सदस्य थानेदार ने एच-1बी वीजा की उपलब्धता बढ़ाकर होनहार विदेशी छात्रों को अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद अमेरिका में रहने के लिये प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विधेयक पेश किया है। एच-1बी वीजा की भारतीय आईटी पेशेवरों द्वारा सर्वाधिक मांग है। डेमोक्रेटिक पार्टी से अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य थानेदार ने कहा, एक आप्रवासी के तौर पर, अमेरिका में शिक्षा के अवसरों ने मुझे हर मौका दिया और मैं देश में हमारे सबसे प्रतिभाशाली छात्रों को रखने के महत्व को समझता हूं।

## एक नजर

### किसी देश के दबाव में नहीं आएंगे : पेजेश्कियन

**तेहरान।** ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने कहा है कि उनकी सरकार राष्ट्रीय हितों और शांति की पूर्व शर्त के अनुरूप सभी देशों के साथ संतुलित संबंध स्थापित करेगी, लेकिन अमेरिका पर जोर देते हुए कहा कि उनका देश दबाव में नहीं आएगा। मसूद पेजेश्कियन ने शुक्रवार देर रात देश के सरकारी अखबार तेहरान टाइम्स में नयी दुनिया के लिए मेरा संदेश शीर्षक से लिखा जिसमें नवीनतम राष्ट्रपति चुनाव की प्रशंसा की गई है जिसने उल्लेखनीय स्थिरता का प्रदर्शन किया। इसमें उन्होंने लिखा कि वह चुनाव प्रचार के दौरान किये गय वादों को बरकरार रखने का संकल्प लेते हैं। ईरान के 69 वर्षीय हार्ट सर्जन और लंबे समय तक सांसद रहे पेजेश्कियन ने पांच जुलाई के चुनाव में कट्टरपंथी पूर्व परमाणु वार्ताकार सईद जलीली को हराकर राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की जगह ली।

### अर्जेंटीना ने हमास को आतंकी समूह घोषित किया

**ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)।** अर्जेंटीना ने शुक्रवार को हमास को आतंकी समूह घोषित किया और इस फलस्तीनी समूह की वित्तीय संपत्तियां जब्त करने का आदेश दिया। राष्ट्रपति जेवियर माइली अर्जेंटीना को अमेरिका और इजराइल के साथ मजबूती से जोड़ना चाहते हैं। उस दिशा में इसे बहुत हद तक एक सांकेतिक कदम माना जा रहा है। माइली के कार्यालय ने पिछले सात अक्टूबर को इजराइल में फलस्तीनी समूह द्वारा किये गये हमले का हवाला देते हुए यह घोषणा की। यह हमला इजराइल के 76 साल के इतिहास में सबसे घातक हमलों में से एक था। बयान में, हमास से ईरान के घनिष्ठ संबंधों का भी उल्लेख किया गया है, जिसे अर्जेंटीना देश में यहूदी स्थलों पर दो घातक आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार ठहरा रहा है।

### वियतनाम में भूस्खलन 11 लोगों की मौत की पुष्टि

**हनोई।** वियतनाम के उत्तरी प्रांत हा गियांग में शनिवार सुबह भूस्खलन से दबकर एक मिनीबस में सवार कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। वियतनाम समाचार एजेंसी के ताजा अपडेट में यह जानकारी दी गयी। जब बाक मी जिले में एक सड़क पर भूस्खलन के कारण वाहन फंस गया, तो उसमें सवार सभी लोग मदद के लिए बाहर निकल आए। बताया जा रहा है कि मिनीबस में लगभग 16 लोग सवार थे। राष्ट्रीय जल-मौसम पूर्वानुमान केंद्र के अनुसार, जिस क्षेत्र में दुर्घटना हुई, वहां शुक्रवार शाम 7 बजे से शनिवार सुबह 7 बजे तक तक 280-290 मिमी बारिश दर्ज की गई।

# इमरान और बुशरा बीबी को अदालत ने किया बरी

## गैर-इस्लामिक निकाह मामले में दोषसिद्धि रद्द करने की याचिका स्वीकार

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को शनिवार को जिला एवं सत्र अदालत ने इद्दत मामले में बरी कर दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अदालत ने गैर-इस्लामिक निकाह मामले में दोषसिद्धि को रद्द करने की उनकी याचिका स्वीकार कर ली। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मुहम्मद अफजल मजोका ने पहले संक्षिप्त आदेश की घोषणा की।

इमरान खान और बुशरा बीबी को फरवरी में सात साल की जेल की सजा सुनाई गई थी और प्रत्येक पर 500,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया था। उस समय निचली अदालत ने उनके निकाह को धोखाधड़ी करार दिया था। बुशरा के पूर्व पति खावर मेनका ने जोड़े की शादी के खिलाफ अदालत का रुख किया था। इसके बाद खान दंपति ने सजा को चुनौती दी थी और राहत के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया था। अदालत ने 28 पन्नों के फैसले में कहा कि मेनका लगभग छह साल तक निष्क्रिय रहा, जिससे उसका रुजू का अधिकार समाप्त हो गया, जो तलाक के बाद इद्दत की अवधि के भीतर रिश्ते को सामान्य करने की अवधि है। अदालत ने कहा, यदि उन्हें किसी अन्य मामले में हिरासत में रखने की आवश्यकता नहीं है, तो खान और बुशरा को तत्काल रिहा करने का निर्देश दिया जाता है।



पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी को बरी करने के कोर्ट के आदेश के बाद खुशी मनाते पाकिस्तान की तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के कार्यकर्ता। ● एजेंसी

अदालत ने मेडिकल बोर्ड के गठन और धार्मिक विद्वानों से परामर्श की मांग करने वाली याचिकाओं को भी खारिज कर दिया। आज के फैसले ने खान को जेल में रखने वाली आखिरी मौजूदा कानूनी बाधा को दूर कर दिया है। दो तोशाखाना मामलों में उनकी सजा निलंबित कर दी गई, जबकि सिफर मामले में उन्हें इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने बरी कर दिया। नौ मई, 2023 की घटनाओं के बाद से उनके खिलाफ दर्ज कई अन्य मामलों में भी विभिन्न अदालतों ने उन्हें बरी कर दिया है। अदालत के फैसले के बाद पीटीआई के चेयरमैन बैरिस्टर गौहर खान ने मीडिया से कहा कि सजा का उद्देश्य खान को समझौता करने के लिए मजबूर करना था।

# इजराइल में वेस्ट नाइल बुखार से अब तक 31 की मौत

**यरूशलम।** इजराइल में मई की शुरुआत में वेस्ट नाइल बुखार फैलने के बाद से शुक्रवार को 12 नई मौतों की पुष्टि के साथ मौत का आंकड़ा 31 हो गया है। यह जानकारी स्वास्थ्य अधिकारियों ने दी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में 49 नए संक्रमण की सूचना दी, जिससे देश में संक्रमित लोगों की कुल संख्या 405 हो गई, जो वर्ष 2000 में 425 की वार्षिक रिकॉर्ड के समीप है।

मंत्रालय ने इस वायरस के लिए मच्छरों के लिए अनुकूल गर्म और अधिक आर्द्र मौसम को जिम्मेदार ठहराया, जो मच्छरों के काटने से पक्षियों में और पक्षियों से मनुष्यों तक पहुंचाता है। इजराइल की समाचार वेबसाइट वाईनेट ने कहा कि अधिकांश संक्रमित 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोग हैं, हालांकि बच्चों में भी वायरस का पता चला है। अधिकांश संक्रमणों में हल्के सर्दी के लक्षण दिखाई नहीं देते हैं, लेकिन कभी-कभी, कुछ लोगों में केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करने वाली गंभीर बीमारियां विकसित हो जाती हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में, इज़राइल के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, तामीर गोशेन ने समाचार वेबसाइट को जानकारी दिया कि पिछले दो महीनों में 159 पक्षी वायरस से संक्रमित पाए गए।

# दक्षिणी गाजा में हमला 90 लोगों की गई जान

**खान यूनिस, एजेंसी**

● हमास के एक सैन्य कमांडर को निशाना बनाने के लिए इजराइल ने किया था हमला

इजराइल ने शनिवार को कहा कि उसने दक्षिणी गाजा पट्टी में एक बड़े हमले में हमास के एक सैन्य कमांडर को निशाना बनाया। हालांकि स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है इस हमले में बच्चों सहित कम से कम 90 लोग मारे गए हैं। हमास ने इजराइल के इस दावे को खारिज कर दिया कि उसका सैन्य कमांडर मोहम्मद दीफ उस क्षेत्र में था, जहां इजराइली हमला हुआ।

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संवाददाताओं से कहा कि यह अभी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है कि दीफ और हमास के दूसरे कमांडर राफा सलामा की इस हमले में मौत हो गई है। यह हमला उस क्षेत्र में हुआ जिसे सेना ने हज़ारों फलस्तीनियों के लिए सुरक्षित घोषित किया था। मोहम्मद दीफ के बारे में कई लोगों का मानना है कि वह सात अक्टूबर के हमले का मुख्य साजिशकर्ता था। उक्त हमले में दक्षिणी इजराइल में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे जिसके बाद इजराइल-हमास युद्ध शुरू हो गया था। दीफ कई वर्षों से इजराइल की अति वांछित सूची में सबसे ऊपर है और माना जाता है कि वह अतीत में कई इजराइली हमलों में बच निकला है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमले में कम से कम 90 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

## वरिष्ठ हमास कमांडर को मार गिराया

**गाजा।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि इजरायल पर गत वर्ष सात अक्टूबर के हमले की साजिश में शामिल हमास के एक वरिष्ठ कमांडर को हाल ही में गाजा शहर पर हुए हवाई हमले में मारा गया। आईडीएफ ने अपने बयान में कहा कि हमास का उप कमांडर अयमान शोवादेह , वर्तमान में शेजैया बटालियन और पूर्व में हमास के संचालन मुख्यालय में एक प्रमुख संचालक मारा गया। सूत्रों के मुताबिक आईडीएफ सैनिकों पर शोवादेह ने कई हमले किए थे। इजरायली सेना ने शेजैया शहर में दो सप्ताह में सक्रिय आतंकवादियों और उनके बुनियादि ढांचे को खत्म करने का काम किया। बुधवार को आईडीएफ ने शेजैया मिशन समाप्त करने की घोषणा की।

# गुरुद्वारा में हमले में एक किशोर को आरोपी बनाया गया

**लंदन।** ब्रिटेन में एक गुरुद्वारा में धारदार हथियार से किये गये हमले में दो महिलाओं के घायल होने के बाद गिरफ्तार 17 वर्षीय लड़के पर शनिवार को विभिन्न आरोप लगाए गए। किशोर के खिलाफ हमला करने और जान से मारने की धमकी देने जैसे आरोप लगाये गये हैं।

केंट एवं एसेक्स गंभीर अपराध निदेशालय के जांचकर्ताओं ने लड़के पर गुरुवार शाम की उस घटना के लिए आरोप लगाया है जिसे स्थानीय पुलिस दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के ग्रेवसेंड में स्थित श्री गुरु नानक दरबार गुरुद्वारे में अशांति के रूप में संदर्भित कर रही है। नाबालिग होने के कारण लड़के के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। भारत के बाहर सबसे बड़े गुरुद्वारों में से एक इस गुरुद्वारा की ओर से कहा गया है कि वह जांच में सहयोग कर रहा है और घटना के समय गुरु ग्रंथ साहिब जी दरबार हॉल में नहीं थे।

केंट पुलिस ने एक बयान में कहा, शनिवार को केंट एवं एसेक्स गंभीर अपराध निदेशालय के जांचकर्ताओं ने 17 वर्षीय एक लड़के पर हिंसा करने, जान से मारने की धमकी देने, धारदार हथियार से किसी व्यक्ति को धमकाने और सार्वजनिक स्थान पर धारदार वस्तु रखने का आरोप लगाया।

# मध्य नाइजीरिया में स्कूल की इमारत ढही 22 लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य पठारी राज्य में शुक्रवार को दो मंजिला स्कूल की इमारत गिरने से कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और 132 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। जोस शहर में एक प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय, निजी स्वामित्व वाली सेंट अकादमी की इमारत उस समय ढह गई जब छात्र शुक्रवार सुबह एक प्रचार परीक्षा दे रहे थे। इमारत में कई कक्षाएँ और कार्यालय थे। पठारी राज्य में सूचना एवं संचार आयुक्त मूसा अशोम्स ने कहा कि बचाव दल ने शुक्रवार शाम तक कुल 154 लोगों को मलबे से बाहर निकाला, जिनमें 22 मृत शव और 132 लोग शामिल थे, जिनमें से छह की हालत गंभीर थी। पठारी गवर्नर कालेब मुतफवांग ने इस घटना को राज्य के लिए एक दुखद और एक बड़ी क्षति बताया।

# नेताओं ने घरों में नजरबंद किए जाने का दावा किया

**श्रीनगर, एजेंसी**

● पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती समेत कई नेताओं का दावा- शहीदों को श्रद्धांजलि देने नहीं जाने दिया

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने शनिवार को मुख्यधारा के राजनीतिक दलों की 1931 में आज ही के दिन एक डोगरा शासक की सेना द्वारा मारे गए 22 कश्मीरी लोगों को श्रद्धांजलि देने की योजना को विफल कर दिया। प्रशासन ने उन्हें मार्च निकालने से रोक दिया और नेताओं को नजरबंद कर दिया।

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती समेत कई नेताओं ने दावा किया कि प्रशासन ने उन्हें घरों में नजरबंद कर दिया और शहीदों की मजार पर श्रद्धांजलि देने नहीं जाने दिया। इन नेताओं के दावों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा ने आरोप लगाया कि श्रीनगर के बाहरी इलाके खिम्बेर में उन्हें उनके घर में नजरबंद कर दिया गया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मेरे घर के द्वार एक बार फिर बंद कर दिए गए हैं, ताकि मैं मजार-ए-शुहादा पर न जा सकूँ - जो निरंकुशवाद, दमन और अन्याय के खिलाफ कश्मीर के प्रतिरोध का एक स्थायी प्रतीक है। पीडीपी प्रमुख ने कहा, हमारे शहीदों का बलिदान इस बात का प्रमाण है कि कश्मीरियों के जज्बे को कुचला नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा, आज ही के दिन शहीद हुए प्रदर्शनकारियों की शहादत की याद करना भी आज अपराध बन गया है। उन्होंने कहा, पांच अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर को विखंडित कर दिया गया, शक्तिहीन कर दिया गया और वह सब कुछ छीन लिया गया, जो हमारे लिए पवित्र था। उनका हमारी प्रत्येक सामूहिक स्मृति को मिटाने का इरादा है।

# नेपाल भूस्खलनः एक भारतीय समेत तीन के शव बरामद

**काठमांडू।** नेपाल में शुक्रवार तड़के भूस्खलन की चपेट में आकर दो बसों के उफनती नदी में बहने के बाद शनिवार को 40 वर्षीय एक भारतीय नागरिक समेत तीन लोगों के शव बरामद किये गये। दोनों बसों में सात भारतीय नागरिकों समेत 50 से अधिक लोग सवार थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नेपाल के चितवन जिले के सिमलताल इलाके में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर सात भारतीयों सहित 54 यात्रियों को लेकर जा रही दो बसें भूस्खलन की चपेट में आने के बाद उफनती त्रिशूली नदी में बह गई थीं। इनमें से तीन यात्री तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए थे। पुलिस ने बताया कि दुर्घटनास्थल से 50 किलोमीटर दूर से पहला शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान भारतीय नागरिक ऋषि पाल शाही के रूप में हुई है।

# ओली बनेंगे नेपाल के प्रधानमंत्री

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल के नए प्रधानमंत्री बनने जा रहे के पी शर्मा ओली ने अपने गठबंधन सहयोगी नेपाली कांग्रेस के साथ नयी गठबंधन सरकार में शामिल किए जाने वाले मंत्रियों की सूची तैयार करने को लेकर शनिवार को विचार विमर्श किया। नयी गठबंधन सरकार के सोमवार को शपथ लेने की संभावना है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल रविवार दोपहर तक ओली (72) को नेपाली कांग्रेस-सीपीएन (यूएमएल) गठबंधन का नया प्रधानमंत्री नियुक्त कर सकते हैं। नेपाली कांग्रेस और यूएमएल के करीबी सूत्रों ने बताया, राष्ट्रपति सोमवार सुबह नए प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों को शपथ दिला सकते हैं। शपथ ग्रहण समारोह शुरू होने से पहले सोमवार को एक छोटे मंत्रिमंडल की घोषणा होने की संभावना है।

नेपाल में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच, नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष ओली (72) का एक बार फिर प्रधानमंत्री बनना तय है, क्योंकि मौजूदा प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड शुक्रवार को संसद में विश्वास मत हासिल करने में असफल रहे। शुक्रवार देर रात ओली ने शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली पार्टी नेपाली कांग्रेस (एनसी) के समर्थन से अगला प्रधानमंत्री बनने का दावा पेश किया था और संविधान के अनुच्छेद 76-2 के तहत सरकार बनाने के लिए प्रतिनिधि सभा के 165 सदस्यों के हस्ताक्षर सौंपे थे। इन सांसदों में ओली की पार्टी के 77 और नेपाली कांग्रेस के 88 सांसद शामिल हैं।



● निवर्तमान प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल की सरकार ने शुक्रवार को संसद का विश्वास मत खो दिया

ओली के एक करीबी सूत्र ने बताया कि कुल 21 मंत्रालयों में से नेपाली कांग्रेस को नौ मंत्रालय और सीपीएन-यूएमएल को आठ मंत्रालय मिलेंगे, साथ ही प्रधानमंत्री का पद भी मिलेगा।

सूत्र ने बताया, गृह, विदेश, वित्त और ऊर्जा जैसे प्रमुख पदों को एनसी और यूएमएल के बीच बांटा जाएगा। नेपाली कांग्रेस को गृह मंत्रालय मिलने की संभावना है, जबकि वित्त मंत्रालय यूएमएल को मिलेगा। इससे पहले, शनिवार को सीपीएन-यूएमएल ने भविष्य की रणनीति पर चर्चा करने और नए मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की। हालांकि, पार्टी के वरिष्ठ नेता और स्थायी समिति के सदस्य राजन भट्टराई के अनुसार, शुरुआत में एक छोटा मंत्रिमंडल होगा।

# आईएएस पूजा खेडकर की मां को नगर निगम का नोटिस

**पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी**

● सात दिनों के भीतर उनके बंगले की चारदीवारी के पास बने अनधिकृत ढांचे को हटाने का निर्देश दिया गया

पुणे नगर निगम ने विवादों में घिरीं परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को एक नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर उनके बंगले की चारदीवारी के पास बने अनधिकृत ढांचे को हटाने का शनिवार को निर्देश दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने आईएएस प्रशिक्षु पूजा के माता-पिता मनोरमा और दिलीप खेडकर के अलावा पांच अन्य के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की है। कुछ दिन पहले ही एक वीडियो सामने आया था जिसमें मनोरमा भूमि विवाद को लेकर कुछ लोगों को कथित तौर पर बंदूक से धमकाती नजर आ रही थीं। वर्ष 2023 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी खेडकर परिवीक्षाधीन हैं और वर्तमान में अपने गृह कैडर महाराष्ट्र में तैनात हैं। खेडकर (34) पर भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल होने के लिए शारीरिक दिव्यांगता श्रेणी और अन्य पिछड़ा वर्ग कोटा के तहत लाभों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है। शनिवार शाम को पुणे नगर निगम के अधिकारियों ने शहर के बाणेर रोड स्थित ओम दीप बंगले पर मनोरमा खेडकर को नोटिस थमाने की कोशिश की, लेकिन घंटी बजाने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। बंगले के मुख्य द्वार पर नोटिस चिपका दिया है।

खगोल विज्ञान

आसमान में विचर रहा एक धूमकेतु इन दिनों खगोलविदों के आकर्षण का केंद्र बना

# अधर में लटका ए3 त्सुचिंशान एटलस का भविष्य

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** आसमान में विचर रहा एक धूमकेतु इन दिनों खगोलविदों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यह धूमकेतु बिखर जाएगा या फिर आसमान में अपनी छटा बिखेरेगा, कहा जाना निश्चित नहीं है। इस धूमकेतु की खोज पिछले साल हुई। इसका नाम ए3 त्सुचिंशान एटलस है।

धूमकेतु हमारे सौरमंडल के रोमांचक पिंडों में शुमार हैं, जो एक लंबी पूंछ बनाते हैं और हमारी धरती के करीब से होकर गुजर जाते हैं। इनकी चमक खूबसूरत होती है और सूर्य की परिक्रमा कर वापस अपने गंतव्य को लौट जाते हैं। इन दिनों धूमकेतु ए3 त्सुचिनशान एटलस हमारे करीब पहुंचने वाला है। खास बात यह है कि इसकी आगे की यात्रा का रास्ता शायद खुला नहीं है। जिस कारण आशंका जताई जा रही है कि यह अपरिहार्य कारणों से बिखर चुका है और ब्रह्मांड के अंधियारे में आगे बढ़ रहा है। मगर बड़ी बात यह भी कही जा रही है कि यदि यह सुरक्षित आगे बढ़ा तो इस वर्ष का सर्वाधिक चमकदार धूमकेतु बनेगा।



ए3 त्सुचिंशान एटलस।

बहरहाल खगोलीय रहस्यों में रुचि रखने वाले दुनियाभर के लोग इस धूमकेतु के नग्न आंखों से दिखाई देने का इंतजार कर रहे हैं। 2023 की शुरुआत में इसकी खोज हुई थी। अक्टूबर 2024 में पृथ्वी व सूर्य के नजदीक पहुंचेगा। फिलहाल आंतरिक सौर मंडल के करीब आ रहा है। पिछले तीन महीनों के दौरान इसकी चमक में वृद्धि नहीं देखी गई है। मगर नए अध्ययन से पता चला है कि इसका केंद्र खंडित हो रहा है। यह अध्ययन चेक अमेरिकी खगोलशास्त्री और नासा की जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला के धूमकेतु विशेषज्ञ ज़ेडेनेक सेकनिना ने किया है।

## दूरबीन से देखा जा सकता है धूमकेतु

खगोल के प्रति रुचि रखने वालों का कहना है कि यह धूमकेतु बड़ी चुनौती है। इसकी तस्वीर ले पाना आसान नहीं होगा। इसकी पहचान कर पाना भी मुश्किलों भरा होगा। इसका अध्ययन कर रहे नासा समेत कई अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों के खगोल वैज्ञानिकों के लिए भी इसके रहस्य उजागर कर पाना बड़ा इतिहास बनेगा। एक छोटी दूरबीन के सहारे इसे देखा जा सकता है।

# यूक्रेन के ड्रोन हमले में रूसी तेल डिपो में आग लगी

**कीव, एजेंसी**

● खेरसॉन क्षेत्र में गोलाबारी में तीन लोगों की गई जान

यूक्रेन के खेरसॉन क्षेत्र में रूस की गोलाबारी में शनिवार को तीन लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने यहां दी। इस बीच, शुक्रवार एवं शनिवार की दरमियानी रात रूस और यूक्रेन के बीच लगातार ड्रोन हमले हुए। आंशिक रूप से कब्जे वाले खेरसॉन प्रांत के गवर्नर अलेक्सांद्र प्रोकुडिन ने बताया कि इसकी राजधानी के करीब हुए हमले में दो लोगों की मौत हो गयी और दो घायल हो गए। यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी खारकीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव के अनुसार, शनिवार दोपहर एक और व्यक्ति की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए।

यूक्रेनी सेना ने शनिवार तड़के रूस के दक्षिण-पश्चिमी रोस्तोव क्षेत्र स्थित त्सिमल्यांस्की जिले में एक तेल डिपो को निशाना बनाया। ड्रोन हमले में रूस के रोस्तोव इलाके में स्थित एक तेल डिपो में आग लग गई। यह सीमावर्ती क्षेत्र पर कीव की सेना द्वारा किया गया नवीनतम लंबी दूरी का हमला है। यूक्रेन ने हाल के महीनों में क्रेमलिन के युद्ध तंत्र को कुंद करने के प्रयास में विभिन्न रिफाइनरी और तेल टर्मिनल को निशाना बनाते हुए रूसी धरती पर हवाई हमले बढ़ा दिए हैं। रूसी सेना पूर्वी यूक्रेन में अग्रिम पंक्ति पर कड़ी मेहनत कर रही है, जहां युद्ध के तीसरे वर्ष में सैनिकों और गोला-बारूद की कमी के कारण यूक्रेनी सैनिक कमजोर हुए हैं।